सेंसेक्स 73,128.77 ▲ -199.16
डॉलर 83.071 ▼ +0.214

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	23.0	13.0	15.0
धनबाद	22.0	15.0	16.0
जमशेदपुर	29.0	17.0	19.0
पलामू	23.0	13.0	14.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 17 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 92, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | रामभद्राचार्य श्रीराम के अद्भुत शिल्पकार व व्याख्याकार ...8 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | राष्ट्रीय पुरस्कार मेरे लिए एक सपने के सच ...10 | देश/विदेश

ईडी ने चेतावनी समझने में देर की तो गंभीर परिणाम होंगे : सुप्रीयो

ईडी के नाम पर डराया जा रहा है, हम लड़नेवाले लोग हैं, डरेंगे नहीं

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झामुमो ने ईडी की कार्रवाई को एक बार फिर राजनीति से प्रेरित करार दिया है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को ईडी की कार्रवाई पर रोष जताते हुए कहा कि इससे राज्य की जनता में आक्रोश है। ईडी ने अगर चेतावनी को समझने में देर की तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने ईडी की कार्रवाई पर सवाल भी उठाए। कहा कि चुनावी वर्ष में अभी का समय काफी महत्वपूर्ण है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वर्ष 2024 चुनाव का साल है, तीन से छह माह तक का समय हर राजनीतिक दल के लिए महत्वपूर्ण है। कहा कि मई के अंत तक नयी लोकसभा का गठन हो जायेगा। मार्च के दूसरे सप्ताह के बाद मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू होगा। उसके बाद तिथियों की घोषणा होगी। इस दौरान सभी दल, अपने द्वारा किये गये कार्यों का प्रचार प्रसार करेंगे। इसे प्रभावित करने और डराने का काम किया जा रहा है। ईडी के नाम पर डराया जा रहा है, मगर हमलोग डरनेवाले नहीं है, लड़ने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को केंद्रीय एजेंसियां के माध्यम से डराने का काम किया जा रहा है। आरोप लगाया कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद ईडी की कार्रवाई चलती रही, जिसका फायद बीजेपी को मिला।

ईडी की कार्रवाई राज्य सरकार को परेशान करने के लिए की जा रही है : उन्होंने कहा कि ईडी के माध्यम से झारखंड में भी ऐसा ही करने का प्रयास चल रहा है, मगर यहां यह सब नहीं चलेगा। हम लड़नेवाले लोग हैं। जनता को सब पता है। ईडी के समन और नोटिस की जानकारी कैसे सार्वजनिक हो जाती है, जबकि किसी माध्यम से यह जानकारी पब्लिक डोमेन में नहीं डाली जाती है। इससे तो यही जाहिर होता है कि ईडी की कार्रवाई राज्य सरकार को परेशान करने के लिए की जा रही है। सुप्रियो ने कहा कि ईडी के खिलाफ राजनीतिक लड़ाई लड़ने को विवश किया जा रहा है।

न हेमंत झुके हैं, न झामुमो झुकेगा : विजस हांसदा

ईडी की कार्रवाई के खिलाफ झामुमो की रैली व प्रदर्शन, आज साहिबगंज बंद

साहिबगंज। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी से मिल रहे के लगातार समन के विरोध में मंगलवार को झामुमो ने रैली निकाली और प्रदर्शन किया। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता हेमलाल मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार जनता की चुनी हुई हेमंत सोरेन की सरकार को अस्थिर करने में लगी है। झामुमो इसका विरोध करेगी। हेमलाल ने घोषणा किया कि बुधवार को साहिबगंज जिला में शांतिपूर्ण बंद और रेल चक्का जाम भी किया जाएगा। वहीं राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करना चाह रही है। झामुमो इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्र सरकार होश में आये, नहीं तो पत्थर व कोयला बंद हुआ तो पूरे देश में हाहाकार मच जाएगा। केंद्र सरकार इस बात को समझ जाए कि न हेमंत झुके हैं, न झामुमो झुकेगा।

हेमंत सोरेन की अकड़ हुई कम : बाबूलाल मरांडी

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी को उनसे पूछताछ करने की इजाजत दे दी है। सीएम सोरेन ने ईडी को सूचित किया है वह 20 जनवरी को सीएम आवास पर आकर उनसे पूछताछ कर सकती है। इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन पर तंज कसा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सोरेन की अकड़ कम होती नजर आ रही है। शायद उन्हें किसी ने समझाया होगा कि वह गलत रास्ते पर चल रहे हैं इसलिए आखिरकार उन्होंने ईडी को पूछताछ के लिए अपने घर बुलाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश का कानून सबके लिए एक है। ईडी कानून के तहत ही पूछताछ करती है। जांच एजेंसी को कहीं गड़बड़ी दिखेगी तो वह पूछताछ या जांच कर सकती है। झारखंड कोई अलग देश नहीं है इसलिए पार्लियामेंट से पास कानून वहां भी समान रूप से लागू होता है।

तृणमूल नेता के दफ्तर पर छापेमारी के दौरान बांग्लादेशी मुद्रा की बरामद

कोलकाता (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आध्या से जुड़ी एक विदेशी मुद्रा विनिमय लेनदेन इकाई से भारी मात्रा में बांग्लादेशी मुद्रा बरामद की है। आध्या फिलहाल पश्चिम बंगाल में राशन वितरण मामले में कथित संलिप्तता को लेकर ईडी की हिरासत में हैं। सूत्रों ने बताया कि कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके में स्थित उस कार्यालय से कुल 6,00,000 बांग्लादेशी टका बरामद किए गए, जिनकी भारतीय मुद्रा में कीमत 4,50,000 रुपये से कुछ अधिक होगी। सूत्रों ने आगे कहा कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों का मानना है कि इस बरामद मुद्रा का राशन वितरण मामले की आय से कुछ तो संबंध है। बरामद की गई इस विदेशी मुद्रा के स्रोत का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी के ठिकानों पर ईडी का छापा

जयपुर (एजेंसी)। जल जीवन मिशन घोटाले के संबंध में मंगलवार को पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई की। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री जोशी के दो आवासों, जलदाय विभाग के दो ठेकेदारों और दो अधिकारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। इस घोटाले पर पिछले छह महीने से ईडी की टीमें जांच कर रही हैं। जयपुर, दिल्ली और गुजरात की दस टीमों ने मंगलवार सुबह छह बजे पांच लोगों के ठिकानों पर दबिश दी। ईडी की कार्रवाई जयपुर और बांसवाड़ा समेत कई इलाकों में चल रही है।

पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,520

चांदी (किलो) 72,430

एक नजर

पलामू में जानलेवा हुई ठंड, एक की मौत

पांच डिग्री से नीचे पहुंचा न्यूनतम तापमान

मेदिनीनगर। पलामू में पड़ रहे कड़ाके की ठंड जानलेवा रुख अखितयार कर ली है। मंगलवार को ठंड लगने से जहां एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री पहुंच जाने से नागरिकों के होश उड़ गये हैं। मृतक सोमवार को जिला मुख्यालय से सेट चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा में मेला देखने आया था। इसी दौरान ठंड लग जाने से उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। मंगलवार को एमएमसीएच में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

ईडी ने कोयला कारोबारी इजहार को किया गिरफ्तार

हजारीबाग/रांची। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की टीम ने मंगलवार को हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र के पुराने कोयला कारोबारी इजहार अंसारी के घर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्हें शाम छह बजे गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा कि टीम कोयला से जुड़े फाइलों को खंगाल रही है और संपत्ति की जांच कर रही है। इसके अलावा भी हजारीबाग में दो स्थानों पर टीम पहुंची है।

पश्चिम सिंहभूम में पांच किलो का आईईडी बरामद

पश्चिम सिंहभूम। जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में मंगलवार को गोइलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम लेमसाडीह और बामियाबुरु जंगली इलाकों में सुरक्षाबलों ने एक पांच किलो का आईईडी बरामद किया। बाद में बम को उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से नष्ट कर दिया गया। कोल्हान जंगल में बड़े माओवादी नेता सक्रिय हैं, जिनकी तलाश में सुरक्षाबल के जवान लगातार अभियान चला रहे हैं। माओवादी पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी प्लांट कर रहे हैं लेकिन सुरक्षाबल के जवान हर बार नक्सलियों को मात दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने एनएसीआईएन के नए परिसर का किया उद्घाटन

देश में व्यापार को आसान बनाने वाला इकोसिस्टम होगा तैयार : पीएम मोदी

आंध्र प्रदेश (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के पलासमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, एनएसीआईएन की भूमिका देश को एक आधुनिक इकोसिस्टम देने की है। एक ऐसा इकोसिस्टम जो देश में व्यापार को आसान बना सके, जो भारत को वैश्विक व्यापार का अहम पार्टनर बनाने के लिए मैत्रीपूर्ण माहौल बना सके, जो टैक्स, सीमा शुल्क, नशीले पदार्थ, जैसे विषयों के माध्यम से देश में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा दें। प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश में नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि हमारी सरकार के पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, जिस देश में दशकों तक गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते रहे, उस देश में सिर्फ 9 वर्ष में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कर प्रणाली में बहुत बड़े सुधार किए, जिसके परिणामस्वरूप रिकॉर्ड कर संग्रह हुआ है। उन्होंने कहा, पहले देश में भांति-भांति की टैक्स व्यवस्थाएं थीं, जो सामान्य नागरिक को जल्दी समझ में नहीं आती थीं। पारदर्शिता के अभाव में ईमानदार करदाता को, व्यापार से जुड़े लोगों को परेशान किया जाता था। हमने जीएसटी के रूप में देश को एक आधुनिक व्यवस्था दी। उन्होंने आगे कहा, सरकार ने आयकर प्रणाली को भी आसान बनाया। हमने देश में फेसलेस कर निर्धारण प्रणाली को शुरू किया। इन सारे सुधारों के कारण आज देश में रिकॉर्ड कर संग्रह हो रहा है। प्रधानमंत्री ने अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मेरा 11 दिवसीय उपवास अनुष्ठान चल रहा है।

पहले मुकाबले में अमेरिका से हारने के बाद भारतीय टीम ने की जबर्दस्त वापसी

इटली को 5-1 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

गुरुवार को सेमीफाइनल में भारत की भिड़ंत जर्मनी से

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में चल रहे एफआईएच महिला हॉकी क्वालीफायर में इटली पर 5-1 की धमाकेदार जीत दर्ज कर भारत ने शान से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब भारत का मुकाबला गुरुवार को जर्मनी से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में जापान की भिड़ंत अमेरिका से होगी। भारत ने मैच के पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और उदिता ने उसे गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। भारत की बेटियों ने आज कमाल का प्रदर्शन किया और अधिकतर समय गेंद अपने कब्जे में रखी। भारत ने इटली को एक भी पेनल्टी कॉर्नर बनाने का मौका नहीं दिया। अपने पहले मुकाबले में अमेरिका ने 1-0 से हारने के बाद भारतीय टीम ने जबर्दस्त वापसी की। इसके बाद भारत ने अपने से काफी मजबूत टीम न्यूजीलैंड को 3-1 से पटखनी दी थी। अब आखिरी मुकाबले में इटली को हराकर टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। मंगलवार को हुए चार मुकाबले में चार सेमीफाइनलिस्ट तय हो गए। सेमीफाइनल में भारत अब जर्मनी से भिड़ेगा, जबकि जापान का मुकाबला अमेरिका से होगा।

सलिमा टेटे ने दागा शानदार फिल्ड गोल

भारत की ओर से पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिलने पर उदिता ने उसे गोल में बदल दी। दूसरा गोल दीपिका ने 41वें मिनट में कर भारत की बढ़त को दोगुनी कर दी। यह पेनाल्टी शूटआउट था। झारखंड की बेटी सलीमा टेटे ने मैच के 45वें मिनट में एक शानदार फिल्ड गोल कर भारत की बढ़त को 3 तक पहुंचा दिया। भारत के लिए आखिरी क्वार्टर में चौथा गोल नवनीत कौर ने किया। उन्होंने 53वें मिनट में काफी शानदार ढंग से फिल्ड गोल दागा। पेनल्टी कॉर्नर को फिर उदिता ने पांचवा गोल के रूप में दाग कर भारत का स्कोर 5-1 कर दिया।

इंडिया

आदतें जो हमें इंसान या हैवान बनाती हैं

सुनील बादल

अक्सर कहा जाता है कि एक अच्छे या सफल मनुष्य की आदतें उसे अच्छा बनाती हैं और एक बुरे आदमी की आदत उसे बुरा बना देती है। एक ऋषि की कथा हम सभी ने पढ़ी थी कि नहाते समय ऋषि को तेज बहाव में बहता एक बिच्छू मिलता है जिसे ऋषि यह सोचकर उठा लेते हैं कि छोड़ देने पर वह निश्चित रूप से मर जाएगा पर उठाते ही बिच्छू उन्हें डंक मारता है और असह्य पीड़ा से वह उसे छोड़ देते हैं जिससे वह पानी में गिर जाता है। ऐसा कई बार होता है पर ऋषि उसे छोडते नहीं। किसी के पूछने पर कि आप उस दुष्ट बिच्छू को क्यों बचा रहे हैं जो बार आपको डंक मारता है? ऋषि ने कहा कि वह उसकी आदत है और यह मेरा स्वभाव है कि मैं उसे बचाऊँ। आदत निर्माण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यवहार स्वचालित हो जाते हैं। आदतें किसी व्यक्ति द्वारा उन्हें हासिल करने की इच्छा के बिना भी बन सकती हैं, लेकिन किसी के व्यक्तिगत लक्ष्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए उन्हें जानबूझकर विकसित भी किया जा सकता है - या समाप्त किया जा सकता है । जब लोग दुनिया में भ्रमण करते हैं तो उनमें अनगिनत आदतें विकसित हो जाती हैं, भले ही वे उनके बारे में जानते हों या नहीं। इन व्यवहारों की सहज प्रकृति लोगों को दिनचर्या में उनकी आवश्यकताओं को अधिक कुशलता से पूरा करने में मदद कर सकती है। फिर भी तथ्य यह है कि आदतें हमारे दिमाग में गहराई से बैठ जाती हैं, इसका मतलब यह है कि भले ही कोई विशेष आदत हल होने की तुलना में अधिक समस्याएं पैदा करती है, लेकिन इसे तोड़ना मुश्किल हो सकता है। शुरूआत में आदतें कैसे आकार लेती हैं, यह समझना उन्हें खत्म करने और बदलने में मददगार हो सकता है।

आदतें हानिकारक या स्वास्थ्य-वर्धक हो सकती हैं। जागने के बाद सहज रूप से सिगरेट - या विशेष संकेतों से जुड़ी कोई भी दवा - एक आदत है। तो हर दिन घर पहुंचने के बाद जूतों को उचित स्थान पर रखना या गाड़ी चलते समय सोचे बिना अपनी सीट बेल्ट बांधना भी शामिल है। मनुष्यों की आदतें क्यों होती हैं? लोगों के आदतों का गुलाम बनने एक संभावित

कारण यह है कि आदतें कुशल होती हैं: लोग क्या करना है इसके बारे में विचार-विमर्श किए बिना समय और ऊर्जा बर्बाद किए बिना उपयोगी व्यवहार कर सकते हैं। हालाँकि, त्वरित और कुशल प्रतिक्रियाओं की यह प्रवृत्ति उल्टी भी पड़ सकती है - जैसे कि जब यह नशे की लत वाली दवाओं के उपयोग या अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन से हाईजैक हो जाती है।आदतें ही हमारी जिंदगी को निर्धारित करती हैं। हम तय समय पर सुबह उठते हैं, ब्रश करते हैं, चाय पीते हैं और फिर काम पर निकलते हैं। ये सब आदतें ही तो हैं। फिर एक नई स्वस्थ आदत डालने में परेशानी कहां आती है? व्यवहार वैज्ञानिकों के अनुसार हम गलत तरह से स्वस्थ आदत बनाने की कोशिश करते हैं। वजन कम करने के लिए हम कसरत करने का संकल्प गलत तरह से लेते हैं। बड़े संकल्पों को लेने से पहले सफलता के लिए खुद को तैयार करने की भी जरूरत होती है। लेकिन हम इस पर ध्यान नहीं देते। एक्सपर्ट बताते हैं कि नई आदतों की शुरूआत का सबसे बेहतर तरीका है कि उन्हें मौजूदा आदतों में जोड़ दिया जाए। आपको अपनी जिंदगी के पैटर्न में झांक कर देखना होगा कि सकारात्मक आदतें विकसित करने के लिए आप किन मौजूदा आदतों का उपयोग कर सकते हैं।ज्यादातर लोगों के लिए सुबह की दिनचर्या सबसे प्रभावी होती है, इसलिए यह नई आदत शुरू करने का एक सुअवसर पैदा कर सकती है। जैसे सुबह की एक कप चाय, पांच मिनट के ध्यान के अभ्यास की शुरूआत कर सकती है। ब्रश करते वक्त आप संतुलन का अभ्यास करने के लिए एक पैर पर खड़ा होना चुन सकते हैं। कई लोग शाम में सोफे पर लेटकर टीवी देखना पसंद करते हैं। ये प्रतिदिन योग करने का अच्छा समय हो सकता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता और टाइनी हैबिट्स पुस्तक के लेखक बीजे फॉग कहते हैं कि व्यवहार में बड़े परिवर्तन लाने के लिए उच्च स्तर की प्रेरणा की जरूरत होती है, जिसे अक्सर कायम नहीं रखा जा पाता है। इसलिए वह नई आदत को यथासंभव आसान बनाने के लिए छोटी-छोटी आदतों से शुरूआत करने का सुझाव देते हैं। जैसे, रोजाना थोड़ी देर टहलना व्यायाम की आदत की शुरूआत हो सकता है या हर दिन अपने बैग में एक सेब रखने से खाने की आदतें बेहतर हो सकती हैं।

मुख्यमंत्री से मिले कोयला मंत्रालय के अपर सचिव एम नागराजू

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कोयला मंत्रालय के अपर सचिव एम नागराजू और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सीसीएल के साथ टीवीएनएल के विस्तार पर चर्चा हुई। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे भी इस मौके पर मौजूद थे।

एक नजर

नगर पंचायत में विकसित भारत कार्यक्रम

हुसैनाबाद। हमारा संकल्प, विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शहर के टाउन हॉल में हुसैनाबाद नगर पंचायत के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र प्रायोजित योजना शहरी आवास, प्रधानमंत्री स्वनिधि,स्वच्छता मिशन आदि के विषय में जानकारी दी गई। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने भारत सरकार व पीएम मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर नपं के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

उर्दू विद्यालय में लगे चापानल का ताला खुलवाया

सतबरवा। राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय के चापाकल में कई दिनों से लगे ताला को उप मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष अर्चना कुमारी , सामाजिक कार्यकर्ता रौशन कुमार उर्फ बिट्टू एवं एचएम शबनम आरा के अथक प्रयास से खुलवाया गया। रौशन कुमार व एचएम शबनम आरा ने बताया कि सतबरवा के कई चापाकल कई दिनों से खराब पड़े हैं। कई बार पीएचईडी विभाग को जानकारी देने के बाद भी कोई पहल नहीं की गयी। पानी की किल्लत को देखते हुए ग्रामीणों ने अपने स्तर से चापाकल बनवाकर उसमें ताला लगा दिया था।

जपला-नबीनगर मुख्य पथ का शिलान्यास, नागरिकों में हर्ष

49 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी सड़क

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण जपला-नबीनगर मुख्य पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। पीडब्ल्यूडी के द्वारा 15 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 49 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। इस पथ की चौड़ाई 5.50 मीटर होगी। जबकि सड़क निर्माण कार्य 18 महीना में पूरा करने का लक्ष्य है। इससे लोगों को आनेजाने में जहां सहूलियत होगी वहीं समय की भी बचत होगी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि काफी प्रयास के बाद झारखंड सरकार ने जपला नबीनगर मुख्य पथ के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण को स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की करीब सभी महत्वपूर्ण सड़कों को दुरुस्त कर दिया गया है। कुछ ग्रामीण सड़कों की निविदा निकल चुकी है। वर्ष 2024 में सभी सड़कों को दुरुस्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य सड़कों का भी शिलान्यास कर कार्य शुरू कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि इस सड़क के निर्माण हो जाने से अनुमंडल क्षेत्र के अलावा बिहार के औरंगाबाद जिला के लोगों को भी इससे लाभ होगा। विधायक ने विरोधियों पर प्रहार करते हुए कहा कि अब भी जिन्हे विकास नहीं दिख रहा है,वह अपनी आंखों का ऑपरेशन करा लें। उपस्थित लोगों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक का आभार जताया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, गुड्डू सिंह,रविन्द्र कुमार कांस्यकार ,जिशान हसन,पप्पू सिंह, विनय पासवान,रतन लाल, सत्येंद्र सिंह, अभियंता पवन अग्रवाल, जाफर खां उपस्थित थे।

शिलान्यास करते विधायक

हुसैनाबाद की करीब सभी महत्वपूर्ण सड़कों को दुरुस्त कर दिया गया है : विधायक

भाजपा नेता ने 22 पंचायतों में किया पूजित अक्षत का वितरण

हुसैनाबाद। भाजपा नेता विनोद सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के 22 पंचायतों का भ्रमण कर पूजित अक्षत का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि 22 जनवरी भारत वासियों के लिए ऐतिहासिक दिन के साथ-साथ समस्त हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए उत्सव मनाने का दिन है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जब भगवान राम 14 वर्ष वनवास के बाद अयोध्या आये थे। उस दिन दीप जलाकर पूरे भारत वंशियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। उसी तरह 22 जनवरी को भी सभी लोग अपने-अपने घरों व मंदिरों में दीप जलाकर उत्सव मनायें। कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ जपला नगर का भ्रमण करते हुए दंगवार, नावाडीह,सबानो, पथरा, महूदण्ड समेत सभी पंचायतों का भ्रमण किया गया। मौके पर संतोष सिंह,उदय विश्वकर्मा, राजेश कर्ण,अजीत अग्रवाल,राजेन्द्र प्रसाद, शशि विश्वकर्मा, नागेंद्र उपाध्याय,पवन कुमार,लड्डू सिंह,राजीव सिंह मौजूद थे।

जिला कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में बोले प्रभारी

अन्याय के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यसमिति की बैठक स्थानीय परिसदन भवन में आयोजित की गयी। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव सह पलामू जिले के प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू जी की उपस्थिति में विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गयी। श्री सिन्हा ने कहा कि जिले में संगठन काफी सक्रियता के साथ काम कर रही है। हमारे नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 5000 किलोमीटर की पैदल यात्रा की थी। इससे देश में फर्क पड़ा। नफरत के बाजार में हमने मोहब्बत की दुकान खोली। अब 14 जनवरी से न्याय यात्रा पर राहुल गांधी निकले हैं। देश की तकलीफ को जानेंगे अन्याय के खिलाफ कांग्रेस अपनी लड़ाई रखेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड में सबसे अधिक 800 किलोमीटर का सफर तय करेगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन जबरदस्त बहुमत हासिल करेगी। इसके लिये जल्द ही विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने किया। मौके पर वरिष्ठ नेता दीनानाथ तिवारी, विमला कुमारी, रामाशीष पांडे, पूर्णिमा पांडे, ओमप्रकाश अमन, ईश्वरी सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, गिरजा राम, शंकर पांडे, तारकेश्वर पासवान, सुधीर चौबे उपस्थित थे।

प्रभारी का स्वागत करते जिला अध्यक्ष

बकोरिया से निकली कांग्रेस की न्याय यात्रा

सतबरवा। प्रखंड के बकोरिया पंचायत से मंगलवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गयी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक व पलामू जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने सहभागिता की। भारत जोड़ो न्याय यात्रा बकोरिया से निकल कर कसियाडीह,पीपरा,तुंबागडा, जोड़ा होते हुए सतबरवा पहुंची। यहां लोगों से डोर टू डोर संपर्क कर नागरिकों को न्याय यात्रा क्यों इसकी जानकारी दी गयी। मेलाटांड काली मंदिर के प्रांगण में पहुंच कर यात्रा सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी दीपू सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के साथ पूरे मंत्री भारत की जनता को छलने का काम कर रहे हैं। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है, महंगाई चरम पर है। लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है, लोगों के बीच नफरत की दीवार खड़ी की जा रही है। इन्हीं सभी सवालों को लेकर राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। न्याय यात्रा 265 पंचायतों व सभी बूथो के साथ हर घर तक पहुंचेगी। इस मौके पर अनूप प्रियदर्शी, पिंटू आलम मौजूद थे।

ऊंटारी रोड के विकास की अद्भुत स्मरण शक्ति के सभी कायल

11 मिनट में 195 देशों का सुनाया नाम

उदित कुमार चौधरी

ऊंटारी रोड। महज 11 मिनट में राजधानी, मुद्रा व क्षेत्रफल सहित 195 देशों का नाम सुनकर सहसा विश्वास नहीं होता। किंतु यह सत्य है। इस हैरतअंगेज कारनामे के लिये पलामू के ऊंटारी रोड प्रखंड के करकटा निवासी विकास विश्वकर्मा पिता संतोष विश्वकर्मा का नाम इंडिया और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है। उनकी अद्भुत स्मरण शक्ति के शहरवासी कायल हैं। मजबूत याद दाश्त शक्ति के लिए अब तक कई रिकॉर्ड तोड़ते हुये विकास कई अवार्ड भी जीत चुके हैं। उनका लक्ष्य है गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर पलामू का नाम रोशन करने का। जिसके लिए वे अनवरत मेहनत कर रहे हैं। विकास ने बताया कि बचपन से तेज नहीं है। गूगल अथवा अन्य विदेशी किताबों से ट्रिक अपनाकर उन्होंने निरंतर इसका विकास किया है। अगर वे किसी चौक-चौराहे के पास खड़ा हो जायें तो पिछले आधे घंटे में पार होने वाली गाड़ियों का नंबर सहजता से याद कर सकते हैं। सैकड़ो अंकों और वस्तुओं की सूची एक बार में याद कर लेते हैं।

साधारण बचपन गुजारने के बाद कुछ बेहतरी की उम्मीद में वे पटना गये थे, किंतु आर्थिक अभाव और कहीं से कोई मदद न मिल पाने की वजह से चंद महीने ही वापस लौट आये। वर्तमान में वे मेदिनीनगर के संत मरियम स्कूल में अध्यापन का कार्य कर रहे हैं।

ट्रिक अपनाकर बढ़ाया याददाश्त

विकास ने बताया कि उनकी याददाश्त

कैसे पढ़ना है यह जानना जरूरी

विद्यार्थियों को अध्ययन के तरीके बताते हुये विकास ने बताया कि क्या पढ़ना है इससे ज्यादा जरूरी यह जानना है कि कैसे पढ़ना है। मानव मस्तिष्क असीम क्षमताओं से भरा है। यदि समुचित प्रशिक्षण के साथ क्षमताओं का उपयोग किया जाये तो सफलता मिलने में देर नहीं लगती।

सूर्य मंदिर में सबरी मंदिर का निर्माण शुरू

छतरपुर। नगर पंचायत स्थित कर्मा कला सूर्य मंदिर के पास मंगलवार को विधायक पुष्पा देवी के द्वारा माता सबरी मंदिर का शिलान्यास करने के साथ-साथ 14 अन्य निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने सूर्य मंदिर परिसर में माता शबरी मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि विधायक की लोकप्रियता व चहुमुखी विकास को देखकर विपक्षी लोग काफी परेशान हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि लोगों के बीच आखिर किस मुद्दे को लेकर हम वोट के लिए जाएंगे। पिछले दिनों काफिले पर हुये हमले की चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि सोची-समझी साजिश के तहत चालक आंदोलन की आड़ में उन्हें डराने के लिये हमला किया गया, किंतु वे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा की विधायक के द्वारा छतरपुर के कोने-कोने में विकास कार्यों का सिलसिला जारी है। मौके पर संतोष कुमार गुप्ता, अनिल सिंह, प्रमोद कुमार, जगदीश यादव, कामेश्वर पासवान, अशोक मिश्रा, मनोज गुप्ता, अरविंद तिवारी, विनोद यादव, अजीत प्रजापति, कमलेश भुईयां उपस्थित थे।

एक साथ तीन जनाजे सुपूर्द-ए-खाक

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सोमवार को बिहार के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के समीप एक वृद्ध की गोली चलने से हुई मौत को लेकर वहां उत्तेजित ग्रामीणों के हमले में मृत हैदरनगर थाना क्षेत्र के तीन युवकों को मंगलवार को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। घटना में गंभीर रूप से घायल दो युवकों को मगध मेडिकल कॉलेज गया भेज दिया गया। जहां दोनो पुलिस कस्टडी में इलाजरत हैं। वहीं पुलिस ने तीनों शवों को औरंगबाद के डीएम व एसपी के आदेश पर सोमवार की रात पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया था। तीनों के परिजन शवों को लेकर मंगलवार अहले सुबह गांव पहुंचे। मृतक चमन मंसूरी के हैदरनगर बैंक रोड़ स्थित घर सहित ब्लॉक रोड स्थित मृतक मुजाहिद राइन व अरमान मंसूरी के घर भी लोगों का तांता लगा रहा। तीनों का जनाजा भाईबिगहा कब्रिस्तान में दफनाया गया। जनाजे की नमाज मौलाना अहमद अली खान रिजवी ने पढाई।

बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

विश्रामपुर। सोरडीहा स्थित जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह का संयोजन बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले बसपा नेताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता,प्रमुख संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता मेहता,लोस प्रभारी विनोद सोनी व जिलाध्यक्ष अजय भारती ने संयुक्त रूप से किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बहन मायावती ने बहुजन समाज की भलाई हेतु अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है। वे दबे-कुचलों की आवाज को बुलंद करती रहती हैं। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पुनीत अंबेडकर,राजू राम,अमेश राम,वीरेंद्र बौद्ध, सुनेशवर राम,पिंकू सोनी,विजय राम,विजय मंडेला,शिवनाथ पासवान,सत्येंद्र सिंह,प्रफुल्ल दुबे, नईमुद्दीन अंसारी,राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर मौजूद थे।

समाजसेवी ने किया दो हजार कंबलों का वितरण

विश्रामपुर। युवा बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने मंगलवार को नगर परिषद के वार्ड 18,19 व 20 में दो हजार लोगों के बीच कंबल वितरित किया। वृद्ध महिलाओं, पुरुषों और दिव्यांगों को कंबल प्रदान करते हुये उन्होंने कहा कि उनके प्रयास से यदि किसी को राहत मिलती है तो इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उन्होंने क्षेत्र की भलाई हेतु राजनीतिक परिवर्तन की अपील की। मौके पर बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी,सलीमुदीन अंसारी,राहुल दुबे,प्रवीण सिंह,श्याम बिहारी विश्वकर्मा,उस्मान अंसारी, सदानंद शुक्ला,रामजी यादव,विजय यादव मौजूद थे।

जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित

विश्रामपुर। निजी कंपनी द्वारा मंगलवार को नगर परिषद के वार्ड नौ मे 101 लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। वितरण समारोह की अध्यक्षता वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला व संचालन पंडित विजय शुक्ला ने किया। कंपनी के प्रतिनिधि नरेश यादव,अशोक यादव,प्रो.नंदलाल शुक्ला व लालबाबू शुक्ला ने संयुक्त रूप से कंबल वितरित किया। मौके पर राजकुमार चंदन,उमेशकांत मिश्रा, बिगन शुक्ला,नीरज शुक्ला,राजू शुक्ला,बुल्लू शुक्ला,अरुण शुक्ला मौजूद थे।

घटना की उच्चस्तरीय जांच कराये बिहार सरकारः कमलेश

हुसैनाबाद। क्षेत्र के तीन युवकों की मौत और दो युवकों के घायल होने के मामले में हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने बिहार सरकार से घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि ग्रामीण पर गोली किसी एक व्यक्ति ने चलाया था। अन्य युवकों का क्या दोष था, जिन्हें पीट पीट कर मार डाला गया। इसलिए इसकी जांच जरूरी है।

हाथियों ने गेंहू की फसल को रौंदा, नुकसान

मेदिनीनगर। सदर मेदिनीनगर प्रखंड क्षेत्र के सरजा पंचायत अंतर्गत बकोईया गांव में सोमवार रात से मंगलवार की अहले सुबह तक दो हाथियों ने खेतों में लगी गेहूं की फसल रौंद डाला। करीब दो एकड़ से ज्यादा फसल का नुकसान हुआ है। किसान गोविंद प्रजापति ने कहा कि हाथी आधी रात के वक्त आए और तड़के तक खेतों में ही मौजूद रहे। जो फसल बड़ी हो गयी थी, उसे खाया जबकि छोटे फसलों को पैरों तले रौंद दिया। किसान बुलाकी पाल, मुंशी पाल ने कहा कि महंगी खाद-बीज और मेहनत करके फसल लगाई थी लेकिन हाथियों ने नष्ट कर दिया। इससे हजारों का नुकसान झेलना पड़ा है। शत्रुघ्न पाल, दिलीप पाल ने वन विभाग से मुआवजा की मांग की है। इस संबंध में कुंदरी रेंज के वनपाल ने बताया कि फसल नुकसान का आकलन करने के बाद हलका कर्मचारी के माध्यम से मेदिनीनगर सदर सीओ के पास मुआवजा क्षतिपूर्ति राशि के लिए भेजा जाएगा।

राजीव रंजन ने लिया प्रभारी डीएसपी का प्रभार

हुसैनाबाद। राजीव रंजन ने हैदरनगर थाने में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक का प्रभार लिया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अमन व शांति बहाली उनकी पहली प्राथमिकता है। साथ ही बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिये उन्होंने सड़क सुरक्षा पर भी बल दिया।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

सतबरवा थाना कांड सं0–64/2023,दिनांक–04.06.2023 धारा–457/380/411 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त छोटु राम पिता बिगावन राम ग्राम बारी थाना सतबरवा जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर –9431706240
थाना प्रभारी, सतबरवा – 6207146741

पुलिस अधीक्षक, पलामू।

PR.NO.316129 Police(23-24):D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

हरिहरगंज थाना कांड सं0–26/2021,दिनांक–17.02.2021 धारा–272/273/290/414 भा0द0वि0 एवं 47ए0 उत्पाद अधिनियम के अप्रा0 अभि0 मो0न0–9693883049 के धारक गजेन्द्र सिंह उर्फ राकेश सिंह पिता बिरेन्द्र सिंह ग्राम बुढ़ीखाड़ थाना नवीनगर जिला औरंगाबाद (बिहार) के विरूद्ध सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुरः– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंजः– 9431706260

पुलिस अधीक्षक, पलामू।

PR 316126 (Police) 23-24 (D)

कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

दुकान आवंटन हेतु सूचना

नगर परिषद, लोहरदगा के नव निर्मित कचहरी मोड़ स्थित 11 (ग्यारह) दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति जो दुकान को किराये पर लेना चाहते है, वे नगर परिषद, लोहरदगा से आवेदन पत्र के साथ NIT की प्रति प्राप्त कर अपना आवेदन वांक्षित दस्तावेज के साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी, अद्यतन होल्डिंग रसीद एवं रूपये 5,000.00 का डीमान्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय होगा। आवेदन के साथ डाक की राशि मुहरबंद लिफाफा में दिनांक–27.01.2024 अपराह्न– 05:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जमा कर सकते है। समर्पित मुहरबंद लिफाफा दिनांक–29.01.2024 के अपराह्न 12:30 बजे नगर परिषद, लोहरदगा में खोला जाएगा।

नोटः–

1. दुकान संख्या– 05,06 एवं 07 ST/SC आवेदको के लिए आरक्षित रहेगा।
2. दुकान आंवटन से संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR 316173 (Lohardaga) 23-24 (D)

कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

दुकान आवंटन हेतु सूचना

नगर परिषद, लोहरदगा के नव निर्मित खादगढ़ा (मिल्लत कॉलोनी) स्थित 19 (उन्नीस) दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति जो दुकान को किराये पर लेना चाहते है, वे नगर परिषद, लोहरदगा से आवेदन पत्र के साथ NIT की प्रति प्राप्त कर अपना आवेदन वांक्षित दस्तावेज के साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी, अद्यतन होल्डिंग रसीद एवं रूपये 5,000.00 का डीमान्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय होगा। आवेदन के साथ डाक की राशि मुहरबंद लिफाफा में दिनांक– 27.01.2024 अपराह्न– 05:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जमा कर सकते है। समर्पित मुहरबंद लिफाफा दिनांक–29.01.2024 के अपराह्न 12:30 बजे नगर परिषद, लोहरदगा में खोला जाएगा।

नोट :–

1. दुकान संख्या– 06,07,08 एवं 09 ST/SC आवेदको के लिए आरक्षित रहेगा।
2. दुकान आंवटन से संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 316171 Lohardaga (23-24)_D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9
ईमेल–jepcpalamau1@gmail.com

आवश्यक सूचना

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू के विज्ञापन सं0 01/2023 के आलोक में जिले में संचालित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सुआ, सदर, पलामू में पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका एवं गैर शैक्षणिक के स्वीकृत पदों पर पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन किया जाना है।

उक्त के आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पर गठित जिला स्क्रुटनी समिति द्वारा स्क्रुटनी कर स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों की सूची तैयार की गयी है। जिसे अवलोकन हेतु NICPalamu के अधिकारिक बेवसाईट www.palamu.nic.inपर अपलोड़ है। संबंधित अभ्यर्थी सूची में अंकित सूचना/डाटा का अवलोकन करते हुए दावा आपत्ति आवेदन साक्ष्य सहित दिनांक 22.01.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू के कार्यालय में आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त किसी प्रकार का दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 316135 (District)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

E-mail :- eengbcdlatehar-jhr@nic.in

अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–01/2023–24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुरानी भवनों को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा **दिनांक–24.01.2024 को 3:00 बजे अपराह्ण तक** इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहे, तो उपस्थित रह सकते है।

क्र0सं0	योजना का नाम	न्यूनतम सुरक्षित राशि	अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रति शत
1	Dismantling and Salvage Value of Old Constructed Referal Hospital Building for Proposed Construction of CHC at Garu in Latehar District	1,40,530 =00	15000= 00

नीलामी की शर्तें निम्नवत हैः–

1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार के माध्यम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) के माध्यम से जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से पन्द्रह दिन के अन्दर भवन को तोड़कर एवं कचरा/मलवा (Rubbish) को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) तोड़ने के क्रम में हुई किसी दुर्घटना की जिम्मेवारी विभाग की नही अपितु नीलामी दाता की होगी।
5) नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति भाग लेने के पूर्व भवन का निरीक्षण कर लें।
6) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
7) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 316206 (Building) 23-24 (D)

शुभ प्रभात पलामू

पलामू वासियों को नमस्कार व नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के 15वें स्थापना दिवस की ढेरों शुभकामनायें। जिले में शैक्षिक उन्नयन की जलायें ज्योति।

डॉ. मृत्युंजय कुमार, कुलसचिव एनपीयू मेदिनीनगर।

एक नजर

सदर अस्पताल में इलाज के दौरान अज्ञात व्यक्ति की मौत

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ स्थित कोयल नदी से मंगलवार की सुबह एक घायल अज्ञात व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार की दोपहर 2:00 बजे उसकी मौत हो गई। इस घटना के बारे में पूर्वडीहा गांव के चौकीदार नंदू मांझी ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 8:00 बजे किसी व्यक्ति के माध्यम से जानकारी मिली की कोयल नदी में एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जानकारी मिलते ही चौकीदार ने आसपास के ग्रामीणों की मदद से घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। शहर थाने के एसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया है। पुलिस ने आम जनों से आग्रह किया है कि यदि कोई भी व्यक्ति इस अज्ञात व्यक्ति को पहचानते हैं तो इसकी सूचना चैनपुर थाना या शहर थाना की पुलिस को दें।

पर्यावरणविद् ने खेल के साथ पर्यावरण धर्म से भी जुड़ने की दी नसीहत

मेदिनीनगर। छतरपुर अनुमंडल के चराई-पंचायत में कोस्को क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ आम का पौधा देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलकूद के साथ पर्यावरण से भी जोड़ने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जीवन में खेल केवल मनोरंजन का हिस्सा ही नहीं, बल्कि इससे युवा अपने सुनहरे भविष्य को भी संवार सकते हैं। इतना ही नहीं इससे खिलाड़ियों को अनुशासित रहने की भी सीख मिलती है। संयोजक उपेंद्र सिंह खरवार, अध्यक्ष संदीप कुमार यादव, सचिव गुड्डू पाल ,कोषाध्यक्ष चंचल सिंह खरवार आदि ने बताया कि उक्त टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल में चिरु को परास्त कर सिलदाग की टीम ने ट्राफी पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर राजेन्द्र कुमार, मिथिलेश सिंह,योगेन्द्र सिंह खरवार, दरोगा सिंह खरवार, मंटू कुमार सिंह, सरोज कुमार सिंह मौजूद रहे।

भाकपा की बैठक 20 को

मेदिनीनगर। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला कमेटी की बैठक 20 जनवरी को रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय पर 11 बजे दिन से निर्धारित की गयी है। जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने बताया कि इस दौरान नगर निगम में व्याप्त समस्या, फुटकर दुकानदारों की समस्या, अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं जन समस्याओं पर आंदोलनात्मक निर्णय लिया जायेगा।

विहिप के कार्यक्रम को लेकर नागरिकों ने दर्शाया उत्साह, तैयारी शुरू

1787 गांवों के 2,18,321 घरों तक पहुंचा पूजित अक्षत-निमंत्रण

आमंत्रण पत्र बांटते विहिप के पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विश्व हिंदू परिषद द्वारा एक जनवरी से 15 जनवरी तक पूरे जिले में पूजित अक्षत सह आमंत्रण पत्र वितरण का अभियान चलाया गया। विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि इस दौरान जिले के सभी 23 प्रखंडों के 283 पंचायत/नगर पंचायत, मेदिनीनगर नगर निगम के सभी वार्ड सहित 1787 गांवों के 2,18,321 घरों तक पूजित अक्षत सह आमंत्रण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विहिप, बजरंग दल सहित अन्य सहयोगी संगठनों के 10 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने पूर्ण तन्मयता के साथ सहभागिता की। इस कार्य के लिये पूरे जिले में 700 टोलियों का गठन किया गया था। अब कार्यकर्ता प्राण-प्रतिष्ठा के दिन आयोजित होने वाले मंदिर केंद्रित कार्यक्रमों की तैयारी में जुट गये हैं। उन्होंने बताया कि उस दिन शाम को दीपावली मनाई जायेगी। उन्होंने सभी सनातन धर्मावलंबियों से अपने-अपने घरों में दीये जलाने का आह्वान किया है।

तस्वीर झूठ ना बोले

पलामू प्रमंडल के एकमात्र राजकीय विश्वविद्यालय एनपीयू के स्थापना दिवस को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह व्याप्त है। बुधवार को मनाये जाने वाले समारोह को लेकर विद्यार्थियों ने मंगलवार को जमकर पूर्वाभ्यास कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। **(छाया-अखिलेश चौबे)**

पलामू की मिट्टी व जलवायु खेती के लिए अन्य जिलों से बेहतर : डा. डीएन सिंह

सब्जी, फूल व फलों की खेती से सुधरेगी किसानों की दशा

मुख्य कृषि वैज्ञानिक से 'राष्ट्रीय नवीन मेल' की खास बातचीत

रबी के सीजन में पलामू में जितनी जमीन खाली है उतना राज्य के किसी जिले में नहीं है

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू की मिट्टी व जलवायु दोनों खेती के लिए झारखण्ड के अन्य जिलों से बेहतर है। यहां के किसान मेहनती हैं। श्रमशक्ति की प्रचुरता है। इसके बाद भी रबी व खरीफ के सीजन में कृषि योग्य भूमि का खाली पड़ा रहना दुर्भाग्य पूर्ण है। खेती योग्य जमीन का खाली रहना सिर्फ किसान की नहीं अपितु यह राष्ट्रीय क्षति है। रबी के सीजन में पलामू में जितनी जमीन खाली है उतना राज्य के किसी जिले में नहीं है। इस पर चिंतन की जरूरत है। उक्त बातें चियांकी स्थित क्षेत्रीय कृषि अनुसन्धान केंद्र के शुष्क भूमि परियोजना के मुख्य कृषि वैज्ञानिक डा. डीएन सिंह ने 'राष्ट्रीय नवीन मेल' से खास बातचीत में कही है। पलामू में कृषि के विकास और सरकार की संभावित बजट में प्रावधान से जुड़ी बातचीत के दौरान डा. सिंह ने कहा कि पलामू की खेती मानसूनी वर्षा पर निर्भर है और यह जिला रेन शेडो एरिया में आता है। इस कारण यहां वर्षा कम होती है। ऐसी स्थिति में जिले के किसानों को कम पानी में अच्छी पैदावार देने वाली फसलों को लगाने के प्रति प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रांची के आसपास के इलाकों में सब्जी की खेती बहुतायत में की जाती है, लेकिन पलामू में सब्जी बाहर से मंगाया जाता है। जबकि पलामू में सब्जी की खेती का विस्तार किया जा सकता है। कम रकबा में भी सब्जी की खेती आसानी से किसान कर सकते हैं। इससे खाद्यान्न के साथ पोषण की भी सुरक्षा होगी।

गेंदा का फूल

व्यवसायिक खेती से किसानों की स्थिति में सुधार

डा. सिंह ने कहा कि पलामू में कम पानी में लगने वाले फलदार पेड़ों की खेती की जा सकती है। यहां के किसान अपनी बंजर या वेस्ट भूमि में अमरुद, आंवला, संतरा व नीबू की खेती करें। इनमें विटामिन व प्रोटीन प्रचूर मात्रा में होती है। इससे पोषण की सुरक्षा होगी और किसान अच्छी आमदनी भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चियांकी अनुसन्धान केंद्र के 10 एकड़ की रकबा में संतरा के 25 सौ पेड़ लगे हैं। इनसे अच्छी फसल मिल रही है। पलामू के कुछ इलाकों में फूलों की खेती भी की जा सकती है। पलामू में फूलों की मांग बढ़ती जा रही है। यहां कोलकाता से फूल मंगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के कृषि, उद्यान व भूमि संरक्षण विभागों द्वारा बड़े पैमाने पर उपरोक्त खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया जाना चाहिए। इसके अलावे यहां की भूमि में सागवान, शीशम और गम्हार के पेड़ लगाये जा सकते है। कम पानी में उक्त इमारती पेड़ों को लगाकर कुछ ही वर्ष में किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि जिन खेतीहरों के पास कम जमीन है या नहीं है वैसे किसान मशरूम की खेती कर आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। पलामू लाह की खेती के लिए जाना जाता रहा है। यहां लाह की खेती को पूनर्जीवित करने की जरूरत है। डा. सिंह ने कहा कि पलामू के किसान धान की जगह मोटे अनाज की खेती कर कम पानी व कम समय में अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को पारम्परिक की जगह नयी तकनीक अपनाने की जरूरत है।

सहायक समाहर्ता ने की आपूर्ति विभाग की समीक्षा

बैठक करते सहायक समाहर्ता

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने मंगलवार को जिले के एमओ व एजीएम के साथ बैठक कर खाद्य आपूर्ति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड, आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, किरासन, चीनी, नमक वितरण आदि की प्रखंडवार समीक्षा की और शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। पीटीजीवी परिवारों को डाकिया योजना के तहत उपलब्ध कराए जा रहे खाद्यान्नों की समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के तहत पीटीजीवी परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावे उन्होंने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में राशन कार्ड में नाम सुधार करवाने हेतु आये आवेदनों की समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि सभी आवेदनों का निपटारा कर दिया गया है। उन्होंने आधार व मोबाइल सीडिंग को प्राथमिकता देते हुए शत- प्रतिशत पूर्ण करने की बात कही। मौके पर विभिन्न प्रखंडो के आपूर्ति पदाधिकारी, एजीएम समेत अन्य उपस्थित थे।

स्टेशन प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन, मांगा हक

मेदिनीनगर। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन प्रबंधक को माल गोदाम के अधीनस्थ कार्यरत श्रमिकों के कानूनी अधिकार एवं सुविधाओं के लिए मांग पत्र सौंपा। मजदूर नेता ने कहा कि रेलवे मंत्रालय व रेलवे बोर्ड द्वारा पारित प्रावधानों के तहत श्रमिकों को उनका विश्रामालय सह कार्यालय की व्यवस्था करायी जाये। कार्यस्थल पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सहित बिजली का भी प्रबंध किया जाये। कार्यरत श्रमिकों को अविलंब परिचय पत्र दिया जाये। इस अवसर पर अखिलेश कुमार,चंद्रशेखर महतो, शंभू प्रसाद, विवेक सिंह, मुकेश सिंह, बाबूलाल यादव, मनोज पासवान, हरिओम कुमार, अशोक कुमार मौजूद थे।

दशकों से डालटनगंज रेलवे स्टेशन बना है आशियाना, पूरा परिवार जुड़ा है पेशे से

दोना-पत्तल के सहारे गुजर रही आदिवासियों-गरीबों की जिंदगी

पत्तल और दोना बेचते आदिवासी समाज के लोग

ओपी प्रजापति

मेदिनीनगर। दशकों से पलामू प्रमंडल के सुदूरवर्ती अंचलों में रहने वाले आदिवासियों-गरीबों की जिंदगी दोना-पत्तल के सहारे गुजर रही है। पलामू सहित सीमावर्ती गढ़वा व लातेहार जिलों के दर्जनों परिवारों का डालटनगंज रेलवे स्टेशन आशियान बना हुआ है। इस पेशे में उनका पूरा परिवार लगा हुआ है। शहर के रेड़मा चौक, रेलवे स्टेशन, अम्बेडकर पार्क सहित तमाम चौक-चौराहे पर घूम-घूम कर भी दोना-पत्तल बेचते आदिवासी-गिरवासी सहजता से देखे जा सकते हैं। पलामू के जंगल में विभिन्न प्रजाति के पेड़ों के पत्ते तोड़कर तथा उनके पत्तल तैयार कर उन्हें बाजार में बेचना गरीबों के जीवन का अंग बन चुका है। दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले लगभग प्रत्येक परिवार की महिला सदस्य इस पेशे में लिप्त है।

मिले कुटीर उद्योग का दर्जा : शहर में दोना-पत्तल बेच रही महिलाओं का कहना है कि सरकार की तरफ से घोषणायें तो खूब की जाती हैं, किंतु उन्हें धरातल पर नहीं उतारा जाता। यदि दोना-पत्तल निर्माण को कुटीर उद्योग का दर्जा दे दिया जाये तो काफी हद तक उनकी समस्याओं का निराकरण संभव हो सकेगा। ऊपर से सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते चलन से उनका धंधा भी मंदा होता जा रहा है।

उद्योग नहीं लगने से नहीं मिला रोजगार

पलामू का 78 प्रतिशत भू-भाग वन आच्छादित है। यहां प्राकृतिक संसाधन तो भरपूर हैं। उनका दोहन भी हो रहा है, किंतु एक भी उद्योग-धंधा स्थापित न होने से रोजगार का हाल बदहाल है। परिणाम स्वरूप यहां के युवक जहां काम की तलाश में पलायन करने को विवश हैं। वहीं महिलायें परिवार के भरन-पोषण के लिये पूरी तरह से वनोपज पर निर्भर हैं।

उपायुक्त ने झंडी दिखाकर किया रवाना , जिले के तीनों अनुमंडलों का करेगा भ्रमण

बिरसा किसान रथ करेगा किसानों को जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बिरसा रथ के माध्यम से जिले के किसानों को कृषि के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें सरकार की कृषि आधारित योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से तीन बिरसा किसान जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया गया कि इन रथों के माध्यम से 25 जनवरी तक जिले के तीनों अनुमंडलों में किसानों को आत्मा अंतर्गत मृदा, स्वास्थ्य, जैविक खेती,जल प्रबंधन,बीज उपचार, यांत्रिकीकरण, किसान डेबिट कार्ड, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आदि की जानकारी दी जायेगी। बिरसा किसान रथ में मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री तथा विभागीय पदाधिकारियों का कृषकों के नाम संदेश एवं सरकार द्वारा विगत चार वर्षों में किये गये कार्यों का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, एटीएम व बीटीएम उपस्थित थे।

हरी झंडी दिखाते उपायुक्त

अबादगंज रेलवे फाटक बंद रहने से लगता है जाम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर आबादगंज में स्थित रेलवे फाटक दिन में अधिकांश समय बंद रहने से राहगीरों के साथ आम नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी उक्त स्थल पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण नहीं कराये जाने से लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि उक्त स्थल से 24 घंटे आवाजाही बनी रहती है। दिनभर में 50 से अधिक ट्रेनें गुजरने के कारण अधिकांश समय रेलवे फाटक बंद ही रहता है। ऐसे में उक्त स्थल पर हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। नागरिकों ने बताया कि विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं व स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा कई बार उक्त स्थल पर फुट ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा चुकी है, किंतु कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या यथावत बनी हुयी है। स्थानीय निवासी डॉ रोहित पांडे ने बताया कि यहां पर अक्सर फाटक बंद रहता है। इस कारण लोग जल्दबाजी में बंद फाटक के नीचे से रेलवे लाइन पार करने का रिस्क लेते हैं। इससे हादसा होने का डर बना रहता है। कई बार ऐसा प्रयास जानलेवा भी साबित हो चुका हैं। हादसों को रोकने के लिए अंडरपास बनाया जाना जरूरी है।

सखी | उपायुक्त ने शिक्षा विभाग की समीक्षा की, मातहतों को दिया निर्देश

स्कूलों में ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर उपस्थिति अनिवार्य : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रों का खाता खोलने, छात्रवृत्ति, पोशाक,पाठ्य पुस्तक, मध्याह्न भोजन आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। बैठक में ई-विद्यावाहिनी पर शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति का उपायुक्त श्री रंजन ने प्रखंडवार समीक्षा की। उन्होंने ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया। खासकर जिले के नावाबाजार, मनातू, पड़वा, छत्तरपुर, व मोहम्मदगंज को विशेष रूप से सुधार लाने की हिदायत दी।.इस दौरान कुछ बीपीओ ने ई -विद्या वाहिनी पर एंट्री नहीं दिखाई देने की बात कही तो उपायुक्त ने एमआईएस को-ऑर्डिनेटर को तकनीकी खामी दूर करने का निर्देश दिया। इसके अलावा विद्यालय विकास अनुदान राशि के उपयोग और विद्यालय के रंग-रोगन की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस पर ध्यान देकर कार्य कराने का निर्देश दिया।

अधिकारियों संग बैठक करते डीसी

15 दिनों के भीतर बच्चों का बैंक खाता खुलवाने के निर्देश

छात्रों के बीच यूनिफॉर्म वितरण और बैंक अकाउंट खोलने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बचे हुए छात्रों का बैंक अकाउंट जल्द से जल्द खुलवाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आवश्यक दस्तावेज लेकर छात्रों का बैंक अकाउंट जल्द से जल्द खुलवाया जाए। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों से कहा कि कक्षा तीन से आठ तक के जिन छात्रों के बैंक अकाउंट खोलने में परेशानी हो रही है,उनके माता-पिता या अभिभावक के खाते में राशि हस्तांतरित करें। उन्होंने सभी संबंधितों को अगले 15 दिनों के भीतर सभी योग्य बच्चों का अनिवार्य रूप से बैंक खाता खोलने के निर्देश दिये। इसी क्रम में वैसे पारा शिक्षक जिनका सभी स्तर का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूर्ण हो गया है उन सभी की सेवा संपुष्टि में तेजी लाने की बात कही। वहीं कस्तूरबा विद्यालयों में विभिन्न तरह की सामग्री आपूर्ति के लिए टेंडर प्रक्रिया में देरी करने पर एपीओ को सख्त चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के भीतर टेंडर प्रकाशित करवाने का निर्देश दिया। किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। मौके पर सहायक समाहर्ता रवि कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे।

आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

एक नजर

'विकसित भारत बनने के लिए आत्मनिर्भर होना होगा सभी को'

गढ़वा। प्रखंड के करुआ कला पंचायत भवन के परिसर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय इसमें शामिल हुए। मौके पर पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबों को मिल रहा है। गढ़वा को 2047 तक विकसित बनने के लिए सभी गढ़वा वासियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। मौके पर गरबा बीडीओ नरेंद्र नारायण, पंचायत सचिव चंद्र देव तिवारी, मुखिया नारद तिवारी, बलराम पांडे, विनोद तिवारी, रामशरीख चंद्रा, शिवनारायण चंद्रा, विजय चौबे, मुरली श्याम तिवारी, बृजेश तिवारी, अजय साहू, कामेश्वर उपाध्याय, रौशन दुबे उपस्थित थे।

वनभोज का आयोजन

केतार। बलिगढ़ पंचायत के मुखिया ललिता कुमारी के द्वारा मंगलवार को खोनहर गांव के पंडा नदी तट पर वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन कुमार गुप्ता] सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, राम भजन गुप्ता, परशुराम गुप्ता, श्रवण साह,छोटन सिंह, रमेश राम, लालेश्वर राम, शुशिल यादव, महेंद्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, मृत्युंजय यादव, बसंत जयसवाल, रामाधार यादव, ललू राम आदि मौजूद थे।

दुर्घटना में युवक घायल

केतार। प्रखंड क्षेत्र के राजघाटी-सिंहपुर मुख्य पथ में कस्तूरबा विद्यालय के समीप सोमवार की रात्रि में बाइक एक्सीडेंट में चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पालनगर गांव निवासी राजेंद्र पाल के पुत्र पंकज कुमार (18) नावाडीह गांव के समीप अपने नाना को खाना खिलाकर घर लौट रहा था। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के समीप बाईक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस रास्ते से गुजर रहे लोगों की नजर करीब 2 बजे रात्रि में पड़ी। इसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई।

राम की झांकी 20 को

मझिआंव। हिंदू एकता मंच के पदाधिकारी द्वारा राधा कृष्ण मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि अयोध्या में राम मंदिर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत राधा कृष्ण प्राचीन मंदिर परिसर से 20 जनवरी को श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में हिंदू एकता मंच के बैनर तले भव्य राम जी की झांकी निकल जाएगी। हिंदू एकता मंच के अध्यक्ष बिबेक सोनी, उपाध्यक्ष टुकू कमलापुरी, सचिव दीपक माली, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, संरक्षक पुष्प रंजन मेहता, अशोक साहू भारत कुशवाहा निशांत सिंह प्रमोद पाल चंदन कमलापुरी दीपक राज, अमित वर्मा, बिरेंद्र कुमार, चिंटू चंद्रवंशी, जितेंद्र साहू, शाहिद काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

किसान रथ रवाना

चिनिया। प्रखंड कार्यालय से मंगलवार को प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुंडा ने कहा कि इसके माध्यम से झारखंड सरकार की ओर से संचालित कृषि और उससे संबंधित विषयों और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मौके पर प्रमुख सुनैना देवी, उप प्रमुख मोहम्मद फारूक, पंचायत सेवक पवन कुमार आदि मौजूद थे।

नामधारी मवि प्रशासन के मनमाने रवैये एवं एनसीसी में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप

अभाविप का धरना, पुतला फूंका

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा द्वारा स्थानीय नामधारी महाविद्यालय में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। साथ ही पुतला फूंका। धरना का आयोजन महाविद्यालय प्रशासन के मनमाने रवैये एवं एनसीसी में हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध कैडेटों के आरोप पर कार्रवाई नहीं होने के खिलाफ किया गया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने यह मांग की कि 8 जनवरी को प्राचार्य द्वारा बनाई गई 7 सदस्यीय जांच कमेटी द्वारा जब तक जांच जारी है व रिपोर्ट नहीं सौंप दी जाती है तब तक के लिए केयरटेकर डॉ. शोभा कुमारी को तत्काल पद से हटाया जाए। साथ ही कमेटी 12 घंटे के अंदर अपना निर्णय महाविद्यालय प्रशासन को सौंपे। यह भी मांग की कि महाविद्यालय के किसी भी मामले में महाविद्यालय प्रशासन शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी व छात्र प्रतिनिधि के साथ समन्वय स्थापित कर निर्णय ले। इसमें किसी बाहरी संस्थाओं व इकाइयों को शामिल न करें।

ज्ञात हो की श्री सदुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट लगातार कई दिनों से डॉ.

शोभा कुमारी द्वारा कैडेट के साथ किए गए दुर्व्यवहार व भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन कर रहे थे। महाविद्यालय प्रशासन ने उनके आंदोलन को नजर अंदाज करने का प्रयत्न किया तब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एनसीसी कैडेट को न्याय दिलाने व एनसीसी में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आंदोलन की शुरुआत की। धरने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अभाविप के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुवेर्दी ने बताया कि एनसीसी कैडेट लगातार केयरटेकर डॉ. शोभा कुमारी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत महाविद्यालय प्राचार्य से कर रहे थे, लेकिन इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। परिषद ने महाविद्यालय प्रशासन को साफ-साफ चेतावनी दी है कि यदि डॉ. शोभा कुमारी को जल्द से जल्द पद मुक्त नहीं किया जाता है तो यह आंदोलन आगे जारी रहेगा। अभाविप के विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ला ने कहा कि प्राचार्य के साथ आज सभी विषयों पर वार्ता विफल रहा, अभी यह आंदोलन एनसीसी कैडेट को न्याय मिलने तक और महाविद्यालय परिसर से भ्रष्ट पदाधिकारी को उखाड़ फेंकने तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मत बिल्कुल स्पष्ट है। परिसर में किसी भी प्रकार के भ्रष्ट पदाधिकारी को फलने फूलने नहीं दिया जाएगा। जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने कहा कि अभाविप ने सभी विषयों पर स्पष्ट रूप से महाविद्यालय प्राचार्य को चेतावनी देते हुए 12 घंटे का समय दिया है। यदि 12 घंटे के अंदर जांच कमेटी अपना निर्णय प्राचार्य को नहीं सौंपता है और कार्रवाई नहीं होती है तो यह आंदोलन और बड़े स्तर पर एनसीसी कैडेट को न्याय दिलाने के लिए जारी रहेगा। महाविद्यालय में वार्ता विफल होने के पश्चात बालिका उच्च विद्यालय से रंका मोड़ तक पैदल मार्च उपरांत महाविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन किया गया। मौके पर विभाग सह संयोजक शशांक चौबे, जिला सह संयोजक शुभम कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुमार शुभेंद्र, पंकज चौबे, नगर सह मंत्री सुगंध बघेल, सचिन चौबे, शेखर गुप्ता, एनसीसी के सूरज तिवारी, रोहित कुमार, मनु कुमार, प्रमोद कुमार, अनुज कुमार, संहंसा चंद्रवंशी, सरोज कुमारी, सानिया कुमारी, सोनम कुमारी, रश्मि कुमारी, पूनम कुमारी, अमृता सिंह, मधु कुमारी, निशा कुमारी, किरण कुमारी, सीमा कुमारी, पवन सिंह, मुकेश कुमार मेहता, आशीष पाल, अमरेश, अजीत कुमार आदि मौजूद थे।

जनप्रतिनिधियों को विकास योजनाओं की जानकारी दी गई

श्री बंशीधर नगर। उपायुक्त के निर्देश पर सबकी योजना, सबका विकास अभियान 2023 के सफल संचालन एवं बाल सभा एवं महिला सभा के मार्गदर्शिका को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिवों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी विकास जायसवाल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण हेतु सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर, सभी संबंधित विभागों की उपस्थिति सुनिश्चित करने संबंधित विभागों की योजनाओं एवं राशि के संबंध में, ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु बाल सभा, महिला सभा का आयोजन क्यों आवश्यक है कि जानकारी दी। कार्यशाला में प्रधान कार्यालय सहायक अनिल सिंह, मुखिया उषा देवी, रेखा कुमारी, सुशीला देवी, विवेक कुमार, ओम प्रकाश उरांव, मनोज ठाकुर, सुनीता देवी, फिरदोस अंसारी, पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह, नंद मेहता, सीमा, सरोति कुमारी, अमन कुमार केशरी व सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

कांग्रेस के ओबीसी जिला अध्यक्ष ने दिया त्यागपत्र

नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव

नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राथमिक सदस्य एवं संगठन के सभी पदों से मारुतनंदन सोनी ने तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दिया। वहीं सोनी ने कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी के संगठन विस्तार में जैसे जिला अध्यक्ष, प्रदेश समिति एवं सदस्यों की नियुक्ति में जिस प्रकार समर्पित ओबीसी जाति, अनुसूचित जाति, दलित कार्यकर्ताओं को पार्टी में सांगठनिक पदों पर उचित सम्मान एवम उचित स्थान नहीं दिया गया। वहीं सोनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सनातन धर्म विरोधी, देवी देवताओं पर ऊलजुल बयान एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम को काल्पनिक बताया। कांग्रेस पार्टी असंवैधानिक किस्म का राजनीति करती है। कांग्रेस पार्टी ने श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का में निमंत्रण निमंत्रण ठुकराया। इससे मैं काफी आहत हुआ। इसको लेकर मैंने कांग्रेस पार्टी के सभी सभी पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दिया। मौके पर अरविंद तूफानी, धर्मेंद्र पांडे, अंकित मिश्रा, त्रिपुरारी सिंह, धनजय सोनी उपस्थित थे।

कांग्रेस छोड़ने वालों से पार्टी पर फर्क नहीं पड़ेगा : जिलाध्यक्ष

गढ़वा। कांग्रेस पार्टी 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रही है। इसकी शुरुआत मणिपुर के इंफाल से की गई है। उक्त बाते पार्टी के जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 66 दिनों में 6713 किमी दूरी तय करेगी। इसका समापन 20 मार्च को मुंबई में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज देश में नफरत की सरकार चल रही है। घर- घर जाकर राहुल गांधी ने न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़कर गये उससे पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ता है।

आदिम जनजाति के पीड़ितों ने लगाई हाथियों से सुरक्षा की गुहार, वन दफ्तर में सौंपा आवेदन

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया

प्रखंड की हेताड़ कला पंचायत के तांडिल गांव के दर्जनों लोग मंगलवार को वन कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कर्मियों को आवेदन देकर हाथियों से सुरक्षा की गुहार लगाई है। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र में विगत 4 महीनों से हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हाथी पहले तो खेतों में लगी फसलों को बर्बाद कर रहे थे लेकिन अब घरों को पूरी तरीके से छतिग्रस्त कर घर के अंदर रखें अनाज को खाने के साथ-साथ घर में रखी लाखों रुपये की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिसका खामियाजा अभी तक सैकड़ों ग्रामीण उठा चुके हैं।

वहीं तांडिल गांव के दर्जनों आदिम जनजाति परिवार के लोगों ने कहा कि हम लोग इस कड़ाके की ठंड में पूरी रात जग कर आग जलाकर व लुकवारी दिखाकर हल्ला गुला कर के हाथियों को किसी तरीके से भागाने का काम कर रहे हैं, जबकि हम लोगों के घर से एक किलोमीटर दूर बहेरवा गांव में जहां आदिम जनजाति

परिवार के लोग निवास करते हैं हाथियों के द्वारा सभी घर के परिवारों को बेघर कर दिया गया है। अंत में वहां के लोगों को दूसरे गांव में जाकर रहना पड़ रहा है। विभाग हाथियों से सुरक्षा के लिए विभाग कोई उचित मार्ग निकाले क्योंकि हाथी अभी भी हम लोगों के जंगल में ही विचरण कर रहे हैं। वहीं आदिम जनजाति के जिला अध्यक्ष नागेश्वर कोरवा ने वन विभाग से अपील करते हुए कहा है कि हाथियों को क्षेत्र से जल्द से जल्द भगाएं और सभी पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा की राशि दी जाए। वही आदिम जनजाति के नेता सुरेंद्र परहिया ने भी विभाग से हाथियों को जल्द से जल्द भगाने सहित पीड़ितों को जल्द मुआवजा देने को कहा। पूछे जाने पर चिनिया प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि सभी को हमारे आस्वस्थ किया गया है कि विभाग से जो भी होगा सुरक्षा जरूर मिलेगी। हाथियों को क्षेत्र से भगाने के लिए भी वरीय अधिकारियों को कहा गया है। हाथी भागने वाली टीम से भी बात हुई है। जल्द ही प्रखंड क्षेत्र से हाथी को भगाया जाएगा। जब तक हाथी क्षेत्र से भाग न जाए तब तक लोग पूरी तरीके से सतर्क रहें।

अबुआ के लाभुकों के चयन में अनियमितता का लगाया आरोप

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड के चितविश्राम पंचायत की बीडीसी मृदुला द्विवेदी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर अबुआ आवास के लाभुक चयन हेतु की गई ग्राम सभा में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। बीडीओ को दिये आवेदन में उन्होंने लिखा है कि अबुआ आवास के लिये गरीब, असहाय, विधवा, दिव्यांग व जरूरतमंद लाभुकों का चयन ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम सभा में ही करना था, लेकिन प्रखंड कर्मी एवं जनप्रतिनिधि के द्वारा केवल अबुआ आवास के नामित सूची को पढ़वा कर एवं ग्राम सभा में उपस्थित सभी लोगों का हस्ताक्षर एवं अंगूठे का निशान लगवा कर ग्राम सभा रजिस्टर को अपने कब्जे में ले लिया गया। उन्होंने कहा है कि मनमानी तरीके से लाभुकों का चयन किया जा रहा है जो चितविश्राम पंचायत के गरीब, असहाय, विधवाओं एवं दिव्यांगों के साथ सरासर अन्याय हुआ है। उन्होंने पुनः ग्राम सभा कराकर जरूरतमंद लाभुकों का चयन ग्राम सभा में ही करने का अनुरोध किया है।

पचोर के लाभुकों को 3 महीने से नहीं मिला खाद्यान्न, प्रखंड कार्यालय पर किया हंगामा

नवीन मेल संवाददाता। डंडई

प्रखंड के पचोर गांव के पीडीएस लाभकों को 3 महीने से खाद्यान्न नहीं मिला। मामले को लेकर नारेबाजी करते लाभुक मंगलवार को अपने घर से प्रखंड कार्यालय पहुंच गए।

वहीं घंटों तक प्रखंड कार्यालय परिसर में हो हंगामा कर डीलर और विभागीय पदाधिकारियों के खिलाफ भड़ास निकालते रहे। इसी बीच उक्त लोगों की आवाज सुन बीडीओ राहुल कुमार सानू उनके पास पहुंच गए। वहीं समस्या के बारे में उनसे लंबी पूछ ताछ किया। साथ ही एम ओ को कार्यालय में नहीं होने की जानकारी देकर कार्रवाई का आश्वासन दिया और उन्हें घर वापस भेज दिया। इस बीच उक्त लाभुकों की संख्या 200 से 300 के बीच आंकी गई। प्रखंड कार्यालय पहुंचे लाभुक अपने अपने हाथ में इपॉश मशीन से निकला पर्ची को दिखाते हुवे सिर्फ विभागीय पदाधिकारीयों को कोसने का काम कर रहे थे। उनका कहना था कि 3 महीने का खाद्यान्न नहीं मिलने की जानकारी देते हुए हम सभी एम ओ चुनाराम हेंब्रम को दूसरे

दुकान के पास अपना अपना आवंटन टैग कराने को लेकर लिखित आवेदन दिए थे। बावजूद हम सभी के आवंटन को उनके द्वारा दूसरे डीलर के पास टैग नहीं किया गया। नतीजा हुवा की उक्त डीलर के द्वारा पुनः जनवरी माह का भी हमसभी का खाद्यान्न उठा लिया गया।

लाभुक उपेंद्र पासवान, लाल बहादुर सिंह, धर्मेंद्र राम, उदय राम, अनीता देवी, सिमा देवी, बुधन सिंह, नीरा देवी, परिखा भुइयां इत्यादि लोगों ने बताया कि ईपॉश मशीन से पर्ची निकालने के बाद भी डीलर रामचंद्र सिंह के द्वारा हम सभी को 3 माह का खाद्यान्न नहीं दिया गया। वहीं मांगने पर आज दे देंगे तो कल दे देंगे का आश्वासन उनके द्वारा हम लोगों को दिया जाता रहा लेकिन आज तक खाद्यान्न हम लोगों को नसीब नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि उक्त डीलर के पास से दूसरे डीलर के पास हम सभी अपने-अपने आवंटन को करने के लिए एमओ को आवेदन भी दिए लेकिन आज तक उसका भी कोई असर नहीं हुआ। इसी बीच उनके द्वारा जनवरी माह का भी हम सभी के खाद्यान्न को उठा लिया गया। लाभुकों ने कहा कि तीन माह का खाद्यान्न नहीं दिया गया तो क्या जनवरी माह में खाद्यान्न दिया जाएगा ऐसा नहीं लगता हैं। उसी से बचने के लिए हम सभी दूसरे डीलर के पास आवंटन ट्रैग करने को लेकर के एमओ चुनाराम हेमराम को लिखित आवेदन दिए थे।

'महेंद्र सिंह के सपने पूरा करने के लिये आंदोलन की जरूरत'

नवीन मेल संवाददाता।
श्री बंशीधर नगर

भाकपा माले अनुमंडल कमिटी के तत्वावधान में मंगलवार को गोसाईबाग के मैदान में भाकपा माले के महानायक कामरेड महेन्द्र सिंह का 19वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कामरेड महेंद्र सिंह के तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कामरेड महेन्द्र सिंह हमेशा शोषित पीड़ित जनता की आवाज को मुखरता से उठाते थे.वे गरीबों की आवाज थे। वे हमेशा संघर्षो में विश्वास करते थे। वक्ताओं ने कहा कि आज हमलोग ऐसे समय मे उनका शहादत दिवस मना रहे है, जब देश व राज्य के सामने फासीवादी, साम्प्रदायिक, कारपोरेट पूरी तरह हावी है। वक्ताओं ने कहा कि सविधान व लोकतंत्र की रक्षा

के लिये, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। कामरेड महेंद्र सिंह की अधूरे सपनों को पूरा करने के लिये आंदोलन करने की जरूरत है। समारोह को वरुण बिहारी यादव, कामेश्वर विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, महेन्द्र सिंह, रामचन्द्र उरांव, सदानंद यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा आदि ने संबोधित किया। समारोह में लक्ष्मण सिंह, रामशरण सिंह, गणेश बैठा, तेतरी देवी, लक्ष्मी देवी, सोनिया देवी, प्रमिला देवी, आशा देवी, शांति देवी, कृष्णा चौधरी उपस्थित थे।

अंग्रेजी व देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

मेराल। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी चिरंजीव मंडल के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की रात्रि छापेमारी कर एक व्यक्ति को अंग्रेजी तथा देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रेस वार्ता में मंडल ने बताया कि गोंदा गांव निवासी सुजीत साव किराना दुकान में अवैध रूप से शराब बेचता है। पुलिस की टीम गठित कर छापेमारी की गई जिसमें भारी मात्रा में विदेशी तथा देसी शराब बरामद किया गया। अभियान में एसआई नीतीश कुमार, सुरजीत चौधरी, सुमन शर्मा, संजय हेंब्रम, सअनि रामायण सिंह, हवलदार मनोज राम तथा पुलिस के जवान शामिल थे। 20 पीस गॉडफादर कंपनी का 500 एम एल का बीयर, 10 पीस स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का शराब, 6 पीस रॉयल स्टैग, दो पीस 100 पाइपर, दो पीस ईपिरियल ब्लू, चार पीस ब्लेंडर प्राइड, तथा 7 पीस देसी शराब बरामद की गई है।

विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। रमना

विधायक भानु प्रताप शाही ने मंगलवार को प्रखंड की दो महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास किया। इसमें एनएच-75 गुलरही बांध से सिलीदाग पंचायत सचिवालय तक लगभग तीन किलोमीटर पक्की सड़क एवं विशुनपुरा रोड से झुरहा(कर्णपुरा) तक लग्भग एक किलोमीटर पीसीसी सड़क शामिल है।

इस मौके पर आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा है कि उक्त सड़कों के निर्माण कार्य शुरू कराकर उन्होंने जनता से किये गए वादे को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सिद्दी- गिद्दी, कर्णपुरा-रोहिला एवं कर्णपुरा देवी धाम तक की सड़क का निर्माण कराया जायेगा। विधायक ने कहा कि उनका प्रयास था कि झुरहा टोला तक बनने वाली पीसीसी पथ का विस्तार मड़वनिया बियार टोला तक किया जाय, लेकिन पैसों

के अभाव में यह पूरा नहीं हो सका। लेकिन मैं जनता को विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दिनों में वे इसे पूरा करके ही दम लेंगे। विधायक ने कहा कि भागोडीह पावर ग्रिड स्थापित कराकर उन्होंने गरीब के घरों तक 20 घंटे बिजली पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं झामुमो नेता ताहिर अंसारी पर भी बगैर नाम लिए जमकर निशाना साधा। विधायक ने कहा कि दोनों सिर्फ राजनितिक लाभ के लिए उनका विरोध करते है। विधायक ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष्य में अपने-अपने घरों और देवालयों में दीप जलाने की अपील लोगों से की। इधर झुरहा टोला तक बन रही सड़क का विस्तार मड़वनिया बियार टोला तक नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी गयी। मौके पर प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया अजित पांडेय, मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, भगत दयानंद यादव, लक्ष्मण राम, जोखू सिंह, रूप नारायण यादव, शंकर चन्द्रवंशी, सुमन गुप्ता, अमित प्रकाश सहित कई लोग मौजूद थे।

झामुमो ने वॉटरफॉल पर किया वनभोज

चिनिया। झारखंड मुक्ति प्रखंड विलैती खैर पंचायत कमेटी द्वारा गटियारवा वॉटरफॉल पर वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने की। इस दौरान पंचायत के सैकड़ों लोगों ने लिट्टी चोखा व दाल चावल का लुत्फ उठाया। इसके बाद लोगों ने गटियरवा वॉटरफॉल पर दूधिया रंग की रोशनी से शराबोर झरने को व वहां की सुंदर तस्वीरें को भी अपने कमरे में कैद किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, प्रखंड सचिव सह उप प्रमुख मो, फारूक बीस सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह, सागर यादव, बंशीधर यादव, विधायक प्रतिनिधी गंगेस्वर सिंह, शशि जयसवाल आरजू हसन, रामवृक्ष सिंह, बेलाल अंसारी, मंजू देवी, जयंती देवी संजय प्रसाद देवदत्त यादव, वीरेंद्र सिंह, सुनील यादव विनोद यादव आदि मौजूद थे।

सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में हुआ अन्नाधिवास संस्कार

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

प्रखंड के करीवाडीह में चल रहे सूर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन श्री सूर्य नारायण भगवान का अन्नाधिवास संस्कार कराया गया। मौके पर काशी के कर्मकांड के विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर में भगवान सूर्यनारायण और उनके सातो संतानों का अन्नाधिवास काराया गया। इस दौरान मंदिर में अन्य देवी- देवताओं का भी अन्नाधिवास संस्कार कराया गया।

इस अवसर पर काशी के विद्वान कथावाचक पंडित सौरभ भारद्वाज द्वारा भगवान श्रीराम का संगीतमय कथा का प्रवचन किया गया। मौके

पर दिल्ली के पूर्व मेयर सह मंदिर कमेटी के संरक्षक बिपिन बिहारी सिंह, सुंडी मुखिया प्रतिनिधि सह मंदिर कमेटी के सदस्य राजा सिंह, टाइगर सुरेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, विनोद सिंह, अरुण सिंह, रामचंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, बबलू सिंह, मंटू सिंह आदि सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु-श्रोता उपस्थित थे।

मौसम सार्वजनिक स्थलों पर अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं

हाड़ कंपाती ठंड से आमजन परेशान

नवीन मेल संवाददाता। रमना

गिरते तापमान के कारण ठंड बढ़ने लगी है। वहीं सार्वजनिक स्थलों बस व टेंपो स्टैंड, रेलवे स्टेशन में अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे शाम और रात के समय राहगीरों, यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों को रात के अलावा सुबह और शाम के समय गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह के समय धूप से कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शाम के समय ठंड का असर शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे रात चढ़ती जाती है वैसे-वैसे तापमान गिरने लगता है और ठंड बढ़ता जाता

है। इस हाड़ कंपाती ठंड से आम लोगों को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रतिवर्ष ठंड बढ़ते ही प्रशासन की ओर से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाती है, लेकिन इस वर्ष अब तक प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण रात के समय लोगों को खुले में ठंड से बचने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा है। क्षेत्र के रेलवे स्टेशन में देर रात और भोर में यात्री ट्रेनें पहुंचती हैं। ज्यादातर यात्री सुबह होने के इंतजार में घंटों तक स्टेशन में रुकते हैं, लेकिन रेलवे प्रबंधन की ओर से और न ही प्रसाशन या किसी सामाजिक संगठन की ओर से स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था की जा रही है।

गांवों में जलने लगे अलाव

ठंड का असर ग्रामीण क्षेत्र में भी हो रहा है, जहां शाम होते ही ग्रामीण अपने- अपने घरों में अलाव जला रहे हैं। इसके अलावा घरों में बोरसी गोबर के गोयठा, लकड़ी जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया जा रहा है।

बसपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का 68वां जन्मदिन मनाया

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

शहर के चिरोंजिया मोड़ स्तिथ बसपा विधानसभा कार्यालय में सोमवार को बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती का 68वां जन्मदिन मनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानी राम, रामचंद्र राम, मुख्य अतिथि बसपा के प्रदेश महासचिव सुनिता देवी, महासचिव मनीष कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि विधानसभा प्रभारी अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल, जिला अध्यक्ष सुनिल कुमार गौतम, जिला महासचिव शिवशंकर मेहता, विधानसभा उपाध्यक्ष नाजिम अंसारी, कोषाध्यक्ष श्रीराम रवि, मीडिया प्रभारी शशीकांत मेहता, छोटेलाल राम, भोला राम, पंकज कुमार, कौशल्या देवी, ललिता देवी, साकिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

एक नजर

वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की मूर्ति निर्माण का शिलान्यास

बरवाडीह। प्रखंड छिपादोहार के जुरुहार जमटिया नीलाम्बर पीताम्बर विद्या मंदिर परिसर में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर का मूर्ति निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक देवनाथ सिंह खरवार, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र झारखंड कांग्रेस प्रदेश समन्वय विजय बाहादुर सिंह, लातेहार जिप अध्यक्ष पूनम देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, तेतर यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, कांग्रेस प्रदेश कार्य समिति सदस्य रबिंद्र राम आदि मौजूद रहे। मौके पर कौशल यादव, देवनाथ सिंह, पंकज पासवान मौजूद थे।

200 कंबल का वितरण

लातेहार। बहेराटाड़ में मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल झारखंड कामगार यूनियन की ओर से जरूरतमंदों, गरीबों के बीच कंबल, चूड़ा व गुड़ का वितरण किया गया। 200 गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर लातेहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रवण पासवान, लंबू भुइयां, जुबैर अंसारी, नंदकिशोर यादव, भुनेश्वर राम, मिथिलेश पासवान, गजेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

क्षेत्रीय उपनिदेशक ने कुष्ठ उन्मूलन विभाग का किया निरीक्षण

लातेहार। सदर अस्पताल के कुष्ठ उन्मूलन विभाग का क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ संतोष श्रीवास्तव द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उपनिदेशक ने कुष्ठ उन्मूलन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। साथ ही साथ जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी शोभना टोप्पो को दिशा निर्देश दिये। मौके पर डॉ. राजेश कुमार, डॉ. रूद्र बर्मन, डीडीएम अखिलेश सिंह मौजूद रहे।

किसानों का प्रशिक्षण

गिद्धौर। भोपाल शक्ति सेवा केंद्र एवं जैविक जीवन जयपुर के तत्वाधान में गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में किसानों का तीन दिवसीय प्रशिचण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ हरिनाथ महतो ने किया। शिविर में भोपाल के आन अहमद, अखिलेश श्रीवास्तव, जयपुर के सुधांशु शर्मा व राज्य कोऑर्डिनेटर संध्या कुमारी द्वारा किसानों को जानकारी दी गई। मौके पर बीटीएम, एटीएम दीनदयाल प्रसाद आदि उपस्थित थे।

डीआरडीए निदेशक ने सुनी जनसमस्याएं

चतरा। समाहरणालय मिं डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का ने जनता दरबार में पहुंचे आमजनों की समस्याएं सुनी। इसमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, राशन कार्ड, अबुआ आवास से संबंधित समेत अन्य मामले लेकर आम लोग पहुंचे थे। निदेशक ने जल्द से जल्द मामलों का निष्पादन करने का भरोसा दिया।

वोटरों को किया जागरूक

बारियातु। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को प्रखंड के सूदूरवर्ती पंचायत बालुभांग के चार बुथों में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीन व वीवी पैट का प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया।

दो बाइकों में हुई आमने-सामने टक्कर चार लोग घायल, सभी रांची रिम्स रेफर

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़

महुआडांड़-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर बोहटा नदी के समीप दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। रॉबिन लकड़ा (35) वर्ष का पैर टूट गया और चेहरे में भी चोट है। आर्यन मिंज पिता ग्राम सेमरबुढ़नी (20) का दाहिना हाथ दाहिना पैर टूट गया है और सिर में भी चोट लगी है। वहीं वेस्ट बंगाल 24 परगना अशोकनगर कोलकाता से आए हुए टूरिस्ट सुवेंदु घोष (55) को पैर में चोट है। वहीं उनके पुत्र सोमेतू घोष (26) बाया पैर में एवं दाहिना हाथ एवं कमर में चोट लगी है। वेस्ट बंगाल 24 परगना अशोकनगर कोलकाता से आए हुए टूरिस्ट सुवेंदु घोष एवं उनके

पुत्र सोमेतू घोष महुआडांड़ से अक्सी जा रहे थे। वहीं रॉबिन लकड़ा और आर्यन मिंज अपने गांव सेमरबुढ़नी से महुआडांड़ आ रहे थे। इसी क्रम में बोहटा नदी के समीप यह दुर्घटना हो गई। दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ को दी गई। सूचना प्राप्त होने के उपरांत 108 एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर द्वारा किया गया और बेहतर उपचार हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं दुर्घटना की जानकारी पाकर थाना पुलिस सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर कागजी कार्रवाई पूर्ण की। साथ ही महुआडांड़ थाना पुलिस दल बदल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर वहां का जायजा लिया और ग्रामीणों से पूछताछ भी की।

भाकपा माले ने संकल्प दिवस के रूप में मनाया कॉमरेड महेंद्र सिंह का शहादत दिवस

'भाजपा को हराना महेंद्र सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि'

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

भाकपा माले के जिला सचिव बिरजू राम व कमलेश सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को पूर्व विधायक कामरेड महेंद्र सिंह के शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।

राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत जननायक कॉमरेड महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस पर प्रखंड के पुराना ब्लॉक प्रांगण से कॉम. महेंद्र सिंह की तस्वीर के साथ संकल्प मार्च के रूप में एक जुलूस निकाली गई, जिसमें लाल झंडों से लैस होकर महिला पुरुष भाजपा हटाओ देश बचाओ, शहीदों के सपनों के भारत बनाओ, कॉमरेड महेंद्र सिंह को लाल सलाम, भाकपा माले जिंदाबाद, महेंद्र सिंह तेरे अरमानों

को मंजिल तक पहुंचायेंगे नारों को बुलंद करते हुए संकल्प मार्च बरवाडीह आंबेडकर चौक बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः पुराना ब्लॉक के प्रांगण में आकर सभा में बदल गया, जिसमें जननायक महेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए को सभी माले नेताओं ने माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव बिरजू राम ने कहा कि आज पूरा भारत मोदी और शाह के दलदल में फंसा हुआ है। ये दोनों देश को बेचने का काम कर रहे हैं। आज देश और संविधान खतरे में पड़ा हुआ हैं और ये फिर एक बार हिंदू राष्ट के बहाने मनुवादी व्यवस्था लाकर देश के 90 प्रतिशत लोगों को गुलाम बनाना चाह रहे हैं। इसलिये समय की पुकार हैं की महेंद्र सिंह के रास्ते पर चल कर ही गरीब गुरबों का राज लाना होगा और 2024 के लोक सभा के चुनाव में भाजपा को हराना ही महेंद्र सिंह के प्रति सच्ची श्रधांजलि होगी। इनके अलावे कॉम घनश्याम राम, सुखलाल सिंह, मंजू देवी, सूरज देव सिंह, धीरज, राजेंद्र सिंह, दशरथ सिंह, लुरुक सिंह, कृष्णा सिंह सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया। वहीं संकल्प सभा की अध्यक्षता कमलेश सिंह एवं संचालन डॉक्टर रमेश प्रसाद ने किया।

मासिलोंग में कोल कन्वेयर विवाद को लेकर हुई त्रिपक्षीय वार्ता

गहमागहमी के बीच बनी सहमति

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा

टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल की मगध कोल परियोजना से एनटीपीसी कोल कन्वेयर निर्माण विवाद को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को त्रिपक्षी वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पवन मंडल, डीएसपी केदार नाथ राम, सीओ राजेन्द्र कुमार, मगध जीएम नृपेंद्र नाथ मनोज, एनटीपीसी के धीरज गुप्ता, अभिषेक आनंद, जेएमएम नेता मनोज चंद्रा, जिप सदस्य सुभाष यादव, उप प्रमुख जितेंद्र सिंह समेत ग्रामीणों ने भाग लिया। जिसमें ग्रामीणों ने एक स्वर में सभी जमीन पर नौकरी मुआवजा देने की मांग करते हुए गैरमजरूवा भूमि का सत्यापन कराने की मांग की।

इसपर अपर समाहर्ता ने स्पष्ट कहा कि सरकारी बंदोबस्ती, गैरमजरूवा

जमीन पर कमिटी विचार करेगी। इसके अलावे अन्य जीएम का सत्यापन किसी भी सूरत में नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीएम लैंड पर दावा सरकार का है, उक्त जमीन पर चल रहे कार्य को कोई रोक नहीं सकता। अपर समाहर्ता के बयान के बाद जेएमएम नेता मनोज चंद्रा ने कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि रैयतों को अधिकार मिलना चाहिए, नहीं तो प्रशासन की लाठी से कोई डरने वाला नहीं है। काफी गहमागहमी के बाद बंद कमरे में एसी व अन्य अधिकारियों ने स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। इसमें मसिलौंग की जिस जमीन पर सेक्शन नाइन लगी है उसकी जांच एक कमिटी से तीन दिनों के अंदर शुरू कराने, रैयतों के समक्ष जांच मापी व प्रतिवेदन नजरि नक्शा के साथ उपलब्ध कराने, रैयत आपसी पारिवारिक बटवारा वंशावली परियोजना को उपलब्ध कराएंगे। इसके बाद मगध से आर एंड आर पॉलिसी से मिलने वाले लाभ संबंधित कार्रवाई की जाने, परियोजना द्वारा ग्रामीणों के लंबित मामले को एक माह में निष्पादित कर जिला प्रशासन को सूचित करने, जनप्रतिनिधियों द्वारा छोटे मोटे आपसी विवाद का निपटारा करने, असामाजिक तत्वों द्वारा कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर चिन्हित कर करवाई करने, रैयतों के सभी समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करने, स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने आदि पर सहमति बनी। मौके पर मुखिया विश्वजीत उरांव, सरबजीत उरांव, रामकुमार टाना भगत, जागेश्वर दास व ग्रामीण उपस्थित थे।

'उर्दू भाषा शिक्षकों का पद समाप्त करने का फैसला वापस हो '

चंदवा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के वरिष्ठ नेता व चतरा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर झारखंड सरकार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी उस तुगलकी आदेश को तुरंत वापस लिए जाने की मांग की है जिसमें उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को 'मरणशील' संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी गई है। माकपा इस कार्रवाई से हतप्रभ है क्योंकि यह कदम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा के अनुरूप नहीं है। साथ ही निदेशालय को यह अधिकार नहीं है कि वह बिना राज्य कैबिनेट के निर्णय के किसी संवर्ग को 'मरणशील' घोषित कर दे। बता दें कि उर्दू भाषा को एकीकृत बिहार के समय से ही राज्य की दूसरी राजभाषा के रूप में मान्यता है।

आंदोलनकारियों ने मांगों को लेकर ने निकाला जुलूस

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

झारखंड आंदोलनकारी ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को एक जुलूस निकालते हुए बीडीओ को 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा। चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी सदस्य अली हसन अंसारी के नेतृत्व में आंदोलनकारी ने अपनी मांगों के समर्थन में पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर से जुलूस निकालते हुए नगर भ्रमण किया। जुलूस में आंदोलनकारी सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंच कर एक सभा का आयोजन किया, जिसमें हसन अंसारी ने कहा कि अलग झारखंड राज्य बनने के बाद झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति दयनीय है। अब तक की सभी सरकारें झारखंड आंदोलनकारी को उनके अधिकारों से वंचित रखे हुए हैं। विक्टर केरकेट्टा ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले झारखंड आंदोलनकारी के अस्तित्व, अस्मिता व अलग पहचान खतरे में पड़ गये हैं। आंदोलनकारी अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित हैं। सभा को दीनानाथ राम समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को आंदोलनकारी सदस्यों ने राज्यपाल के नाम 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर डीएन राम, मोहम्मद असलम अंसारी, कलामुद्दीन खान, मोहन सिंह, प्रेम देवी, चिंता देवी, मथुरा सिंह, श्याम नंदन सिंह बलराम सिंह आदि उपस्थित थे।

सिदपा में जंगली हाथियों ने मचाया जमकर उत्पात, घर किया ध्वस्त

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा

टंडवा प्रखंड के वन क्षेत्र के गावों में हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नही ले रहा है। हाथियों के झुंड से भटके दो हाथियों ने बीते रात सिदपा गांव निवासी सारो देवी का घर क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि डहु गांव निवासी धनु महतो व उनके छोटा भाई के खेत में लगे गाजर की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। बताया गया कि सोमवार रात को अचानक सिदपा गांव में हाथी घुस गये। वहीं सारो देवी के घर को नुकसान करते हुए घर में रखे खाद्य पदार्थ खा गए। सिदपा के बाद भटके हाथी डहु गांव पहुंच कर लगभग दस डीसमिल में लगे गाजर की

फसल को खाते हुए रौंद दिया। फिलहाल झुंड से भटके हाथी आस-पास के जंगलों में डेरा जमाये हैं। घटना की सूचना पाते ही रेंजर मुक्ती प्रकाश पन्ना, वनरक्षी ललटु कुमार, सुनील कुमार, सत्यनारायण रविदास, मुरारी प्रजापति समेत अन्य कर्मी गांव पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया।

मजदूर की मौत, परिजनों ने कहा- ठंड लगने के बाद गरीबी के कारण नहीं हो सका इलाज

पत्थलगड़ा(चतरा)। पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी निवासी मजदूर लालदेव दांगी उर्फ लालो महतो (55) की मौत सोमवार देर शाम इलाज के अभाव में हो गई। मृतक का मंगलवार सुबह कौहवा तरी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों के अुनसार मृतक मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। वहीं परिजनों ने बताया कि चार दिन पूर्व खेत में काम करने के लिए गए हुए थे। शाम को घर लौटने के क्रम ठंड लग गई थी, लेकिन आर्थिक स्थिति खराब रहने के कारण इलाज नहीं करा पाए, जिसके कारण असमय मौत हो गई। मृतक अपनी पत्नी समेते भरापुरा परिवार छोड़ गया है। मुखिया राधिका देवी मृतक के घर पहुंच पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। परिजनों ने जनप्रतिनिधियों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

मगध-संघमित्रा कोल प्रबंधन ने दिव्यांगों के बीच बांटे ट्राइसाइकिल

टंडवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध-संघमित्रा कोल प्रबंधन ने मंगलवार को मजीएम कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांगों के बीच ट्राई-साइकिल का वितरण किया। सीएसआर मद से परियोजना क्षेत्र के विस्थापित-प्रभावित जरुरतमंद दिव्यांगों में अक्षय कुमार पांडेय, मानस कुमार पांडेय, परदेशी उरांव, रमा भुईयां, मीणा प्रवीण, रामवृक्ष साव, बंधन गंझू तथा मनीष उरांव को अपराजिता महिला मंडल के माध्यम से वितरण कराया गया। मौके पर मंडल की अध्यक्ष विभा नाथ, सदस्य ममता सत्यनारायण सदाला, हसबुन निशा, अंजू सिंह, आशा पटेल व निशा सिन्हा मौजूद थे।

दूसरे दिन बंद रहा शेरेगड़ा बाजार, पुलिस बल तैनात

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

कोयला लोडिंग फॉर्मेट को लेकर सोमवार को दो गुटों में हुई झड़प के बाद से शेरेगड़ा मुख्य बाजार बंद है। मंगलवार को मुख्य बाजार से कुछ दूरी पर स्थित आम पेड़ के पास खुले मैदान में सैकड़ो लोगों ने बैठक की और कहा कि अगर पुलिस यथाशीघ्र कार्रवाई नहीं करती है तो चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बता दें कि विवाद के बाद से ही पुलिस बल सेरेगड़ा बाजार में तैनात किया गया है। सोमवार से ही दुकानें बंद हैं और मंगलवार को कोई भी सेरेगड़ा मार्ग से सवारी वाहन चलती नहीं देखा गया। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शेरेगड़ा बाजार के निकट स्थित हाई स्कूल में भी मंगलवार को विद्यार्थियों की उपस्थिति कम देखी गई है। मारपीट मामले में थाने में दोनों तरफ से आवेदन दिया गया है। एक पक्ष ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार शाम को सेरेगड़ा मुख्य (बाजार टांड़) में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। मुखिया के पति सुरेंद्र उरांव ने दोनों पक्षों से अपील करते हुए कहा कि मामूली विवाद को बड़ा ना करें आपसी सौहार्द बनाएं रखें। दुकानदारों से दुकानें खोलने का आग्रह किया है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने की बैठक

लातेहार। जिला मुख्यालय के माको डाक बंगला परिसर में मंगलवार को कांग्रेस की बैठक जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर चर्चा की गयी। उरांव ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा उक्त यात्रा की शुरुआत मणिपुर से की गई है। झारखंड में राहुल गांधी धनबाद से प्रवेश करेंगे। 8 दिन में 804 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। मौके पर सुरेंद्र भारती, रामयश पाठक, अजित पाल कुजूर, आफताब आलम, लाल आशिष नाथ शाहदेव, रीगन प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, असगर हुसैन आदि उपस्थित थे।

समाहरणालय, लातेहार
(जिला भू-अर्जन शाखा)

–:इच्छा की अभिव्यक्ति:–

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 एवं झारखण्ड भू–अर्जन नियमावली 2015 के नियम 6 के आलोक में जिला लातेहार अन्तर्गत परियोजना–**राजबार ई0एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** में सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखण्ड, रॉची के पत्रांक–619/नि0रा0 दिनांक–24.08.2022 के द्वारा चिन्हित S.I.A. इकाईयों को सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना का S.I.A. व्यय प्राक्कलन, कार्य अनुभव सहित बंद लिफफा में दिनांक–**02.02.2024** को समय–05:00 बजे शाम तक **जिला भू–अर्जन कार्यालय, लातेहारपिन कोड़–829206 (झारखण्ड)** में आमंत्रित किया जाता है। जिसे दिनांक–05.02.2024 को समय–11:00 बजे पूर्वाहन में उपायुक्त, लातेहार के समक्ष बंद लिफफा खोला जायेगा। न्यूनतम व्यय प्राक्कलन पाये जाने पर S.I.A. करने हेतु कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

राजस्व भूमि संबंधी विवरणी

क्र0सं0	अंचल का नाम	मौजा का नाम	थाना सं0	रकबा (एकड़ में)	टिप्पणियॉ
1.	बालूमाथ	लेजांग	191	7.73	
2.	बालूमाथ	राजबार	195	399.38	
3.	चन्दवा	सेरक	246	1.02	
4.	चन्दवा	डडेया	247	280.58	
5.	चन्दवा	रेंची	248	436.09	
6.	लातेहार	जडयांग	351	212.67	
	कुल योग–			1337.47	

कुल रकबा–3329.59837 हेक्टेयर (लगभग)

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार

PR 316106 Land Reforms(23-24).D

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा
मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023–24 के लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान राशि जमा करने हेतु अपील

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 10 रा0 (वि0) दिनांक 14–06–2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अन्तर्गत पशुपालन प्रभाग के लिए चतरा जिला के योग्य लाभुकों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा कर लिया गया है। निर्देशानुसार योजना के कार्यांवयन हेतु लाभुकों का Escrow / Dedicated Bank Account खोला जाना है इसके पश्चात् ही लाभुक के खाता में सरकारी अनुदान की राशि DBT की जायगी।

ईंडियन बैंक के चतरा शाखा में प्रति दिन योजना के लाभुकों का बैंक खाता खोला जा रहा है (अवकाश छोड़कर)। खाता खोलने की गति में तेजी लाने हेतु पंचायत स्तर पर भी बैंक प्रतिनिधि के द्वारा खाता खोला जा रहा है जिसकी सूचना स्थानीय पशुचिकित्सकों एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सभी चयनित लाभकों से अपील है कि यथाशीघ्र अपना Escrow / Dedicated Bank Account खोलवा लें तथा अपना लाभुक अंशदान संबंधित बैंक खाता में जमा कर जमा पर्ची / साक्ष्य, जिला पशुपालन कार्यालय चतरा में जमा करें ताकि योजना की सरकारी अनुदान की राशि आपके संबंधित बैंक खाता में DBT की जा सके। चयनित लाभुकों की सूची सभी स्थानीय पशुचिकित्सकों के पास उपलब्ध है। ससमय लाभकों द्वारा लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं की जाती है तो प्रतीक्षा सूची से लाभुकों को बदल दिया जायेगा।

राज्यादेश के आलोक में योजनावार लाभुक अंशदान का विवरणी निम्नप्रकार है –

क्र0	योजना का नाम	योजना लागत	सरकारी अनुदान का प्रतिशत एवं राशि	लाभुक अंशदान की राशि
1	बकरा विकास योजना (4+1)	24800	75 % अधिकतम 18600	6200
			90 % अधिकतम 22320	2480
2	सूकर विकास योजना (4+1)	57800	75 % अधिकतम 43350	14450
			90 % अधिकतम 52020	5780
3	बैकयार्ड लेयर कुक्कुट योजना (400)	118200	75 % अधिकतम 88650	29550
			90 % अधिकतम 106380	11820
4	ब्रायलर कुक्कुट योजना (500)	67500	75 % अधिकतम 50625	16875
			90 % अधिकतम 60750	6750
5	बतख चूजा वितरण योजना (15)	1700	75 % अधिकतम 1275	425
			90 % अधिकतम 1530	170
6	जोड़ा बैल योजना	40000	90 % अधिकतम 36000	4000

नोट – उपरोक्त योजनाओं में सूचना एवं सहयोग और अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्डों के भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी अथवा जिला पशुपालन कार्यालय चतरा से सम्पर्क करें।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
चतरा।

PR 316101 Animal Husbandry(23-24)D

पहल — उपायुक्त की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

15+ आयुवर्ग के असाक्षरों को पठन-पाठन से जोड़ें

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम मंगलवार को उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षा महादान है, 15+ आयुवर्ग के असाक्षरों को पठन-पाठन से जोड़ कर साक्षर कर लातेहार जिला को संपूर्ण साक्षर बनाने में स्वयं शिक्षक अपना योगदान दें ताकि लातेहार जिला शत प्रतिशत साक्षर हो सके। उन्होने लातेहार के आम आवाम को साक्षर बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया। मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं सेवक शिक्षक को प्रशिक्षित कर पठन-पाठन के लिए मोटिवेट करने की बात बतायें। जिला

शिक्षा अधीक्षक को नवभारत साक्षरता कार्यकम में स्वयं सेवक शिक्षकों को विस्तृत कार्ययोजना बनाकर चर्चा करने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जनभागीदारी से नवभारत साक्षरता कार्यकम का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधीक्षक सह सचिव जिला साक्षरता समिति ने बताया की जिले में 2022-2023 के लक्ष्य के अनुसार 18000 असाक्षरों को साक्षर किया जाना है, जिसमें 1800 स्वयं सेवक शिक्षक लगेंगे। मास्टर ट्रेनर स्वयं सेवक शिक्षक को प्रशिक्षित कर जन चेतना केन्द्र में पठन-पाठन करायेंगे। ऑनलाइन सवेक्षण करने पर विशेष ध्यान दें। मनोज निराला राज्य प्रशिक्षक सह राज्य नोडल पदाधिकारी द्वारा विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर संदीप प्रजापति जिला कार्यकम प्रबंधक जिला साक्षरता समिति, लातेहार, ऋषिकेश कुमार क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, जिला साक्षरता समिति, लातेहार सुनील प्रजापति, प्रखंड कार्यकम प्रबंधक समेत 100 शिक्षक उपस्थित थे।

एक नजर

'खेल हमें जीवन जीने की कला सिखाता है'

लोहरदगा। नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 में आजसू पार्टी नगर प्रधान सचिव कुमार अभिषेक उर्फ सूर्या सिन्हा ने बॉलीबॉल खिलाड़ियों के बीच बॉलीबॉल और नेट (किट) का वितरण किया। कहा की खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारे और शहर और राज्य का नाम रौशन करे। आजसू पार्टी हर कदम में युवाओं के साथ खड़ी है। बॉलीबॉल वितरण में कुमार अभिषेक के साथ नगर उपाध्यक्ष आयुष गोयल, प्रदीप नायक, हरसित अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, संदीप मेजर, शिव श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

योजना की समीक्षा हुई

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत प्रखण्ड स्तर से प्रस्तावित कुल सूची की समीक्षा की गई। इसमें कुल 41 मामलों की समीक्षा की गई जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग के 36, अनुसूचित जनजाति के 04 और दिव्यांग वर्ग की ओर से 1 मामला प्रस्तावित था। प्रस्तावित मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र व अन्य उपस्थित थे।

समिति की बैठक

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को प्री-मैट्रिक छात्रवृति एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति का अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के 10924 छात्र-छात्राओं का अनुमोदन, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 के 250 छात्र-छात्राओं का अनुमोदन, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवति योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 के 44 छात्र-छात्राओं का अनुमोदन और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 26 शिक्षण संस्थानों के नवीकरण एवं 01 नये शिक्षण संस्थान के निबंधन के अनुमोदन पर चर्चा हुई। साथ ही, सर्वसम्मति से प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया एवं आवश्यक निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक व अन्य उपस्थित थे।

ध्वज पूजन हुआ

लोहरदगा। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वज पूजन कार्यक्रम गुदरी बाजार संकट मोचन हनुमान मंदिर में किया गया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप देव के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया। ध्वज पूजन करके प्राण प्रतिष्ठा को भव्य बनाने के लिए पतरा टोली से ध्वज लगाने का कार्यक्रम भी शुरू किया गया। विश्व हिंदू परिषद प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल गुप्ता ने कहा कि लोहरदगा जिला के सभी मंदिरों में साफ सफाई करके और मंदिर को सजाकर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जाना है। विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकार ने कहां की ध्वजा पूजन कार्यक्रम में माताएं बहाने और राम भक्त जो तैयारी में लगे हैं वह बहुत ही सौभाग्य है।

1857 की क्रांति में गणपत राय ने दी थी अंग्रेजों को कड़ी चुनौती

नवीन मेल संवाददाता भंडरा

1857 देश की आजादी की पहली क्रांति मानी जाती थी। 1857 की क्रांति में देश के कई कोनों में आजादी की ज्वाला प्रचंड रूप धारण कर ली थी। इसी क्रम में लोहरदगा जिला के भौरों गांव निवासी पांडे गणपत राय भी 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के खिलाफ कूद पड़े थे। अंग्रेजों को कड़ी चुनौती दी थी। पांडे गणपत राय का जन्म लोहरदगा जिला के भंडरा प्रखंड अंतर्गत भौरों गांव में 17 जनवरी 1809 को हुई थी। पांडे गणपत राय के पिता पांडे राम किसुन रहा व माता सुमित्रा देवी थे।

पांडे गणपत राय की शहादत दिवस 21 अप्रैल 1858 वर्तमान में रांची जिला स्कूल के निकट अंग्रेजों द्वारा कदम पेड़ में फांसी दी गई थी. पांडे गणपत राय 1857 की क्रांति में रांची, लोहरदगा, चतरा सहित बिहार के कई जिलों में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ चुके थे। पांडे गणपत राय 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति वीर थे। इनकी आक्रामकता से अंग्रेज काफी भयभीत थे। इन्होंने अपने सेना के साथ अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कई घटनाओं को अंजाम दिया था। 30 जुलाई 1857 को आठवीं देसी पैदल सेना विद्रोह किया था। इस समय रांची में भी सिपाही विद्रोह की आग भड़क उठी थी. पहली अगस्त को डोरंडा छावनी के सिपाहियों ने बगावत कर दिया। 2 अगस्त को रांची विद्रोहियों के हाथ में था। विद्रोहियों को सेनापति के रूप में पांडे गणपत राय जैसा सेनापति मिला था.बिद्रोहियो के हाथों में 20 दिनों तक रांची के शासन का बागडोर रहा। 23 अगस्त को विद्रोही सेना के साथ इन्होंने रांची कचहरी एवं थाना को लूट लिया. जेल से लगभग 300 कैदियों को मुक्त कर दिया। रांची पहाड़ी पांडे गणपत राय के छुपाने एवं संघर्ष करने का प्रमुख स्थल था। यहीं से अंग्रेजों के खिलाफ पांडे गणपत राय रणनीति तय करते थे। 1857 के 2 अक्टूबर को चतरा में पांडे गणपत राय के नेतृत्व में विद्रोही सैनिकों एवं ब्रिटिश फौज के बीच भयंकर संघर्ष हुआ था। पांडे गणपत राय के युद्ध कौशल से प्रभावित होकर कुंवर सिंह पांडे गणपत राय से संबंध बना लिए थे।

जयंती पर विशेष

इस बात की जानकारी ब्रिटिश सरकार को भी हो गई थी। चतरा की लड़ाई में आजादी के दीवानों की अंग्रेजी सेना के सामने मात खानी पड़ी थी। लड़ाई तीतर बीतर हो गई और वहां से सभी को वापस लौट जाना पड़ा। अंग्रेजी हुकूमत के द्वारा 1857 में ही इनके 11 गांव की संपत्ति को जब्त कर ली गई थी।

20 अप्रैल 1858 को पांडे गणपत राय अपने क्रांति समर्थक दोस्तों के साथ लोहरदगा की ओर बढ़ रहे थे। इसी बीच रात के अंधेरे में भटककर केरों के परहेपाठ गांव पहुंच गए। इसी गांव में स्थानीय जमींदार ने इनकी स्वागत सत्कार की और अंग्रेजी हुकूमत इसकी सूचना दे दी। यही से पांडे गणपत राय को अंग्रेजी सेना के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। 21 अप्रैल 1858को रांची लाकर अंग्रेजी हुकूमत कोर्ट बैथा कर रांची कमिश्नर डाल्टन ने उन्हें मौत की सजा सुनाई।

21 अप्रैल 1858 को ही आजादी के दीवाने पांडे गणपत राय को रांची के शहीद स्थल में आनंन फानन में फांसी दे दी गई। इनकी पहली पत्नी श्यामबंसी देवी से इनका कोई संतान नहीं था। 1837 में 28 वर्ष की उम्र में पहली पत्नी श्याम बंसी देवी की प्रेरणा से ही इनका दूसरा विवाह बांग्लाडीह करार पलामू के मनोज सिन्हा की पुत्री सुगंध कुंवर से हुई। इसी पत्नी से इन्हें दो पुत्र और तीन पुत्रियां हुई। पांडे गणपत राय बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। पांडे गणपत राय जमींदार परिवार के बेटे थे। तलवार चलाना, शिकार खेलने उनका प्रिय शौक था। उनके चाचा सदा शिवराय पालकोट के तत्कालीन महाराज के दीवान थे। पालकोट में ही दरबार में पंडितों और मौलवियों से इन्होंने फारसी, अरबी और संस्कृति की पढ़ाई की। चाचा के साथ रहकर दरबारी रीति-रिवाज को समझा। सदाशिव राय के देहांत के बाद पांडे गणपत राय पालकोट राजा के दीवान बने। इन्होंने अपनी जमींदारी का मुख्यालय पतीया गांव में रखा था। दीवान बनने पर उनकी ख्याति और बढ़ गई। काफी मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। आम लोग भी इन्हें बहुत चाहते थे। आदिवासी एवं सदनों में उनकी लोकप्रियता को लेकर गाना भी गया जाता है, जिसके तहत पांडे गणपत राय राज चलाएं प्रजा सूखकारी मुख्य बोल है।

ग्रामीणों के सपने आज भी हैं अधूरे

भंडरा। राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कुछ दिन पूर्व शहीद पांडेय गणपत राय के पैतृक गांव में एक बार फिर से विकास मेला आयोजित कर आश्वासनों का पिटारा खोला गया। वहीं विकास मेला के आयोजन को लेकर गांव के ग्रामीणों ने अपने गांव की बुनियादी समस्याओं से अवगत कराते हुए प्रशासनिक अमलो द्वारा पूर्व में किए गए विकास योजनाओं का जिक्र करते हुये गांव के अजय साहू, भोला साहू, कुलदीप उरांव व संतोष साहू ने बताया कि गांव में शहीद पांडेय गणपत राय के नाम से विकास मेला का आयोजन से गांव में विकास होने की संभावना जगी थी पर वह सपना भी अब आश्वासनों में ही सिमट कर रह गया। गांव में पेयजल, सड़क, नाली, सिचाई सुविधाओं का घोर अभाव है, जबकि पूर्व के विकास मेले में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा हर वर्ष इन समस्याओं को ले वादे किए जाते हैं। गांव के संतोष कुमार, सुमन साहू, अजय कुमार अदि ने बताया कि गांव की बदहाली को देखकर कोई भी नहीं कह सकता है कि यह गांव आदर्श गांव है। गांव में जगह-जगह कीचड़ व गंदगी ही गांव की नियति बन गई है। नाली के अभाव में सड़को में नाली का गन्दा पानी बहता है जिसके ग्रामीण नरकीय युग में जीने को विवश है।

सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा पुराना थाना के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो सड़क के किनारे जा गिरा जिससे सवार दो लोग घायल हो गये। घटना के उपरांत स्थानीय तबारक अंसारी घायलों को सहयोग करते हुए अस्पताल पहुंचाया। वही घायल युवक की पहचान सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनाथपुर निवासी मंगलेश्वर उरांव के 24 वर्षीय पुत्र संतोष उरांव तथा रोपा उराँव के 22 वर्षीय पुत्र संदीप उराँव के रूप में किया गया। बताया जाता है कि पल्सर 125 सीसी से चितरी घाघ मेला देख देर शाम को अपना घर लौट रहा था। इसी बीच सेन्हा पुराना थाना के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रक के लाइट से मोटरसाइकिल चालक का आंख चकाचौंध हो गया, जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गिर गया, जबकि दूसरा घटना सेन्हा बांध टोली बगीचा के समीप का बताया जा रहा है। ये लोग भी चितरी घाघ मेला से लौट रहा था कि बगीचा के समीप टेम्पू एवं मोटरसाइकिल में टक्कर हो गया.जिसे तीन युवक घायल हो गये। सभी का इलाज सेन्हा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में कराया गया। घायलों की पहचान पारही बसार टोली निवासी बुधवा उरांव के 15 वर्षीय पुत्र सुनील उरांव जो अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार हो घर लौट रहा था, की टेम्पू में टक्कर होने से टेम्पू पलट गया और टेम्पू पर सवार मुर्की निवासी धनवृक्ष मुंडा के 25 वर्षीय पुत्र गोलू मुंडा, सोमर उरांव के 19 वर्षीय पुत्र रोहित उरांव को माथा में चोट आया है। चिकित्सक बिनोद सोरेन ने उपचार के पश्चात बताया कि सभी घायल युवक का इलाज के उपरांत स्वस्थ्य स्थिति देखते हुए घर भेजा गया। फिलहाल सभी घायलों खतरे से बाहर बताया है.जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि घटना में दोनों वाहन चालक के लापरवाही के कारण हुई है।

पथ निर्माण में नियम संगत भूमि अधिग्रहण करने की डीसी से मांग

सेन्हा। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत एन एच पथ से चितरी डांडू तक पथ निर्माण कार्य मे चौड़ी करण मे एक तरफा भूमि अधिग्रहण करने के मामले ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं सैकड़ों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण को देते हुए पथ निर्माण कार्य मे सड़क के किनारे से दोनों तरफ भूमि अधिग्रहण का मांग किया है। प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत के डांडू ग्राम में सड़क निर्माण के लिये आदिवासियों का जमीन को एक तरफा भूमि अभिग्रहण किया जा रहा है, जिस मामले में महादेव उरांव, सुशील उरांव, विश्राम उरांव, शामपती उरांव, जगरनाथ उरांव, मनोज उरांव, रमेश उरांव, पंचम राम, सुरेश उरांव, प्रदीप उरांव, ललित उरांव, अमित उरांव, प्रदीप उरांव आदि ने आवेदन देकर डीसी से सड़क निर्माण में दोनों तरफ से पथ चौड़ीकरण के लिये भूमि अधिग्रहण करने की मांग की है।

जमीन पर बैठ सीओ ने सुनी टाना भगतों की समस्या, निपटारे का दिया निर्देश

कुडू। उत्तराधिकार नामांतरण व जमीन से संबंधित अन्य समस्याओं को लेकर प्रखण्ड के विभिन्न गांवों से आये सैकड़ा टाना भगत मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंच सीओ प्रवीण कुमार सिंह से मुलाकात की। सीओ ने टाना भगतों से उनके बीच जमीन पर बैठकर बैठकर सारे मामले को समझा। और उसके निपटारे के लिए राजस्व उप निरीक्षक को निदेशित किया। बैठक में टाना भगतों के साथ-साथ राजस्व उप निरीक्षक नेहा कुमारी भगत भी उपस्थित थी।

सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ डीसी ने किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ के जरिये आम लोगों के बीच सड़क सुरक्षा अंतर्गत नियमित रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनने, बाईक पर तीन सवारियों को एक साथ लेकर नहीं चलने, शराब पीकर वाहन का परिचालन नहीं करने, हमेशा यातायात नियमों का पालन करने समेत अन्य बिंदुओं पर जागरूक किया जाएगा। यह रथ सभी प्रखण्डों में अगले सात दिन घूमेगा। पहले दिन सदर प्रखण्ड में इस रथ के जरिये प्रचार किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीएसपी प्रमेश्वर प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्म्मन आदि उपस्थित थे।

अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रस्तावित कुल 9 मामलों पर विभागवार चर्चा हुई और सर्वसम्मति से विभिन्न मामलों को अनुमोदित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, स्थापना उप समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल आदि उपस्थित थे।

चुनाव कार्यों की समीक्षा

लोहरदगा। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में निर्वाचन अंर्तगत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें जिला में कोषांगों के गठन, जिला स्तर, अनुमण्डल स्तर व बूथ स्तर पर चल रहे ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन का कार्य, सभी प्रकार के प्रशिक्षण की सूची तैयार किया जाना, सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण, नोडल पदाधिकारियों का प्रशिक्षण समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निदेश उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, डीडीएमओ आदि उपस्थित थे।

विशेष प्रशिक्षण

कुडू। नियमित टीकाकरण के माइक्रो प्लान तैयार करने एवं मास्क ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) को लेकर सिएचसी कुडू में मंगलवार को विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होर्रो की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीकाकरण को सुदृढ़ करने और परिणाम आधारित बनाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के मॉनिटर शैलेन्द्र कुमार सिंह, फलेरिया विभाग के डॉ अलिप, फलेरिया कन्सलटेंट रजनी लकड़ा द्वारा प्रशिक्षित करने के साथ - साथ अभियान को सौ प्रतिशत सफल बनाने के लिए माइक्रो प्लान तैयार करने की जानकारी दी गयी। सिएचसी प्राभारी डॉ श्रीमती होर्रो ने बताया कि नियमित टीकाकरण के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम कृत संकल्पित है। टीके के स्तर को बढ़ाने को लेकर सरकार द्वारा सभी प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही 10 से 25 फरवरी तक चलने वाले एमडीए को लेकर भी प्रशिक्षित किया गया है। कहा कि जिस प्रकार कोविड-19 काल में टीकाकरण किया गया उसी प्रकार नियमित टीकाकरण भी माइक्रोप्लान बनाकर हमें कार्य करना होगा।

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा
सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा

राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा जिला के शहरी झुग्गी बस्तियों में आवासित लोगों के लिए प्राथामिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित "अटल मुहल्ला क्लिनिक" के संचालन हेतु चिकित्सक (आयुष) का चयन हेतु रिक्तियों के आलोक में **Walk In Interview** हेतु पुनर्विज्ञापन

विज्ञापान संख्याः– 05/2023 साक्षात्कार की तिथि 20.01.24

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक – 5/पी0–65/2021–32 (5)ब, योजना, स्वा0, गढ़वा दिनांक–25.05.2023 के द्वारा शहरी झुग्गी बस्तियों में आवासित लोगों के लिए प्राथामिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित **"अटल मुहल्ला क्लिनिक"** के संचालन हेतु चिकित्सक (आयुष) की **Walk In Interview** के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएं प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर चयन किया जाना है।

"अटल मुहल्ला क्लिनिक" गढ़वा के लिए चिकित्सक (आयुष) की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता, परिलब्धि एवं कार्यावधि निम्नांकित है :–

क सं0	पद का नाम	न्युनतम शैक्षणिक योग्यता	कोटिवार पदों की संख्या		मासिक परिलब्धि	कार्य का समय
			कोटि	संख्या		
1	चिकित्सक (आयुष)	Bachelor in Ayurved / Homoeopath / Unani (BAMS/BHMS/BUMS)	SC	01	रू 20000/– प्रतिमाह	08:00 AM to 12:00 PM Or 04:00 PM to 08:00 PM
			Total	01		
2	चिकित्सक (आयुष) द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।					
3	Walk In Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।					

नोट :– " अटल मुहल्ला क्लिनिक " के लिए चयन चिकित्सक (आयुष) को विभागीय निर्देशानुसार कार्य दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त चिकित्सक (आयुष) के चयन करने हेतु अन्य शर्तें, अहर्ता, आवेदन–पत्र इत्यादि का विवरण गढ़वा जिला के बेवसाईट www.garhwa.nic.in अथवा जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के कार्यालय के सूचना–पट्ट से उपलब्ध की जा सकती है।

इच्छुक अभ्यर्थी, चिकित्सक (आयुष) के पद पर चयन के लिए सिविल सर्जन कार्यालय गढ़वा में दिनांक 20.01.24 को पूर्वाहन 11 बजे सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों एवं छायाप्रति (01) के साथ **Walk In Interview** हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS गढ़वा

PR 316192 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा
सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा

राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा जिला के आदिम जनजाति समुदाय **(PVTG)** बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु "चलन्त ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक का चयन हेतु रिक्तियों के आलोक में **Walk In Interview** हेतु पुनर्विज्ञापन

विज्ञापान संख्याः– 04/2023 साक्षात्कार की तिथि 20.01.24

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, गढ़वा के पत्रांक – 5/पी0–16/2023–33 (5)ब, योजना, स्वा0, गढ़वा दिनांक–25.05.2023 के द्वारा राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित "चलंत ग्राम क्लिनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की **Walk In Interview** के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएं प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर आयुष चिकित्सकों तथा चिकित्सा सहायकों चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था किन्तु आरक्षण कोटि के अनुसार अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होने के कारण निम्नांकित पद रिक्त रह गये हैं।

चलंत ग्राम क्लिनिक" गढ़वा जिला के लिए रिक्तियों के आलोक में आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता, मानदेय एवं अन्य विवरण निम्नांकित है :–

क सं0	पद का नाम	न्युनतम शैक्षणिक योग्यता	कोटिवार पदों की संख्या		मानदेय	कार्य का समय
			कोटि			
1	आयुष चिकित्सक	Bachelor in Ayurved / Homoeopath / Unani with Working knowledge of Computer	SC	08	रू 21000/– (कुल 26 कार्य दिवस)	09:00 AM to 06:00 PM
			ST	05		
			BC-01	02		
			EWS	02		
			Total	**17**		
2	चिकित्सा सहायक	B.sc Nursing / GNM or B.sc Community Health or Bachelor/ Diploma in Pharmacy from recognized University /Institution.	EWS	03	रू 15000/– (कुल 26 कार्य दिवस)	09:00 AM to 06:00 PM
			Total	**03**		
3	चयनित आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।					
4	**Walk In Interview** में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।					
5	"चलंत ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के द्वारा मिलकर स्वयं व्यवस्था की जाएगी। जिसके लिए 5000 (पांच हजार) रूपया प्रतिमाह देय होगा।					

नोट :– "चलन्त ग्राम क्लिनिक" के लिए चयन आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा किया जाने वाला कार्य :–

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत "चलन्त ग्राम क्लीनिक" में स्वास्थ्य कार्यकमों का कियान्वयन सुनिश्चित करना।
2. निर्धारित समयावधि में ओ0पी0डी0 का संचालन
3. प्रसव पूर्व तथा प्रसवोत्तर देखभाल
4. ऐनिमिया और अन्य गैर संचारी रोग अंतर्गत उच्च रक्तचाप, मधुमेह की जांच।
5. टी0बी0 एवं मलेरिया का पता लगाने के लिए बलगम एवं रक्त–पट्ट संग्रह।
6. अन्य सरकारी/गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना।
7. विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यकमों / योजनाओं का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना
8. समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देशित कार्यो का निश्पादन

उक्त आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के चयन करने हेतु अन्य शर्तें, अहर्ता, आवेदन–पत्र इत्यादि का विवरण गढ़वा जिला के बेवसाईट www.garhwa.nic.in अथवा जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के कार्यालय के सूचना–पट्ट से उपलब्ध की जा सकती है।

इच्छुक अभ्यर्थी, आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के पद पर चयन के लिए सिविल सर्जन कार्यालय गढ़वा में दिनांक 20.01.24 को पूर्वाहन 11 बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों एवं छायाप्रति (01) के साथ **Walk In Interview** हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS गढ़वा

PR 316188 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

उपलब्धि सूरज उरांव, रौशनी कुमारी, मोहन टाना भगत ने जीते स्वर्ण पदक

कराटे चैंपियनशिप के खिलाड़ियों का स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। कैरो

कुड प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के छात्र छात्रा सूरज उरांव, रौशनी कुमारी ओर मध्य विद्यालय तान के छात्र मोहन टाना भगत ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद में आयोजित तृतीय ऑल इंडिया नेशनल ओपन कराटे चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीते। इंडियन मार्शल आर्ट कराटे डू फेडरेशन के द्वारा आयोजित प्ररियोगिता में राजकीय उत्क्रमित विद्यालय की रानी कुमारी, अदनान अंसारी, रौशनी कुमारी, सूरज उरांव ओर तान स्कूल के मोहन टाना भगत ने भाग लिया था, जिसमें सूरज उरांव, रोशनी कुमारी, मोहन टाना भगत ने गोल्ड मैडल एवं अदनान एवं रानी कुमारी ने ब्रोउंच मैडल जीता। मंगलवार को नगजुवा रेलवे स्टेशन से जिन्गी जाने के क्रम में उतका, कैरो मुख्य चौक, नयाटोली आदि जगहों पर प्रखंड अंजुमन कमिटी, स्वंय सेवी संस्था, जनप्रतिनिधि राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा छात्र छात्राओं एवं प्रशिक्षकों, प्रभारी प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी को बाजेगाजे के साथ मुह मीठा कराते हुए फूल माल पहना कर स्वागत किया। मौके पर उप प्रमुख मधुलिका रानी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, प्रखंड अंजुमन के सदर जमील अख्तर, सचिव समीद अंसारी, नजीर आलम खान, महबूब अंसारी, बुजुल अंसारी, बिपिन उरांव, तबारक अंसारी, सजाद अंसारी, धनपत उरांव, अख्तर अंसारी, न्यूम अंसारी, मंजुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

नुसरत को फ्लैट धोखाधड़ी मामले में होना होगा अदालत में पेश

एजेंसी। कोलकाता

एक्ट्रेस से तृणमूल कांग्रेस की सांसद बनीं नुसरत जहां की मुसीबतें बढ़ रही हैं। कोलकाता की एक अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि नुसरत जहां को एक रियल स्टेट कंपनी के निदेशक के रूप में अपने जुड़ाव से संबंधित मामले में अदालत में पेश होना होगा, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को उचित दरों पर फ्लैट देने का वादा करके कई करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। पिछले साल सितंबर में एक अदालत ने इस मामले में नुसरत जहां को पेश होने का आदेश दिया था। हालांकि, उन्होंने इस आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी, लेकिन, अदालत ने मंगलवार को आदेश को बरकरार रखा। नुसरत जहां पहले रियल स्टेट कंपनी सेवेन सेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक थीं। पिछले साल सितंबर में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धोखाधड़ी मामले में नुसरत जहां से पूछताछ की थी। आरोप है कि फर्म ने वरिष्ठ नागरिकों को आकर्षक दरों पर आवासीय फ्लैट देने का वादा करके उनसे कई करोड़ रुपये इकट्ठा किए। शिकायत के अनुसार, उन्हें फ्लैट उपलब्ध कराने के बजाय, उनके पैसे का इस्तेमाल नुसरत जहां सहित निदेशकों द्वारा निजी आवासीय आवास खरीदने के लिए किया गया था।

नवनिर्वाचित विधायकों के लिए उपराष्ट्रपति धनखड़ की क्लास

एजेंसी। जयपुर

राजस्थान के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के संविधान की पहली कॉपी में हमारी पांच हजार साल पुरानी सभ्यता के चित्र हैं। यह कॉपी सबको उपलब्ध होनी चाहिए। दुनिया के लिए भारत प्रजातंत्र की दृष्टि से आदर्शवादी है, क्योंकि हमारी सांस्कृतिक विरासत पांच हजार साल की है, किसी और देश की नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आसन पर बैठने वाले को सबका ध्यान रखना होता है। कई हल्की-फुल्की बातें ऐसी हो जाती हैं कि उन्हें लेकर नहीं बैठ सकते। मेरे बारे में खरगे साहब ने कहा था कि आने वाला मौसम कैसा रहेगा, यह कितना सताएगा। मेरे बारे में राजस्थान में भी टिप्पणी हुई लेकिन क्या गांठ बांध लूं, यह ठीक नहीं है। हर सदस्य का आचरण मर्यादित होना चाहिए। गांठ बांधकर नहीं रखें। कई सांसद अफसरों के बारे में शिकायत करते हैं। मैंने गहन अध्ययन किया है।

डीपफेक को रोकना प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी, 7-8 दिनों में लाएंगे नया आईटी नियम : राजीव चंद्रशेखर

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने डीपफेक के मामले में तमाम प्लेटफॉर्म्स को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि इसे रोकना पूरी तरह से उनकी जिम्मेदारी है और ऐसा नहीं करने वाले प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सरकार ऐसे प्लेटफॉर्म्स को देश में ब्लॉक भी कर सकती है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार अगले 7-8 दिनों में नए आईटी नियम भी जारी करने जा रही है। भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करने के दौरान डीपफेक को लेकर पूछे गए कई सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि संबंधित पक्षों के साथ दो राउंड की बैठकें हो चुकी है, जिसमें सरकार ने उनका ध्यान वर्तमान नियमों की तरफ आकर्षित किया, जिसमें पहले से ही डीपफेक और गलत सूचना पर कार्रवाई का प्रावधान है, जिसका पालन करना अनिवार्य है, उन्हें यह भी बताया गया कि इन नियमों का पालन नहीं करने पर क्या कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि हमने (सरकार) इसके लिए एक एडवाइजरी भी जारी की है और अगर सरकार को लगता है कि इस एडवाइजरी का पालन नहीं किया जा रहा है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद में कमिश्नर नियुक्ति पर रोक

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर का निरीक्षण करने के लिए आयुक्त की नियुक्ति की अनुमति दी गई थी। सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, स्थानीय आयुक्त की नियुक्ति के लिए आवेदन बहुत अस्पष्ट है, आदेश को अगली तारीख तक लागू न करें। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा,आयोग को क्रियान्वित न होने दें। अपने आवेदन की प्रार्थना को देखो. 'मुकदमे में दिए गए कथन के आलोक में' एक आयोग नियुक्त करने की प्रार्थना बहुत अस्पष्ट है। आपको एक बहुत विशिष्ट प्रार्थना करनी होगी। आपको यह स्पष्ट होना होगा कि आप स्थानीय कमीशन किस लिए चाहते हैं। आप सर्वव्यापी आवेदन नहीं कर सकते।"। अपने अंतरिम आदेश में, पीठ, जिसमें दीपांकर दत्ता भी शामिल थे, ने कहा कि आयोग को क्रियान्वित नहीं किया जाएगा, लेकिन उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मुकदमे की कार्यवाही जारी रह सकती है। शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंधन समिति द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर नोटिस जारी करते हुए शीर्ष अदालत ने दूसरे पक्ष से 23 जनवरी तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

62वीं औपबंधिक सूची
जिला:–पलामू

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	काण्ड/वाद संख्या	झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही	आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
1.	1. आवेदन क्र0–59/23 2. आवेदक–शंकर प्रसाद चौधरी 3. पिता–स्व0 श्याम सुन्दर प्रसाद चौधरी 4. ग्राम–बेलवाटिका, धाना मल्लाह रोड पोस्ट–डाल्टनगंज 5. थाना–मेदनीनगर शहर प्रखण्ड–सदर मेदनीनगर 6. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–गाल पर चेचक का निशान।	नहीं	नहीं	कारण:–अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित। पार्टी का नाम–आजसू	2(ix)

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 316177 (Home) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

62वीं औपबंधिक सूची
जिला:–चतरा

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	काण्ड/वाद संख्या	झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही	आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
1.	1. आवेदन क्र0–211/23 2. आवेदक–रूपलाल महतो 3. पिता–गणेष महतो 4. ग्राम–पोकला पोस्ट–कसियाडीह 5. थाना–टण्डवा प्रखण्ड–टण्डवा 6. लिंग–पुरूष आयु–46 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–दॉये हथेली में तिल का निशान।	नहीं	नहीं	कारण:– अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–आजसा	2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0–212/23 2. आवेदक–राकेष कुमार षर्मा 3. पिता–स्व0 केदारनाथ शर्मा 4. ग्राम–चतरा पोस्ट–चतरा 5. थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा 6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–गले में तिल का निशान।	नहीं	नहीं	कारण:–झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अभिप्रमाणित अखबार कतरन में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–आजसा	2(ix)

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.316142 Home(23-24):D

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

62वीं औपबंधिक सूची
जिला:–लोहरदगा

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	काण्ड/वाद संख्या	झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही	आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
1.	1. आवेदन क्र0–617 2. आवेदक–जवाहीर अंसारी 3. पिता–स्व0 कयामत अंसारी 4. ग्राम–झखरा पोस्ट–बूटी 5. थाना–सेन्हा प्रखण्ड–सेन्हा 6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ में तिल का निषान।	अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0–एम0–60/93	नहीं	कारण:– दिनांक 01.03.1993 झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 माह 23 दिन	2(viii)(a)
2.	1. आवेदन क्र0–364 2. आवेदक–मुन्नी देवी उर्फ सुखमनी तिर्की 3. पिता–स्व0 चारो उराँव उर्फ थोमस तिर्की 4. पति–स्व0 षिवलखन उराँव 5. ग्राम–नवाड़ीपाडा पोस्ट–लोहरदगा 6. थाना–लोहरदगा प्रखण्ड–लोहरदगा 7. लिंग–महिला आयु–57 वर्ष 8. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0–एम0 159/89	नहीं	कारण:– दिनांक 21.04.1989 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन	2(viii)(a)
3.	1. आवेदन क्र0–01/24 2. आवेदक–परवेज अहमद 3. पिता–स्व0 गुलाम रासुल 4. ग्राम–अजीज काटेज लेन पोस्ट–लोहरदगा 5. थाना–लोहरदगा प्रखण्ड–लोहरदगा 6. लिंग–पुरूष आयु–अंकित नहीं 7. पहचान चिन्ह–बॉये एड़ी के उपर जख्म का निषान।	जी0आर0 सं0–410/91	नहीं	कारण दिनांक 22.10.1991 को झारखण्ड बंदी के दौरान विधि– व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन	2(viii)(a)
4.	1. आवेदन क्र0–19 2. आवेदक–फजल अब्बास 3. पिता–कबीर अंसारी 4. ग्राम–सेन्हा पोस्ट–सेन्हा 5. थाना–सेन्हा प्रखण्ड–सेन्हा 6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–दाहिने आँख पर कटे का निषान।	नहीं	नहीं	कारण:– अभिप्रमाणित झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन एवं पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–आजसू	2(ix)

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(दुर्गा उराँव) अध्यक्ष | (भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य

PR.NO.316175 Home(23-24):D

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

वीर बुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

आम सूचना

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना (LHDCP) योजनान्तर्गत जिला में ब्रुसेलोसिस (Brucellosis) बीमारी का रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु Brucellosis Vaccination Program 2023-24 ¼ Round 2) दिनांक 16.01.2024 से 31.03.2024 तक योग्य मादा गोवंशीय पशुओं (4–8 महीना) को निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जाना है।

Brucellosis Disease से पशुओं में प्रजनन क्षमता कम होने के कारण बांझपन का शिकार होना, गभवती पशुओं में गर्भपात हो जाना एवं Brucellosis Disease से ग्रसित पशु के सम्पर्क होने पर मानव में भी बीमारी का संक्रमण होने की संभावना होती है।

अतः सभी पशुपालकों से आग्रह है कि प्राईवेट वेक्सीनेटरों द्वारा किये जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम में पशु स्वामी द्वारा अपना आधार नं0 एवं मोबाईल नं0 उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा ताकि टीकाकरण से पूर्व पशुओं को UID टैग से टैगिंग एवं Bharat Pashudhan App में निबंधन किया जाना है। टीकाकरण का कार्य निर्धारित समय–सीमा के अन्दर ही किया जाना है।

उक्त कार्य के लिए विभागीय कर्मी, पशुधन सहायक/प्रावैधिक सहायक/पारा भेट/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकता /मैत्री/ पशु मित्र एवं अन्य इच्छुक युवक–युवक्तियों को प्रशिक्षण देकर कार्य में लगाया जाएगा। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा मानदेय निर्धारित की गई है।

जिला अन्तर्गत प्रखण्डों के विभिन्न ग्रामों में कार्य करने हेतु इच्छुक युवक–युवतियों अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से सम्र्पक करें। चयनित युवक–युवतियों को प्रशिक्षण देकर टीकाकरण एवं टैगिंग कार्य में लगाया जाएगा।

–: निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा ।

PR.NO.316154 Lohardaga(23-24):D

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

62वीं औपबंधिक सूची
जिला:–गढ़वा

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	काण्ड/वाद सख्या	झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही	आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
1.	1. आवेदन क्र0–35 2. आवेदक–विजय ठाकुर 3. पिता–स्व0 विश्वनाथ ठाकुर 4. ग्राम–जोबरईया पोस्ट–नवादा 5. थाना–गढ़वा प्रखण्ड–गढ़वा 6. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–दाहिने ऑख के नीचे गड्ढे का निशान।	नहीं	नहीं	कारण:–नोडल पदाधिकारी द्वारा आवेदक को आन्दोलनकारी होने का मंतव्य दिया गया है। पार्टी का नाम–झामुमो	2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0–25 2. आवेदक–मनोज ठाकुर 3. पिता–स्व0 विश्वनाथ ठाकुर 4. ग्राम–जोबरईया पोस्ट–नवादा 5. थाना–गढ़वा प्रखण्ड–गढ़वा 6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान।	नहीं	नहीं	कारण:–नोडल पदाधिकारी द्वारा आवेदक को आन्दोलनकारी होने का मंतव्य दिया गया है। पार्टी का नाम–झामुमो	2(ix)

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 316152 Home(23-24).D

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

62वीं औपबंधिक सूची
जिला:–लातेहार

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	काण्ड/वाद संख्या	झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही	आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
1.	1. आवेदन क्र0–17/23 2. आवेदक–उदय सिंह 3. पिता–स्व0 मटुकधारी सिंह 4. ग्राम–सेमरिया पोस्ट–टेमकी 5. थाना–लातेहार प्रखण्ड–लातेहार 6. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	लातेहार थाना काण्ड सं0–22/92	पृ0सं0–70 क्र0 05 (01)	कारण:–दिनांक 19.02.1992 को नाजायज मजमा बनाकर आजसू रैली के कार्यकर्ताओं द्वारा विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप पार्टी का नाम–आजसू जेल की अवधि– 25 दिन	2(viii)(a)
2.	1. आवेदन क्र0– 23/23 2. आवेदक–अनिल मनोहर केरकेट्टा 3. पिता–स्व0 मैथ्युस मनोहर केरकेट्टा 4. ग्राम–अम्बवाटोली (गुड़गुड़टोली) पोस्ट–अंकित नहीं 5. थाना–महुआडाँड़ प्रखण्ड–महुआडाँड़ 6. लिंग–पुरूष आयु–63 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉये पैर में घाव का निशान।	महुआडाँड थाना काण्ड सं0–16/91	पृ0सं0–71 क्र0 07 (02)	कारण:–दिनांक 15.04.1991 को उग्र भीड़ द्वारा बनाकर पुलिस जीप को आग लगाने आरोप। पार्टी का नाम–अन्य	2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0–28/23 2. आवेदक–आरडियन खाखा 3. पिता–थॉमस खाखा 4. ग्राम–बहेराटोली पोस्ट–अंकित नहीं 5. थाना–महुआडाँड़ प्रखण्ड–महुआडाँड़ 6. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	महुआडाँड थाना काण्ड सं0–16/91	पृ0सं0–71 क्र0 07 (05)	कारण:–दिनांक 15.04.1991 को उग्र भीड़ द्वारा बनाकर पुलिस जीप को आग लगाने आरोप। पार्टी का नाम–अन्य	2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0–66 2. आवेदक–उदय कुमार गुप्ता 3. पिता–अयोध्या प्रसाद गुप्ता 4. ग्राम–बरवाडीह पोस्ट–बरवाडीह 5. थाना–बरवाडीह प्रखण्ड–बरवाडीह 6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	नहीं	नहीं	कारण:–अभिप्रमाणित झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–अन्य	2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0–65 2. आवेदक–विद्यानन्द तिवारी 3. पिता–स्व0 नन्द किषोर तिवारी 4. ग्राम–खुरा पोस्ट–बरवाडीह 5. थाना–बरवाडीह प्रखण्ड–बरवाडीह 6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	नहीं	नहीं	कारण:–अभिप्रमाणित झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–आजसू	2(ix)
6.	1. आवेदन क्र0–55 2. आवेदक–अनूप कुमार 3. पिता–स्व0 नन्दलाल प्रसाद 4. ग्राम–बरवाडीह पोस्ट–बरवाडीह 5. थाना–बरवाडीह प्रखण्ड–बरवाडीह 6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	नहीं	नहीं	कारण:–अभिप्रमाणित झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–आजसू	2(ix)
7.	1. आवेदन क्र0–07/24 2. आवेदक–सुनील कुमार 3. पिता–स्व0 भोला प्रसाद 4. ग्राम–बरवाडीह पोस्ट–बरवाडीह 5. थाना–बरवाडीह प्रखण्ड–बरवाडीह 6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉये ऑख के उपर कटे का निशान	नहीं	नहीं	कारण:–अभिप्रमाणित झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–आजसू	2(ix)

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 316169 Home(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 16/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 28.12.2023 जो PR 314699 Rural Work Department (23-24)D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR.NO.316103 Rural Development(23-24):D

समाहरणालय, लातेहार (निर्वाचन शाखा)

लोकसभा/विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु निविदा आमंत्रण की
"आम सूचना"

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित विडियोग्राफी/ फोटोग्राफी, CCTV /टेन्ट शामियाना लाईट एवं साउण्ड/मुद्रण सामग्री/कार्यालय उपयोगी सामग्री/मतदान सामग्री/अल्पाहार भोजनादि/कम्प्यूटर, फोटोकॉपियर, प्रिंटर, डेस्कटॉप, कार्टिज इत्यादि के दर निर्धारण हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है। दिनांक 30.01.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक इच्छुक निविदादाता ई–निविदा समर्पित कर सकते हैं। प्राप्त ई–निविदा दिनांक 01.02.2024 को अपराह्न 12:30 बजे समाहरणालय सभागार, लातेहार में खोला जायेगा। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरणी एवं शर्तें http:// jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लातेहार | जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 316102 (Land Reforms)23-24*D

न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,लातेहार

राजसात अपील वाद संख्या–03/2021

नोटिस

बनाम्

कन्हाई यादव पिता–प्रभू यादव

सा0–चुटिया, थाना–महुआडॉड़, जिला–लातेहार :–अपीलार्थी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में दायर राजसात अपील में बार–बार नोटिस देने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित रह रहे हैं।

अतः आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वाद की सुनावाई हेतु निर्धारित अगली तिथि 02.02.2024 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अन्यथा अभिलेख में संलग्न दस्तावेज के आधार पर वाद में अंतिम निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 316117 District(23-24).D

कांग्रेस भाजपा का शंकराचार्य विवाद

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर देशभर के आस्थावान लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है, तो वहीं दूसरी ओर इसे लेकर राजनीति भी गरमाई हुई है। कांग्रेस ने इस समारोह के लिए मिले निमंत्रण को ठुकरा दिया है, जिसके बाद पार्टी में दो फाड़ देखने को मिल रही है। राम मंदिर को लेकर कांग्रेस के कई नेता सरकार और पीएम मोदी की सराहना कर रहे हैं। मगर कांग्रेस का आरोप है कि ये कार्यक्रम धार्मिक नहीं, बल्कि भाजपा का है। कांग्रेस ने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह को लेकर ये दावा किया कि चारों शंकराचार्य स्पष्ट रूप से कह चुके हैं कि एक अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा नहीं की जा सकती। हालांकि कांग्रेस का ये दावा कितना सच्चा है इसका अंदाजा विश्व हिंदू परिषद के इस बयान से लगाया जा सकता है कि चार शंकराचार्यों में से दो ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का 'खुलकर स्वागत किया' है, लेकिन उनमें कोई भी 22 जनवरी को अयोध्या में इस भव्य अनुष्ठान में शामिल नहीं होंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ती जा रही है, ऐसे में कांग्रेस का ये फैसला उसे किस हद तक नुकसान झेलने पर मजबूर कर सकता है ये समझना मुश्किल नहीं है। ये कहा जाए कि चुनाव से पहले ऐसे कदम उठाकर कांग्रेस अपने ही पांव पर कुल्हाड़ी मार रही है, तो गलत नहीं होगा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक 'पूरी तरह से एक राजनीतिक कार्यक्रम' बना दिया है, जो शंकराचार्यों की सलाह के बिना और धार्मिक प्रक्रियाओं की उपेक्षा करके आयोजित किया जा रहा है। यदि कांग्रेस को धार्मिक भावनाओं का इतना ही ख्याल है तो वो ये क्यों भूल रही है कि कई धार्मिक हस्तियों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अनुष्ठान करने के लिए खुलकर मोदी की प्रशंसा की है। कांग्रेस अगर अपना नुकसान कर रही है, तो भाजपा को सीधे फायदा भी पहुंचा रही है।

कांग्रेस ने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह को लेकर ये दावा किया कि चारों शंकराचार्य स्पष्ट रूप से कह चुके हैं कि एक अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा नहीं की जा सकती। हालांकि कांग्रेस का ये दावा कितना सच्चा है इसका अंदाजा विश्व हिंदू परिषद के इस बयान से लगाया जा सकता है कि चार शंकराचार्यों में से दो ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का 'खुलकर स्वागत किया' है, लेकिन उनमें कोई भी 22 जनवरी को अयोध्या में इस भव्य अनुष्ठान में शामिल नहीं होंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ती जा रही है, ऐसे में कांग्रेस का ये फैसला उसे किस हद तक नुकसान झेलने पर मजबूर कर सकता है ये समझना मुश्किल नहीं है।

कांग्रेस इसे राजनीतिक कार्यक्रम करार दे रही है। मगर करोड़ों श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर मंदिर निर्माण का मुद्दा भाजपा के हर चुनावी घोषणापत्र में शामिल रहा है। 500 से अधिक वर्षों के इंतजार के बाद करोड़ों भक्तों का ये सपना साकार हो रहा है, ऐसे में अगर कांग्रेस इस मुद्दे पर भी सियासत करेगी तो लोगों की भावनाएं जरूर आहत होंगी। निश्चित तौर पर इसका सबसे अधिक नुकसान तो कांग्रेस को होगा, मगर अपने वादे को पूरा करने के लिए लोगों का झुकाव ओर आकर्षण भाजपा की ओट ओर बढ़ेगा, कांग्रेस का विरोध भाजपा को चुनाव में लाभ पहुंचा सकता है। कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया और कहा कि 'किसी भी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान और धर्मशास्त्र के हिसाब से होती है।

इन दिनों

रामभद्राचार्य श्रीराम के अद्भुत शिल्पकार व व्याख्याकार

ललित गर्ग

देश में कितने ही पवित्र संत, गुरु, ऋषियों ने अपने दैवीय शक्ति, आनंद, प्राचीन ग्रंथों के ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान के साथ दुनिया को अलौकिक एवं चमत्कृत किया है, परम सत्ता से साक्षात्कार के लिये अग्रसर किया है। इनमें श्रद्धेय पद्म विभूषण जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज भी हैं, जिन्होंने श्रीरामचरित मानस एवं श्रीमद्भागवतजी का ऐसा प्रचार प्रसार किया और एक ऐसी आध्यात्मिक लहर चलायी है जिसने हर इंसान का जीवन ही बदल दिया है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व उनका अमृत महोत्सव भव्य रूप में आयोजित हो रहा है। टेंट से निकाल कर प्रभु को मन्दिर में प्रतिष्ठापित करने का श्रेय जिन महाशक्तियों को दिया जाता है, उनमें वे अग्रणी है और उनकी भूमिका अस्मिरणीय हैं। दो वर्ष की आयु से ही नेत्रहीन जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्यजी का नाम हिंदू समाज में बड़े ही आदर सम्मान के साथ लिया जाता है। रामभद्राचार्यजी रामानंद संप्रदाय के चार प्रमुख जगद्गुरुओं में से एक हैं। हिंदू धर्म में साधु-संतों का खास महत्व रहा है। वे एक सच्चे, अद्वितीय और तपस्वी संत हैं, जिन्होंने अपने प्रवचनों और ज्ञान के भंडार से भक्तों को सही मार्ग बताकर उनके जीवन का उद्धार किया है। उन्होंने अपने गहन प्रेम और भक्ति के सहारे न केवल अपने प्रभु श्रीराम एवं बिहारीजी से स्वयं साक्षात्कार किया बल्कि अपने भक्तों को भी उनसे मिलवाया। एक अद्भुत छवि, एक अद्भुत जीवन, एक अद्भुत संत, एक विलक्षण कथावाचक के रूप में उनका जीवन तनावों की भीड़ में शांति का सन्देश है, समस्याओं एवं परेशानियों के बीच मुस्कुराहट का पैगाम है, चंचल चित्त के लिये एकाग्रता एवं प्रभु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण-भक्ति की प्रेरणा है। वे दुनियाभर के कई लोगों के लिए एक आध्यात्मिक नेता और गुरु हैं। विश्व के अनेक राष्ट्रों सहित भारत में उनकी 1275 से अधिक श्रीराम चरितमानस एवं 1115 श्रीमद्भागवत पर कथाएं सम्पन्न हुई हैं। भारतीय वांगमय के लगभग डेढ़ लाख पृष्ठों का लेखन आपने किया है। उनके मस्तिष्क में डेढ़ लाख से अधिक श्लोक रचनाएं रची-बसी हैं। वे एक घंटे में सौ से अधिक श्लोक एवं चौपाइयां बनाने की क्षमता रखते हैं। हिन्दू संस्कृति और आध्यात्मिकता के बारे में उनका ज्ञान लोगों को आत्म-प्राप्ति और सर्वोच्च शक्ति के करीब महसूस करने में मदद करता है। वे अपने मधुर भजनों को सुनाते हैं, तो वह भक्तों को दिव्य शांति और प्रेम (भक्ति) की अनूठी दुनिया में ले जाता है जगद्गुरु रामभद्राचार्य का जन्म 14 जनवरी 1950 को जौनपुर के उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनका वास्तविक नाम गिरिधर मिश्र है। बचपन में ही आंख जाने के बाद उनके सामने समस्याएं काफी अधिक थीं। लेकिन उन्होंने अपनी शारीरिक विकलांगता को अपनी ताकत बनाया। दादा ने उन्हें प्रारंभिक शिक्षा दी। रामायण, महाभारत, विश्रामसागर, सुखसागर, प्रेमसागर, ब्रजविलास जैसे किताबों का पाठ कराया। विलक्षण प्रतिभा के धनी गिरधर ने महज तीन साल की उम्र में अपनी पहली रचना अपने दादा को सुनाई तो सब दंग रह गए। जब वे पांच वर्ष के हुए तो श्रीमद्भागवत गीता और आठ वर्ष की आयु में श्रीराम चरितमानस को पूरी तरह कठंस्थ कर लिया था। रामभद्राचार्य महान शिक्षक, संस्कृत विद्वान, बहुभाषाविद, महामनीषी, कवि, लेखक, पाठ्य टीकाकार, कथावाचक, दार्शनिक, संगीतकार, गायक, नाटककार के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होंने संत तुलसीदास के नाम पर चित्रकूट में एक धार्मिक और सामाजिक सेवा संस्थान तुलसी पीठ की स्थापना की। वे चित्रकूट में ही जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के संस्थापक और आजीवन चांसलर हैं। रामानंद संप्रदाय के चार जगद्गुरु में से वे एक हैं। वर्ष 1988 में उन्होंने यह पद धारक हैं। उनकी विलक्षण प्रतिभा एवं दैवीय क्षमताओं का हर कोई कायल है। वे अपने असाधरण कार्यों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया। नेत्रहीन होते हुए भी उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से कई भविष्यवाणियां की जिनमें कई सत्य हुई। वे केवल सुनकर ही सीखते हैं और बोलकर अपनी रचनाएं लिखवाते हैं। उन्होंने अपने विवेक प्रदीप्त मस्तिष्क से, विशाल परिकल्पना से, दैवीय शक्ति से प्रभु श्रीराम के जीवन के अन्तर्रहस्यों का उद्घाटन किया है। आपने जो अभूतपूर्व एवं अनूठी दिव्य दृष्टि प्रदान की है, जो भक्ति-ज्ञान का विश्लेषण तथा समन्वय, शब्द ब्रह्म के माध्यम से विश्व के सम्मुख रखा है। आपके अनुपम शास्त्रीय पाण्डित्य द्वारा, न केवल आस्तिकों का ही ज्ञानवर्धन होता है अपितु नयी पीढ़ी के शंकालु युवकों में भी धर्म और कर्म का भाव संचित हो जाता है। ऐसा प्रतीत होता है आपका प्रभु से सीधा साक्षात्कार होता रहता है। जुलाई 2003 में रामभद्राचार्य ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में श्रीराम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद विवाद मामले के अन्य मूल मुकदमा संख्या 5 में धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ गवाह के रूप में गवाही दी । उनके हलफनामे और जिरह के कुछ अंश उच्च न्यायालय के अंतिम फैसले में उद्धृत किये गये हैं। अपने हलफनामे में, उन्होंने रामायण, रामतापनीय उपनिषद, स्कंद पुराण, यजुर्वेद, अथर्ववेद सहित प्राचीन हिंदू ग्रंथों का हवाला दिया, जिसमें अयोध्या को हिंदुओं के लिए पवित्र शहर और श्रीराम की जन्मस्थली बताया गया है। उन्होंने तुलसीदास द्वारा रचित दो रचनाओं के छंदों का हवाला भी दिया, जो उनकी राय में, विवाद के समाधान के लिए प्रासंगिक हैं। पहले उद्धरण में दोहा शतक नामक कृति के आठ छंद शामिल थे, जिसमें मुगल शासक बाबर द्वारा 1528 ईस्वी में विवादित स्थल पर एक मंदिर के विनाश और एक मस्जिद के निर्माण का वर्णन किया गया था, जिसने जनरल मीर बाकी को राम मंदिर को नष्ट करने का आदेश दिया था। जो सनातन धर्मियों द्वारा पूजा का प्रतीक माना जाता है।

दो वर्ष की आयु से ही नेत्रहीन जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्यजी का नाम हिंदू समाज में बड़े ही आदर सम्मान के साथ लिया जाता है। रामभद्राचार्यजी रामानंद संप्रदाय के चार प्रमुख जगद्गुरुओं में से एक हैं। हिंदू धर्म में साधु-संतों का खास महत्व रहा है। वे एक सच्चे, अद्वितीय और तपस्वी संत हैं, जिन्होंने अपने प्रवचनों और ज्ञान के भंडार से भक्तों को सही मार्ग बताकर उनके जीवन का उद्धार किया है। उन्होंने अपने गहन प्रेम और भक्ति के सहारे न केवल अपने प्रभु श्रीराम एवं बिहारीजी से स्वयं साक्षात्कार किया बल्कि अपने भक्तों को भी उनसे मिलवाया।

आपकी बात

महिलाओं के अनुकूल हो राजधानी या कोई दूसरा शहर

डॉ. रंजू सैनी

आधुनिक भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं नौकरी,व्यवसाय से लेकर मार्केटिंग के लिए निकलती हैं पर उनकी बड़ी समस्या है कि उनके लिए साफ सुथरे महिला अनुकूल सार्वजनिक शौचालय कहीं नहीं हैं । कहने को रांची नगर निगम के शौचालय हैं पर उनकी हालत ऐसी नहीं कि कोई महिला वहां जा सके । स्वच्छ भारत अभियान के समय पेट्रोल पंपों में भी शौचालय शुरू किए गए थे पर उनकी भी हालत खराब है और शहरी क्षेत्र में पेट्रोल पंपों की संख्या है भी बहुत कम।

अलाव की व्यवस्था से लोगों को राहत

कोडरमा में इन दिनों ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। सड़क किनारे और रेलवे स्टेशन पर रात गुजारने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन ने जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की है। जिससे गरीब और लाचार लोगों को काफी ठंड से राहत मिली है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा गरीब और लाचार लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया जा रहा है। इधर ठंड को देखते हुए नगर पंचायत के प्रशासक की देखरेख में नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। जबकि सड़क किनारे रात गुजारने वाले लोगों के बीच कंबल का वितरण भी नगर प्रशासक ने किया। कड़ाके की ठंड तक अलाव जलाने की व्यवस्था जारी रहेगी। इधर बाजार समिति सचिव अभिषेक आनंद और नगर परिषद प्रशासक हर्षवर्द्धन ने स्टेशन के आसपास रहने वाले जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया,ताकि ठंड से राहत मिल सके। उपरोक्त व्यवस्था से गरीब व असहाय लोगों को काफी राहत महशूस कर रहे हैं। मौसम विभाग अभी आगे भी ठंड बढ़ने का संकेत दे रहा है। जिसे देखते हुए आम गरीब व फुटपाथी बेसहारों को अलाव और कंबल के सहारे की जरुरत पड़ेगी। हालांकि इस विषय में जिला प्रशासन लागतार कार्य कर रहा है। इसके बाद भी समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्रशासन को लगातार मुआयना कर आवश्यक स्थानों पर अलाव का प्रबंध करना चाहिए।

- **निलेश कुमार, कोडरमा**

संगीत की दुनिया

प्रेरणादायी हैं गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश


योगेश कुमार गोयल

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्ध कलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिये जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरु पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने। अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य 'सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं' सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी । शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है।

गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है।

फेसबुक वॉल से

X - से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

भारत में फिर से श्रीराम बिराजें- 10

।।।। रामो विग्रहवान धर्म : ।।।।

डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

भारत का जो भौतिक संसार है, जो वृक्ष और पादप हैं, पशु-पक्षी और पर्वतमालाएं हैं। उनका सर्वोत्तम चित्रण वाल्मीकि के रामायण में मिलता है। उस वाल्मीकि ने राम के आख्यान को गाने के लिए कथ्य सामग्री को लोक से संग्रह किया ताकि उनके चरित्र का समग्रता से गायन किया जा सके। वाल्मीकि के रामायण में उनका समूचा आग्रह श्रीराम के चरित्र पर होता है। जीवन में चरित्र और जगत में चरित्रवान व्यक्ति को खोजना बहुत कठिन है। त्रेता में श्रीराम और द्वापर में युधिष्ठिर जैसे चंद नाम ही इतिहास के पन्नों पर है। वाल्मीकि ने चरित्र को धर्म का पर्यायवाची माना है। उनकी दृष्टि में श्रीराम धर्म के प्रत्यक्ष मूर्ति है- रामो विग्रहवा धर्मः। (अरण्य, 37/13)। राम का चरित्र यूं ही वाल्मीकि के समक्ष नहीं आ गया। उन्होंने महर्षि नारद से सवाल किया कि इस समय लोक में गुणवान, वीर्यवान, धर्मज्ञ, सत्यवादी, चरित्रयुक्त आदि विभिन्न सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति कौन है ? इसके जवाब में नारद ने गुणों की पूरी तालिका बतायी और अंत में कहा- राम नियतात्मा है। उन्होंने इंद्रियों का जय किया है। वे महावीर्य हैं। वाल्मीकि ने राम के चरित्र को आधा श्लोक में समेट दिया है। वह कहते है कि- समुद इव गांभीर्ये धैर्येण हिमवानिव (बाल, 01/17)। उनकी नजरों में राम से अधिक कोई सत्पथ में स्थित नहीं है। सीता और राम के संदर्भ में वह कहते है कि सीता राम के तुल्य है और राम सीता के तुल्य। शील, आयु, आचार और कुल के लक्षणों के आधार पर सीता का जो चरित्र चित्रण हुआ है, वह भारतीय सभ्यता के लिए एक मील का पत्थर है। रामायण में ऐसे कई जगह है जहां सीता ने राम से अपना मतभेद प्रकट किया, लेकिन कभी भी उन्होंन पति के धर्म पर सवाल नहीं किया। इसका कारण है कि धर्म भी श्रीराम के रूप में मूर्त होता है। वे प्राणियों के रक्षक और धर्म के परिरक्षक है। वह मनुष्यों के दुख देखकर सामान्य जन की तरह दुखी होते हैं और सुख में एक पिता की तरह प्रसन्न होते हैं। उनकी सबसे उत्कृष्ट गुण है कि राम एक बार कोई बात कहकर उससे पलटते नहीं है। ये ऐसे गुण है जो हरेक देश और काल के सापेक्ष है। अब हम इन गुणों एवं चरित्र को छोड़कर कुछ चंद शब्द और अक्षरों के विश्लेषण में ही रह जाते हैं। ऐसे ही समय के लिए कहा गया है कि जाकि रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तीन तैसी।

जीवन में चरित्र और जगत में चरित्रवान व्यक्ति को खोजना बहुत कठिन है। त्रेता में श्रीराम और द्वापर में युधिष्ठिर जैसे चंद नाम ही इतिहास के पन्नों पर है। वाल्मीकि ने चरित्र को धर्म का पर्यायवाची माना है।

बोधि वृक्ष

पशुपतिनाथ व्रत की विधि व कथा

3. भगवान शिव को प्रिय यह पशुपति व्रत निश्चय ही सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला है। व्रत के दौरान काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों से दूर रहें। व्रत के दौरान भूलकर भी कभी भी तामसिक पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए।

4. वैसे तो कभी भी हिंसा नहीं करनी चाहिए, लेकिन इस दौरान कभी भी इंसान या किसी जानवर के साथ हिंसक व्यवहार नहीं करना चाहिए।

5. महिलाओं और बच्चों को सम्मान दें और किसी भी प्रकार के अनावश्यक वाद-विवाद और कलह में न पड़ें।

पशुपति व्रत कब नहीं करना चाहिए

वैसे तो कोई भी व्यक्ति पूरी श्रद्धा से इस व्रत को कर सकता है, लेकिन यदि कोई बीमार है या वृद्धावस्था के कारण इस व्रत को करने में असमर्थ है तो उसे इस व्रत को नहीं करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को यह व्रत नहीं करना चाहिए और मासिक धर्म के दौरान ऐसी महिलाएं अपने पति के न होने पर अपने पुत्र से पूजा का कार्य करवा सकती हैं। इनके लिए केवल पूजा विधि ही वर्जित है, अन्यथा ये व्रत भी रख सकते हैं।

` पशुपति व्रत कितने करे

मुख्य रूप से सभी को पांच व्रत करने चाहिए। बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए की जब से आप व्रत शुरू करे उस दिन सोमवार होना आवश्यक है। उसके ठीक पांच सोमवार बाद व्रत को पूर्ण करे।

(समाप्त)

कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य

कैलाश पर्वत भारत के उत्तरी पडोसी देश तिब्बत की पर्वतीय श्रंखला है. कैलाश पर्वत अपने आप में अद्भुत रहा है। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

गायब हुई तस्वीरों को रिकवर करने का तरीका

एंड्रॉयट डिवाइस खुद भी डिफॉल्ट वेब ब्राउजर्स के साथ आते हैं। ये सामान्यतः क्रोम होता है या कभी-कभी कंपनी के खुद के भी ब्राउजर देखने को मिलते हैं। लेकिन अगर आप क्रोमा या फिर अन्य से बोर हो गये हैं तो प्राइवेसी को लेकर परेशान रहते हैं तो हम आपके लिए DuckDuckGo जो एक अच्छा विकल्प हो सकता है।



DuckDuckGo प्राइवेसी ब्राउजर

प्राइवेसी पर फोकस करते हुए DuckDuckGo इस लिस्ट में फिट बैठता है। इस ब्राउजर में मिनिमल इंटरफेस मिलता है और इसमें किसी भी एक टैप से डेटा को हटाया जा सकता है। इसके लिए केवल एड्रेस बार से राइट से एक बटन पर टैप करना होता है। वहीं इस ब्राउजर की सबसे खास बात ये है कि ये वेब में किसी भी ट्रैकर को आपकी एक्टिविटीज को फॉलो करने नहीं देता। एक अलग तरह का ब्राउजर है। ये बाकी सर्च इंजन से अलग है ये सभी यूजर्स को किसी भी सर्च टर्म के लिए एक जैसा ही सर्च रिजल्ट दिखाता है। जो कि एक तरह से काफी इंप्रेसिव है। इसमें कई प्राइवेसी और सिक्योरिटी रिलेटेड फीचर्स मिलते हैं। जैसे- इसमें बिल्ट इन पासवर्ड मैनेजर और ब्लॉकर मिलता है। साथ ही इसमें एक नेटिव वीडियो प्लेयर भी मिलता है जो कि ट्रैकिंस कोकीज को ब्लॉक करता है। **(समाप्त)**

5 जी इस्तेमाल के आधार पर भारत टॉप 3 देशों में शामिल

नोकिया की 6जी रिसर्च लैब के उद्घाटन के दौरान नोकिया के अध्यक्ष और सीईओ पेक्का लुंडमार्क में भारत में 5जी कनेक्टिविटी नेटवर्क के डेप्लॉयमेंट के बारे में बात की। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

झारखंड कॉन्सटेबल भर्ती के लिए 15 जनवरी से शुरू हुए आवेदन

10वीं पास कर सकते हैं अप्लाई

अनन्या मिश्रा

जेएसएससी पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2024 के लिए 15 जनवरी 2024 से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। कैंडिडेट झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सरकारी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, JSSC ने झारखंड कांस्टेबल कंपीटिटिव एग्जामिनेशन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

जेएसएससी पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2024 के लिए 15 जनवरी 2024 से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में जो भी उम्मीदवार आवेदन करना चाहते हैं, वह झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट jssc.nic.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन की लास्ट डेट 14 फरवरी 2024 है। वहीं सुधार विंडो के माध्यम से उम्मीदवारों को अपने आवेदन पत्र को संपादित करने का अवसर भी मिलेगा। इसके अलावा 20 से 22 फरवरी तक उम्मीदवार आवेदन में सुधार कर सकते हैं। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से गृह, जेल एवं आपदा प्रबंधन विभाग में कुल 4,919 कांस्टेबल की भर्ती की जाएगी।

क्वालिफिकेशन और आयु

इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना जरूरी है। वहीं आयु सीमा 18 से 25 साल के बीच होनी चाहिए। राज्य सरकार के नियमों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में आरक्षित वर्ग को छूट मिलेगी।

सिलेक्शन प्रोसेस

झारखंड कांस्टेबल की भर्ती के लिए कंपीटिटिव एग्जामिनेशन के कई चरण होंगे। कैंडिडेट को शारीरिक परीक्षा और रिटेन परीक्षा के आधार पर सिलेक्शन होगा। वहीं शारीरिक दक्षता की जांच के लिए दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जहां पुरुषों को 60 मिनट में 10 किमी तो वहीं महिला कैंडिडेट को 30 मिनट में 5 किमी की दूरी तय करनी होगी। इसके साथ ही रिटेन एग्जाम में दो पेपर होंगे और हर पेपर की अवधि कुल 2 घंटे की होगी। हर सही उत्तर के लिए 3 अंक प्राप्त होंगे और हर गलती का 1 अंक काट लिया जाएगा। इस भर्ती में चयनित उम्मीदवारों को हर महीने 21700 रुपये से 69100 रुपये सैलरी मिलेंगी।

ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले JSSC की ऑफिशियल वेबसाइट jssc.nic.in पर जाएं।
फिर होमपेज पर अप्लाई ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करें।
इसके बाद आपको नए वेबपेज पर रीडॉयरेक्ट किया जाएगा।
अब न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करके मांगी गई जानकारी दर्ज करें।
फिर जनरेट हुए लॉगिन क्रेडेंशियल के इस्तेमाल से ऑनलाइन फॉर्म भरें।
आवेदन में मांगे गए जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
आखिरी में आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
वहीं भविष्य के लिए झारखंड पुलिस कांस्टेबल 2024 आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर लें।

एप्लीकेशन फीस

सामान्य वर्ग और अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के लिए सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपये है। वहीं राज्य के एससी और एसटी उम्मीदवारों को 50 रुपए एप्लीकेशन फीस देना होगा। फीस का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

पटना हाईकोर्ट में डिस्ट्रिक्ट जज के पदों पर निकली बंपर वैकेंसी

पटना हाईकोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट जज के पदों पर वैकेंसी निकाली है। ऐसे में आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार 20 जनवरी 2024 से पहले आवेदन कर सकते हैं। इन पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास लॉ में ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। सरकारी नौकरी की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। बता दें कि पटना हाईकोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट जज पदों पर वैकेंसी निकाली है। ऐसे में जो भी उम्मीदवार डिस्ट्रिक्ट जज के पदों पर आवेदन करना चाहते हैं, तो वह ऑफिशियल वेबसाइट patnahighcourt.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 22 दिसंबर से शुरू हो चुकी है। वहीं आवेदन की लास्ट डेट 20 जनवरी 2024 है।

कुल पद : 30

लास्ट डेट : डिस्ट्रिक्ट जज पदों पर 22 दिसंबर 2023 से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वहीं आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार 20 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

क्वालिफिकेशन : इन पदों पर आवेदन करने वाले युवाओं का मान्यता प्राप्त संस्थान से लॉ में ग्रेजुएशन होना अनिवार्य है। इसके साथ ही कैंडिडेट ने कम से कम 7 साल प्रैक्टिस की हो। वहीं इन पदों पर आवेदन के लिए कई योग्यताओं का होना जरूरी है। इसलिए आवेदन से पहले उम्मीदवार एक बार वैकेंसी नोटिफिकेशन चेक कर लें।

आयु सीमा : इन पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 35 से 50 साल के बीच होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए नोटिफिकेशन जरूर चेक कर लें।

फीस : डिस्ट्रिक्ट जज के पदों पर आवेदन के लिए जनरल कैटेगरी के उम्मीदवारों को 1500 रुपए और रिजर्व्ड कैटेगरी के उम्मीदवारों को 750 रुपये एप्लीकेशन फीस देनी होगी।

सिलेक्शन : इन पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को तीन चरणों से यानी की प्री, मेंस और इंटरव्यू से गुजरना होगा।

सैलरी : इन पदों पर सिलेक्शन पाने वाले उम्मीदवारों को 1,44,000 से 1,94,000 रुपये मासिक सैलरी दी जाएगी।

बदल गई परीक्षा की तारीख, अब इस दिन होगा मेडिकल टेस्ट

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट पीजी 2024) के लिए होने वाली परीक्षा की तारीख में बदलाव किया गया है। अब परीक्षा का आयोजन 7 जुलाई 2024 को होना है। जो उम्मीदवार इस साल ये परीक्षा देना चाहते हैं।

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) ने नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट पीजी 2024) का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी कर दिया है। जारी शेड्यूल के अनुसार नीट पीजी 2024 की परीक्षा का आयोजन अब 7 जुलाई 2024 को होगा। पहले इस परीक्षा का आयोजन 3 मार्च 2024 को किया जाना था। अब परीक्षा की तारीख को तीन महीने आगे बढ़ा दिया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वह रिवाइज्ड शेड्यूल आधिकारिक वेबसाइट nbe.edu.in और natboard.edu.in पर देख सकते हैं। वहीं अभी ये नहीं बताया गया है कि परीक्षा की तारीख में क्यों बदलाव किया गया है।

NBEMS की ओर से जारी एक आधिकारिक नोटिस में कहा गया है, नीट पीजी 2024 परीक्षा का आयोजन, जिसे पहले 3 मार्च 2024 को अस्थायी रूप से आयोजित करने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब इस तारीख को पुनर्निर्धारित कर दिया गया है। परीक्षा का आयोजन 7 जुलाई 2024 को किया जाना है।

वर्तमान में नीट पीजी 2024 के लिए आवेदन की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि रजिस्ट्रेशन पोर्टल जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट natboard.edu.in पर उपलब्ध होगा। मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए एनरोलमेंट करते समय छात्रों के पास एक वैलिड ईमेल पता और एक मोबाइल नंबर होना चाहिए।

वर्तमान में नीट पीजी 2024 के लिए आवेदन की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि रजिस्ट्रेशन पोर्टल जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट natboard.edu.in पर उपलब्ध होगा। मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए एनरोलमेंट करते समय छात्रों के पास एक वैलिड ईमेल पता और एक मोबाइल नंबर होना चाहिए। वहीं जो छात्र इस साल नीट पीजी परीक्षा में शामिल होने की प्लानिंग कर रहे हैं, उन्हें सलाह दी जाती है, वह नियुमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट चेक करते रहें।

नीट पीजी 2024 की तारीख में बदलाव से पहले अंदाजा लगाया जा रहा था कि परीक्षा जुलाई के पहले सप्ताह और काउंसलिंग अगस्त के पहले सप्ताह में आयोजित किया जायेगा।

हालांकि अभी परीक्षा की तारीख जारी कर दी गई है, लेकिन काउंसलिंग के बारे में कोई सूचना जारी नहीं हुई है। वहीं दूसरी ओर, NExT (नेशनल एग्जिट टेस्ट), एक नेशनल लेवल की मेडिकल परीक्षा है। उसे इस साल आयोजित नहीं किया जाएगा।

पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन 2023 के अनुसार, मौजूदा नीट पीजी परीक्षा तब तक जारी रहेगी, जबतक कि पीजी प्रवेश के उद्देश्य से प्रस्तावित NExT चालू नहीं हो जाता। नीट पीजी एक एलिजिबिलिटी कम रैंकिंग परीक्षा है जो नेशनल मेडिकल कमीशन एक्ट 2019 के तहत विभिन्न एमडी/एमएस और पीजी डिप्लोमा कोर्सेज में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

'दूर की जायें यूजीसी नेट की अनियमितताएं'

यूजीसी नेट की परीक्षा देने वाले कई छात्रों का कहना है कि कुछ विषयों की उत्तर कुंजी (आंसर की) में पचास प्रतिशत से अधिक उत्तर गलत हैं। इन छात्रों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से विसंगतियां दूर करने की मांग की है।

इस संदर्भ में छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने यूजीसी एवं एनटीए के समक्ष लिखित में यह मांग रखी है। छात्रों का कहना है कि कुछ विषयों की जारी उत्तर कुंजी में पचास प्रतिशत से अधिक उत्तर गलत होने का संज्ञान लिया जाना चाहिए। इन गलतियों को तत्काल सुधार की आवश्यकता है ताकि छात्रों के बीच उत्पन्न हुई असमंजस व अनिश्चिता की स्थिति दूर हो सके।

अभाविप ने मांग की है कि आवेदन से लेकर परिणाम जारी होने तक आने वाली सभी अनियमितताओं पर ध्यान देते हुए पूरी प्रक्रिया को गलती रहित बनाया जाए। छात्र संगठन का मानना है कि इस प्रकार की गंभीर अनियमितताओं से छात्रों के समय एवं भविष्य दोनों ही संकट में आते हैं।

गौरतलब है कि 5 जनवरी को एनटीए द्वारा यूजीसी नेट परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी की गई थी। इसमें कुछ विषयों में अनेकों छात्रों द्वारा मिलान किया गया तो पचास प्रतिशत से भी अधिक उत्तर गलत पाए गए। छात्रों का कहना है कि इतने अधिक उत्तरों के हेतु एक अभ्यर्थी द्वारा आवेदन किया जाना भी संभव नहीं है। छात्रों ने दोनों ही संस्थाओं से संपर्क का प्रयास भी किया, जिसका कोई उत्तर नहीं मिला। पूर्व में यूजीसी नेट के आवेदन के समय भी तकनीकी समस्या के चलते अनेकों छात्र परीक्षा में आवेदन नहीं कर पाए थे। अभाविप ने पत्र लिखकर दोनों ही संस्थाओं से इस प्रकार की गंभीर अनियमितताओं को तत्काल प्रभावी कदम उठाकर दूर करने की मांग की है।

"यूजीसी नेट की परीक्षा देने वाले कई छात्रों का कहना है कि कुछ विषयों की उत्तर कुंजी (आंसर की) में पचास प्रतिशत से अधिक उत्तर गलत हैं।"

फाईल फोटो

अभाविप के याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि एनटीए द्वारा आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा में बार-बार इस प्रकार गंभीर अनियमितताओं का आना दुर्भाग्यपूर्ण एवं अस्वीकार्य है। जहां देश एनईपी के माध्यम से देश में शिक्षा क्षेत्र में व्यापकता एवं अवसरों का निर्माण कर रहा है, वहीं, एनटीए द्वारा परीक्षाओं में इस प्रकार की अनियमितताएं छात्रों के भविष्य को अधर में डालने वाली हैं।

अभाविप की मांग है कि तत्काल संज्ञान में लेकर एनटीए द्वारा इन अनियमितताओं को दूर करना चाहिए।

सूडोकु नवताल- 6947

मध्यम

		5			8			3
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6			7			1	
4	2							
		1						8
				7	4		3	
6				2			7	

सूडोकु नवताल -6946 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8

दैनिक पंचांग

17 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मकर में	मकर	06.35 बजे से
चंद्र	मीन में	कुंभ	08.25 बजे से
मंगल	धनु में	मीन	09.58 बजे से
बुध	धनु में	मेष	11.29 बजे से
गुरु	मेष में	वृष	13.09 बजे से
शुक्र	वृश्चिक में	मिथुन	15.07 बजे से
शनि	कुंभ में	कर्क	17.20 बजे से
राहु	मीन में	सिंह	19.36 बजे से
केतु	कन्या में	कन्या	21.48 बजे से
राहुकाल		तुला	23.59 बजे से
12.00 से 1.30 बजे तक		वृश्चिक	02.14 ब.से
		धनु	04.30 बजे से

बुधवार 2024 वर्ष का 17 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** शिशिर।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास पौष **पक्ष** शुक्ल
तिथि सप्तमी 22.07 बजे को समाप्त।
नक्षत्र रेवती 03.34 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शिव 17.13 बजे को समाप्त। **करण** गर 10.59 बजे तदनन्तर वणिज 22.07 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 5.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 20° 53'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871861
जूलियन दिन 2460326.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना रज्जब
तारीख 05
विशेष गुरु गोबिंद सिंह जयंती।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 8009

■	1		2	■	3			4
5	■	■	6			■	■	
	■	7		■	8	9	■	
10	11				■	12	13	
■		■		■	14	■	■	
15		16	■	17		18		19
	■	20	21	■	22		■	
	■	■	23			■	■	
24				■	25			

बाएँ से दाएँ

1. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
3. रहस्य का ज्ञाता-4
6. खुशबू, सुगंध-3
7. सौ, सैकड़ा, शतक-2
8. दुलारा, लाड़ला-2
10. नाम रखना-5
12. दाम, मूल्य, दर-3
15. अग्नि, आग-3
17. सम्मान देना -2,3
20. जन्नत, अप्सरा-2
22. दाम, कीमत-2
23. स्थान-3
24. अचरज भरा कार्य-4
25. गागर, घड़ा-3

ऊपर से नीचे

2. न्यूनता, कमी-5
3. अटक-अटक कर बोलने वाला-3
4. आवश्यकता-4
5. राजी करना, मान मनुहार करना-3
7. वहम, संदेह-2
9. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
11. मैला, दागदार-3
13. धोखेबाज, कपटी-3
14. मन मोहने वाला-5
15. अशांति फैलाने वाला, उपद्रवी-4
16. रक्त, खून-2
18. आनेवाला दिन-2
19. नृत्य करना-3
21. चांदी-3

शब्द पहेली -8008 का हल

■	ल	ह	र	■	क	ल	ह	■
श	व	■	ह	■	मी	■	क	म
री	■	ह	म	ग	न	■	■	ह
फ	की	र	■	ही	■	व	ह	ल
■	■	द	ल	■	कै	द	■	■
स	न	म	■	ग	■	ना	र	द
ली	■	■	स	त	ना	म	■	म
का	न	■	र	■	वि	■	जा	न
■	त	र	ल	■	क	हा	र	■

आज का राशिफल

मेष राशि : किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

वृष राशि : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

मिथुन राशि : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

कर्क राशि : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

सिंह राशि : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

कन्या राशि : स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

तुला राशि : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

वृश्चिक राशि : स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

धनु राशि : शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

मकर राशि : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

कुंभ राशि : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

मीन राशि : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

"Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

प्रधानमंत्री ने संत तिरुवल्लुवर को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तिरुवल्लुवर दिवस पर संत तिरुवल्लुवर को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि आज हम तिरुवल्लुवर दिवस मनाते हैं, उस महान तमिल संत की याद में, जिनका तिरुक्कुरल में गहन ज्ञान हमें जीवन के कई पहलुओं में मार्गदर्शन करता है। उनकी शाश्वत शिक्षाएं समाज को सद्भाव और अखंडता पर ध्यान केंद्रित करने, सद्भाव और समझ की दुनिया को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती हैं।

ट्रम्प आयोवा कॉकस जीतने को तैयार

वाशिंगटन। अमेरिका के दो बार महाभियोग झेल चुके पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आयोवा राज्य में आयोजित पहली प्राइमरी में भारी जीत के साथ रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के नामांकन को जीतने के लिए कदम बढ़ाने को तैयार हैं। आशा के अनुरूप ट्रम्प को आयोवा कॉकस जीतने का अनुमान है। सीएनएन ने एक सर्वेक्षण में उनकी जीत का अनुमान लगाया है। आयोवा कॉकस अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया की एक अनूठी विशेषता है। राज्य इस प्रक्रिया में मतदान करने वाला पहला राज्य है। ट्रम्प की जीत नामांकन पर उनके दावे को आगे बढ़ाती है, लेकिन इसकी गारंटी नहीं देती है। पूर्व राष्ट्रपति 93 आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं और 2024 में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य ठहराए जाने का जोखिम है। दो राज्यों ने पहले ही उन्हें राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की सूची से बाहर कर दिया है।

पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास जंगल की आग से बारूदी सुरंग में विस्फोट

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास जंगल में आग लगने से कई बारूदी सुरंगों में विस्फोट हो गया। रिपोर्टों में कहा गया है कि जिले के मेंढर और बालाकोट इलाकों में जंगल की आग पिछले दो से तीन दिनों से जारी है। एलओसी के करीब इन आग की वजह से इन इलाकों में कई बारूदी सुरंगों में विस्फोट हुआ है।

आईडीएफ ने गाजा में 100 रॉकेट इंस्टॉलेशन का खुलासा किया

तेल अवीव। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि उसने गाजा में हमास के गढ़ से लगभग 100 रॉकेट इंस्टॉलेशन का खुलासा किया है। आईडीएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तरी गाजा के बेत लाहिया शहर में 401वीं ब्रिगेड कॉम्बैट टीम को रॉकेट इंस्टॉलेशन और 60 रेडी-टू-यूज रॉकेट मिले, जहां सैनिकों ने परिचालन गतिविधि के दौरान दर्जनों आतंकवादी गुर्गों को ढेर किया।

निजामुद्दीन दरगाह के पास अनधिकृत निर्माण पर लगी रोक

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों को केंद्र संरक्षित निजामुद्दीन दरगाह और बावली के पास एक अनधिकृत गेस्ट हाउस में किसी भी निर्माण को रोकने का निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने अनधिकृत निर्माण पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि इसकी जांच सीबीआई से भी कराई जा सकती है। अदालत का निर्देश जामिया अरबिया निजामिया वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी द्वारा दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान आया।

अब भव्य मंदिर के साथ ही नव्य अयोध्या के भी दर्शन कराएगी रामनगरी

एजेंसी। अयोध्या

भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। साथ ही अयोध्या भी सजकर तैयार हो रही है। जिन लोगों ने कई वर्ष पूर्व अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए होंगे, वो जब नव्य दिव्य मंदिर में भगवान के नए विग्रह के दर्शन करने को आएंगे तो नव्य अयोध्या को देखकर विस्मित हो जाएंगे। सुंदर प्रवेश द्वार, रोड पर चमचमाते सूर्य स्तंभ, म्यूरल पेंटिंग, साफ सुथरी और चौड़ी सड़कें, स्वच्छ और निर्मल सरयू, सुंदर तट, राम की पैड़ी की अलौकिक आभा, एक ही पैटर्न पर बनाई गई दुकानें नई अयोध्या के दर्शन कराएगी।

हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं को यहां धरातल पर उतारा गया है, जिसके बाद यह नगरी श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार है। अयोध्या नगरी में घुसते ही साफ सुथरी पक्की सड़क श्रद्धालुओं का स्वागत कर रही है। सड़क के बीच में लगे सूर्य स्तंभ, रात के अंधेरे में रामनगरी की सुंदरता को दुगुना बढ़ा रहे हैं। प्रवेश द्वार देखकर ही इस बात का एहसास हो जाता है कि आप किसी दिव्य नगरी में प्रवेश कर रहे हैं। पूरे रास्ते आपको दीवारों पर भगवान राम से जुड़ी अदभुत वॉल पेंटिंग देखने को मिलेगी जो आपको श्रद्धा से सराबोर कर देगी। सरयू नदी और यहां के घाटों का कायाकल्प कर दिया गया है। करोड़ों रुपए खर्च कर योगी सरकार ने यहां नदी की स्वच्छता के साथ ही साफ सुथरे घाटों का निर्माण करवाया है। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि 12 महीने सरयू का जल घाटों पर बना रहे। इसके लिए एक्सपर्ट की टीम लगी हुई है। नदी की स्वच्छता और निर्मलता इतनी है कि किसी भी घाट पर स्नान किया जा सकता है।

प्रतिदिन होने वाली सरयू आरती ने घाटों की पवित्रता को भी सुनिश्चित करने का काम किया है। अब सरकार इस पर क्रूज और बोट भी चलाने जा रही है जो श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी अलौकिक बना देगा।

एक अधिकारी ने बताया कि सरयू घाट से राम लला के मंदिर जाने वाले चौराहे में बड़ी सी वीणा लगी हुई है। इसे लता मंगेशकर चौक या वीणा चौक भी कहा जाता है। अयोध्या के विकास के क्रम में डबल इंजन की सरकार ने इसकी स्थापना की है। आजकल ये चौक अयोध्या का केंद्र बिंदु बना हुआ है। यहां शासन और प्रशासन के अधिकारियों के साथ साथ नेशनल और इंटरनेशनल मीडिया का भारी जमावड़ा है।

सैंकड़ों यूट्यूबर, रील्स मेकर यहां अपने कैमरों के साथ शूट करते दिख जाएंगे। विशिष्ट अतिथियों के साथ ही आम लोग भी यहां वीणा के साथ सेल्फी लेने के लिए आतुर दिखाई देते हैं।

इसके अलावा इस समय यहां विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित हो रही हैं। जैसे ललित कला विभाग के छात्र यहां से लेकर राम मंदिर तक सड़क पर रंगोली बना रहे हैं। चौराहे के आस पास चाय-नाश्ते की दुकानों के कारण यहां भारी चहल पहल है।

अयोध्या निवासी रमेश कश्यप कहते हैं कि राम की पैड़ी पुरातन अयोध्या के साथ ही नव्य अयोध्या के वैभव का भी सबसे अहम पड़ाव है। यह श्रद्धा का केंद्र तो है ही, साथ ही नदी किनारे सुकून से परिवार संग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखते हुए वक्त बिताने का मनोरम स्पॉट भी है। यहां आर्टिफिशियल चैनल के जरिए सरयू नदी का पानी लाया गया है तथा यह हेरिटेज सिटी के तौर पर अयोध्या के खोए वैभव को साकार करने की दिशा में सकारात्मक माध्यम बनकर उभरी है।

यूपी सरकार ने 105.65 करोड़ रुपए के विभिन्न जीर्णोद्धार और विकास कार्यों को पूरा कर नव्य आभा और भव्य स्वरूप से राम की पैड़ी को सुशोभित किया है। राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक शृंखला है।



कन्नड़ में शिवश्री स्कंदप्रसाद की प्रस्तुति प्रभु राम के प्रति समर्पण की भावना को व्यक्त करती है : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कन्नड़ में शिवश्री स्कंदप्रसाद की प्रस्तुति प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति की भावना को आकर्षक रूप से व्यक्त करती है। मोदी ने शिवश्री स्कंदप्रसाद द्वारा कन्नड़ में गाए गए प्रभु श्रीराम के भजन वीडियो को एक्स पोस्ट में साझा करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में काफी सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कन्नड़ में शिवश्री स्कंदप्रसाद की यह प्रस्तुति प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति की भावना को

काशी के शिल्पकार ने सोने, चांदी और हीरे से बनाई श्रीराम मंदिर की अनुकृति

एजेंसी। वाराणसी

22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देश पूरा राममय होने लगा है। ऐसे में भोले की नगरी कहे जाने वाली काशी भला कैसे पीछे रह सकती है। यहां के गुलाबी मीनाकारी के राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित हस्तशिल्पी वाराणसी के कुंज बिहारी ने सोने, चांदी और डायमंड से 108 दिनों की मेहनत से श्री राम मंदिर की रेप्लिका बनाई है। जीआई और ओडीओपी उत्पादों में शुमार गुलाबी मीनाकारी की चमक पूरी दुनिया में है। वाराणसी के गाय घाट निवासी नेशनल अवॉर्डी शिल्पकार कुंज बिहारी का दावा है कि पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्रीराम मंदिर की अनुकृति बनाई गई है। इसको बनाने में 108 दिन का समय लगा है। गुलाबी मीनाकारी में सोने और चांदी का प्रयोग किया जाता है। राम मंदिर की अनुकृति लगभग 2.5 किलो की है जो 12 इंच ऊंची, 8 इंच चौड़ी और 12 इंच लम्बी है। इसमें सोना, करीब डेढ़ किलो चांदी और अनकट डायमंड शिखर पर लगाया गया है। प्रभु राम के मंदिर

की अनुकृति 108 पार्ट्स से निर्मित किया गया है। मंदिर की रेप्लिका में रामलला की सोने की मूर्ति भी है। उन्होंने बताया कि इस अनुकृति को बनाने में श्री राम की कृपा रही है। पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्री राम मंदिर बनाने की जब कोशिश की जा रही थी, तब वह पहले तो आकार ही नहीं ले पा रही थी, मगर जब प्रभु श्रीराम का नाम लेकर तथा उनके भजन सुनते हुए काम शुरू किया गया तो देखते ही देखते गुलाबी मीनाकारी से मंदिर ने अपना स्वरूप ले लिया। उन्होंने बताया कि मोदी व योगी के प्रयासों से आज गुलाबी मीनाकारी को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल गई है। इसलिए इस नायब हुनर को मोदी और योगी के माध्यम से श्री राम मंदिर को समर्पित करना चाहते हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी के शिल्पियों के हुनर का बेजोड़ नमूना गुलाबी मीनाकारी के उत्पाद उपहार में देते रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरीस, ऑस्ट्रेलिया के पीएम स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री और फ्रांस के मैनुअल माइक्रोन की पत्नी को भी जीआई प्रोडक्ट के अनोखे तोहफे दे चुके हैं। मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी को योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से पंख लग गया है। अब ये उत्पाद लोकल टू ग्लोबल हो गया है। गुलाबी मीनाकारी की चमक विदेशों

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एक पॉलिटिकल इवेंट कांग्रेस नहीं होगी शामिल : राहुल

एजेंसी। कोहिमा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 'एक चुनावी और राजनीतिक समारोह' है, इसीलिए कांग्रेस ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा (बीजेएनवाई) अब नागालैंड पहुंच गई है। इसमें हिस्सा ले रहे कांग्रेस नेता ने कहा कि अयोध्या में कार्यक्रम राजनीतिक है। यह आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा, "हमारे (कांग्रेस) लिए 22 जनवरी के समारोह में शामिल होना मुश्किल है। यह मोदी का कार्यक्रम है। वे (भाजपा) धार्मिक कार्यक्रमों को हमेशा चुनावी बना देते हैं। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और हमारे लिए सभी धर्म एक समान हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष हिंदू धार्मिक नेता भी 22 जनवरी के समारोह पर सवाल उठा रहे हैं। इसे राजनीति और आगामी लोकसभा चुनाव के साथ जोड़ दिया गया है। इंडिया ब्लॉक

की विचारधारा के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने कहा, हम विभाजित भारत नहीं चाहते। हम बिना नफरत वाला अखंड भारत चाहते हैं। दलित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की भी उपेक्षा नहीं की जाएगी। शासन में उनकी भूमिका को उचित महत्व मिलेगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में, कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के साझेदारों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अच्छी तरीके से चल रही है। इंडिया ब्लॉक की स्थिति बहुत अच्छी है। मेरा मानना है कि सब कुछ आसानी से सुलझ जाएगा। कुछ मुद्दे हैं लेकिन ज्यादातर जगहों पर समस्या नहीं हैं। मीडिया कुछ मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। इंडिया गुट के साझेदारों के बीच परस्पर सम्मान है।" राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन तैयार हो रहा है और यह 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी से मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से काम करेगा। लंबे समय से लंबित नागा राजनीतिक मुद्दे के बारे में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ साल पहले कुछ प्रतिबद्धताएं दी थीं लेकिन वे अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि अगर आगामी चुनावों में इंडिया ब्लॉक सत्ता में आता है, तो वह ठोस बातचीत और आपसी समझ के जरिए नागा राजनीतिक मुद्दे को सुलझाने की कोशिश करेगा।

बीते पांच वर्ष में कृषि बजट के एक लाख करोड़ रुपये नहीं हुए खर्च : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बीते पांच वर्षों में कृषि बजट का एक लाख करोड़ रुपये केन्द्र सरकार ने खर्च ही नहीं किया गया जबकि इस राशि से किसानों के हित में अनेक कार्य किए जा सकते थे। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेन्द्र हुड्डा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया है कि मोदी सरकार ने 5 साल में कृषि बजट का एक लाख करोड़ रुपये से अधिक सरेंडर कर दिया है। यह पैसा किसानों के हित में खर्च ही नहीं किया गया।

शर्मिला आंध्र प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष नियुक्त

अमरावती। कांग्रेस ने मंगलवार को वाई.एस. शर्मिला को पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। उनके लिए गिदुगु रुद्र राजू ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के ठीक एक दिन बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शर्मिला को आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया। खड़गे ने रुद्र राजू को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है। शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की बहन और पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी हैं। उन्होंने 4 जनवरी को वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) का कांग्रेस पार्टी में विलय किया था। शर्मिला ने एपीसीसी के अध्यक्ष पद पर भरोसा करने के लिए खड़गे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और के.सी. वेणुगोपाल को धन्यवाद दिया।

'जनता के दरवाजे तक पहुंच रहा सरकारी योजनाओं का लाभ'

एजेंसी। लखनऊ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि जनता के दरवाजे तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है। कोई परिवार ऐसा नहीं होगा जिसे किसी न किसी योजना का लाभ ना मिला हो। राजनाथ सिंह लखनऊ के सीतापुर रोड स्थित मान लॉन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पहले भारत को कमजोर माना जाता था। कहा जाता था कि ये गरीबों का देश है। अब भारत को मजबूत और ताकतवर देश माना जाता है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाना चाहिए। अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के लोगों से प्रश्न करते हुए राजनाथ ने कहा कि मैं जो कुछ कर सकता था, उसे लखनऊ के लोगों के लिए किया है। मेरे काम से आप लोग संतुष्ट हैं या नहीं हैं। आप सभी लोग मुझे बताइये। ये देश मजबूत रहेगा और देशवासी मजबूत रहेंगे तो हम भी मजबूत रहेंगे। रक्षामंत्री ने कहा कि मोदी जब प्रधानमंत्री बने थे तब अर्थव्यवस्था के मामले में भारत 10वें स्थान पर था। अर्थव्यवस्था के मामले में भारत अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। राजनाथ ने कहा कि देश-दुनिया के अर्थशास्त्री पूछते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी क्या करिश्मा करते हैं। वो दिन दूर नहीं है, जब भारत टॉप थ्री देशों

हिंसा के बीच इक्वाडोर की जेल से 48 कैदी भागे

क्विटो। इक्वाडोर में 8 जनवरी को घोषित आंतरिक सशस्त्र संघर्ष के बीच देश के उत्तरी शहर एस्मेराल्डास की एक जेल से कम से कम 48 कैदी भाग गए। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सोमवार को नेशनल सर्विस ऑफ इंटीग्रल अटेंशन टू एडल्ट्स डिप्राइव्ड ऑफ लिबर्टी एंड एडोलसेंट ऑफेंडर्स (एसएनएआई) के हवाले से कहा, "भागने के सबूत रविवार को तब मिले जब राष्ट्रीय पुलिस और सशस्त्र बलों ने जेल में तलाशी अभियान चलाया।" एसएनएआई ने बताया कि पांच कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया।

आरएसएस, भाजपा की विचारधारा पर चल रही है 'आप' : औवैसी

एजेंसी। हैदराबाद

एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने दिल्ली के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा आयोजित करने के निर्णय के लिए 'आप' की आलोचना की है और कहा है कि वह आरएसएस और भाजपा की विचारधारा का पालन कर रही है। हर महीने के पहले मंगलवार को दिल्ली के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करने के 'आप' के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, हैदराबाद के सांसद ने दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी को 'आरएसएस का छोटा रिचार्ज' करार दिया। 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में, ओवैसी ने हैरानी जतायी कि क्या 'आप' ने 22 जनवरी के कार्यक्रम के चलते यह निर्णय लिया है। वह अयोध्या में राम मंदिर के निर्धारित उद्घाटन का जिक्र कर रहे थे। ओवैसी ने याद दिलाया कि 'आप' नेताओं ने बिलकिस बानो के मुद्दे पर चुप्पी साध ली थी और कहा था कि वे केवल शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बात करना चाहते हैं। उन्होंने पूछा, "सुंदरकांड पाठ शिक्षा का पाठ है या स्वास्थ्य का?" उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप' संघ के एजेंडे को पूरा समर्थन दे रही है। ओवैसी ने लिखा, "वे नहीं चाहते कि हम बाबरी (मस्जिद) के बारे में बात करें लेकिन वे न्याय, प्रेम, फलां-फलां का ढोल पीटते रहते हैं और साथ ही हिंदुत्व को मजबूत करते रहते हैं।'

दावोस में महाराष्ट्र को प्रदर्शित करने का एक बड़ा मौका : एकनाथ शिंदे

एजेंसी। मुंबई

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि दावोस विश्व आर्थिक मंच की बैठक दुनिया भर की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में वैश्विक स्तर पर 'महाराष्ट्र को प्रदर्शित करने का एक बड़ा मौका' होगा। दावोस की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले मीडिया से बातचीत करते हुए शिंदे ने कहा, यह एक बड़ा अवसर है, महाराष्ट्र को डब्ल्यूईएफ में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग और प्रदर्शन का मौका मिलेगा, जहां दुनिया भर के प्रमुख लोग और सरकारों के प्रमुख आएंगे। महाराष्ट्र में निवेश करने वालों की इच्छा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि राज्य बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और कुशल

जनशक्ति के रूप में एक बड़ी क्षमता प्रदान करता है। शिंदे ने कहा, इस बार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे और उनका रूपांतरण भी होगा। पिछले साल, राज्य ने 1.37 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए और लगभग 76 प्रतिशत कार्यान्वित किए गए हैं, और 2024 में, मुख्यमंत्री की नजर महाराष्ट्र के सभी क्षेत्रों और जिलों में 3.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर है। शिंदे ने दावा किया कि उनके शासन संभालने से पहले, राज्य देश में तीसरे या चौथे स्थान पर आ गया था, लेकिन उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद, राज्य ने एफडीआई को आकर्षित करने में अपना नंबर एक स्थान फिर से हासिल कर लिया। प्रधानमंत्री का 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना महाराष्ट्र से होकर गुजरता है। हमने राज्य के लिए 1 ट्रिलियन रुपये का लक्ष्य रखा है। दावोस मीट में, शिंदे ने विभिन्न डब्ल्यूईएफ कार्यक्रमों के अलावा शीर्ष भारतीय और वैश्विक कॉर्पोरेट दिग्गजों, राजनयिकों, विश्व नेताओं और सेमिनार में भाग लेने वाले अन्य लोगों के साथ बैठकों का एक प्रभावशाली

फिल्म जगत

राष्ट्रीय पुरस्कार मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा : पंकज त्रिपाठी

बॉलीवुड में पंकज त्रिपाठी को एक बहुमुखी अभिनेता के रूप में जाना जाता है। पंकज त्रिपाठी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों के मन में खास जगह बनाई है। हाल ही में एक इंटरव्यू में पंकज त्रिपाठी ने अपनी मां को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पंकज त्रिपाठी ने कहा, मेरी मां को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि मैं क्या करता हूं। एक दिन वह मुझे बता रही थी कि घर पर कोई मेरे बारे में पूछने आया था। उन्हें नहीं पता था कि मैं इतना लोकप्रिय हूं। मेरी मां पिछले कुछ दिनों से मेरे साथ मुंबई में रह रही थीं, लेकिन वह हर दिन मुझसे गांव वापस जाने के लिए जिद करती रहती थी। वह सादा जीवन जीने की आदी हैं और उन्हें ऐसा ही रहना पसंद है। फिल्म मिमी के लिए पंकज त्रिपाठी को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इस अवॉर्ड को पाने के बाद उन्होंने अपनी भावनाओं के बारे में खुलासा किया है। पंकज त्रिपाठी ने कहा, राष्ट्रीय पुरस्कार मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा था। यह एकमात्र सफलता थी जिसे मैं हमेशा हासिल करना चाहता था। जब मैं नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में था तब आशीष विद्यार्थी ने यह पुरस्कार जीता था। इसके बाद पिंजरा के लिए मनोज ने ये अवॉर्ड जीता। तब से मैं सोच रहा था कि मैं यह पुरस्कार कब जीतूंगा।

लक्ष्य सही हो तो संसाधन भी मिल जाते हैं, तभी विकास संभव है : जयंत सिन्हा

दिव्यांगों के बीच सांसद ने बांटा ट्राई साइकिल, जरूरतमंदों को दिया कंबल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लक्ष्य सही हो तो संसाधन भी मिल जाते हैं। तभी जनहित का कार्य संभव हो पता है। यह बात मंगलवार को रामगढ़ शहर के ब्लॉक कार्यालय के पास एक समारोह में सांसद जयंत सिन्हा ने कही। इस समारोह में उन्होंने 10 दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल और 500 जरूरतमंदों कोई भी कंबल का वितरण किया। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हमारा लक्ष्य जनहित, देशहित और समाजहित है।

हजारीबाग में बनकर तैयार हो गया अक्षय पात्र

सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि राज्य का पहला अक्षय पत्र हजारीबाग में बनकर तैयार हो गया है। उद्घाटन 19 जनवरी को राज्यपाल के कर कमल से होगा। उन्होंने बताया कि इस अक्षय पत्र से जिले की एक लाख बच्चों को पोषण आहार मिलेगा। विद्यालयों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार 6. 20 रुपए राज्य सरकार को देती है।

हर सुख-दुख में शामिल रहते हैं जयंत

भाजपा नेता प्रकाश मिश्रा ने कहा सांसद हमेशा जनता के सुख-दुख में शामिल रहते हैं। यह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का ही आशीर्वाद है कि उन्हें सांसद महारत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने सांसद महारत्न पुरस्कार से जयंत सिन्हा के नाम की घोषणा पर भाजपा के कार्यकर्ताओं की तरफ से बधाई और शुभकामनाएं दी।

संक्षिप्त खबरें

झारखंड विधानसभा के अधिकारियों कर्मचारियों ने किया रक्तदान

रांची। झारखंड विधानसभा में मंगलवार को रिम्स ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्त जांच के प्रबंध भी किये गये थे। कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा के अधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान किया। इस दौरान स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया एवं रक्तदान करने वाले कर्मियों को रक्तदान से संबंधित प्रमाण पत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो रक्तदान के लिए मेडिकल रूप से फिट हैं, उन्हें समय अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से जरूरतमंदों के सहयोग के साथ शरीर को भी कई फायदे हैं। इस दौरान उनके साथ झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर भी उपस्थित थे। रक्तदान शिविर में रिम्स की डॉक्टर कविता देवघरिया, डॉक्टर ऊषा सरोज के अलावा तथा झारखंड विधानसभा औषधालय की मेडिकल टीम ने अहम भूमिका निभाई।

पीएलएफआई सुप्रीमो का सहयोगी फिर ईडी के तीन दिनों के रिमांड पर

रांची। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार की पांच दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद मंगलवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने फिर से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए तीन दिनों की रिमांड अवधि बढ़ने का आग्रह किया। इस पर ईडी के विशेष जज दिनेश राय की कोर्ट ने निवेश से पूछताछ के लिए तीन दिनों की रिमांड ईडी को प्रदान की। इससे पूर्व गत आठ जनवरी को ईडी ने कोर्ट के माध्यम से ईडी ने निवेश को मेमो ऑफ अरेस्टिंग दिया था। इसके बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया था। एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में 15 दिसंबर को छापेमारी की थी। इस दौरान एनआईए ने दो आरोपितों निवेश कुमार और सोनू पंडित उर्फ रमण को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली थी। इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं। एनआईए ने जिन आरोपितों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की, वे सभी झारखंड में पीएलएफआई के कैडर और समर्थक थे। वे हिंसक वारदातों और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। छापेमारी के दौरान दो पिस्तौल, कारतूस (7.86 मिमी) तीन लाख रुपये समेत अन्य सामान बरामद किए गये थे। एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पीएलएफआई के कैडर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में विभिन्न कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों और व्यापारियों से जबरन वसूली के माध्यम से धन जुटाने में शामिल थे।

दीया बाती के साथ सांसद संजय सेठ ने बांटे राम ध्वज

रांची। सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को अपने आवास पर 1000 लोगों के बीच दीय, बाती के साथ राम ध्वज का वितरण किया। सेठ ने कहा पूरे रांची लोकसड्डा में प्रत्येक पंचायत और वार्ड में 5 लाख दीया और रामध्वज का वितरण किया जाएगा जिसकी शुरूआत आज से की गई है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद ड्डागवान श्री राम का मंदिर बनकर तैयार है। पूरा ड्डारत ही नहीं पूरा विश्व 22 तारीख को राम मय होगा और पूरे देश में दीपावली के साथ रामनवमी मनाई जाएगी। लंबे इंतजार के बाद यह शुभ घड़ी आई है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों को जोड़ेगा : सुबोधकांत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक अध्यक्ष कुमार राजा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने पर चर्चा की गयी। बिहार क्लब में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय कहा ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों को एक साथ जोड़ने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। मणिपुर में ही दिख गया कि इस न्याय यात्रा में लाखों की संख्या में लोग शामिल हुए। वहां की जनता ने राहुल गांधी को सुना और विश्वास जताया कि हम आपके साथ हैं।

झारखंड में भी राहुल गांधी का 8 दिन का दौरा है। इससे झारखंड में युवाओं के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलेगा।

श्री सहाय ने कहा कि झारखंड में भी राहुल गांधी का 8 दिन का दौरा है। इससे झारखंड में युवाओं के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलेगा। ग्रामीण स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा कि यह न्याय यात्रा मणिपुर से आखिर क्यों शुरूआत की गई। इसको आप समझ सकते हैं कि राहुल गांधी मणिपुर की जनता से ज्यादा लगाव रखते हैं। गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने मणिपुर की जनता की समस्याओं को सुना।

उन्होंने दुखी और परेशान मणिपुर की जनता को हिम्मत देने का काम किया है। बैठक में झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कैसे सफल बनाया जाए इस पर चर्चा की गई है। इस यात्रा से झारखंड में पार्टी भी मजबूत होगी और आगामी लोकसभा चुनाव में फायदा मिलेगा। मौजूदा केंद्र में सरकार सिर्फ जनता को सपना दिखाने का काम कर रही है। लेकिन राहुल गांधी के आने से झारखंड में जनता के बीच एक पॉजिटिव मैसेज जाएगा।

सीएम ईडी को घर बुलाते हैं और उनके नेता धमकी देते हैं : प्रदीप वर्मा

पश्चिम बंगाल से भी ज्यादा भयावह स्थिति उत्पन्न कर सकती हेमंत सरकार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीव वर्मा ने मंगलवार को कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी अधिकारियों को पूछताछ के लिए अपने घर बुलाते हैं वहीं उनकी पार्टी के महासचिव ईडी अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं। कहा, बेहतर होगा मुख्यमंत्री कैबिनेट से यह निर्णय करा लें कि राज्य के किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए अधिकारी अपने ऑफिस में नही बुलाएं। अधिकारी पूछताछ के लिए घर जाएं। जब अपराध के लिए सजा सबके लिए बराबर है तो फिर कानूनी प्रक्रिया भी बराबर होनी चाहिए। वैसे झामुमो के बयान से साफ है कि मुख्यमंत्री के पास ईडी के सवालों का जवाब नहीं है। कहा कि ईडी ने बार बार बताया है कि आखिर मुख्यमंत्री को वह क्यों बुला रही है लेकिन वावजूद इसके झामुमो जनता को दिग्भ्रमित करने में जुटा है। कहा कि पूछे जाने वाले सवालों के संबंध में जिस प्रकार से झामुमो ने मखौल उड़ाया है यह झामुमो के दिवालियापन को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि झामुमो और उनके सहयोगी दलों को जनता का आक्रोश स्पष्ट दिखलाई पड़ रहा परंतु सत्ता के चश्मे में उन्हें यह नहीं दिखाई पड़ रहा कि यह उन्हीं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कौन सी ऐसी पूछताछ होती है जिसमे पहले से प्रश्न बता दिए जाते हैं। कोई इंटरव्यू लेने के लिए ईडी थोड़े बुला रही है। उसके पास जमीन की लूट के साक्ष्य होंगे। और पकड़े गए लोगो से कुछ कागजात मिले होंगे। तो फिर जो मुख्यमंत्री के स्तर की बात होगी वो तो उनके पार्टी के नेता नही न बता पाएंगे। कहा कि झामुमो नेता के धमकी भरे बयानों से स्पष्ट हो रहा है कि ये ईडी के अधिकारियों के साथ पश्चिम बंगाल में हुए वारदात से भी ज्यादा भयावह स्थिति उत्पन्न करने की कोशिश की जा रही है।

झामुमो महासचिव सुप्रियो के बयान पर भाजपा प्रदेश महामंत्री ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

चार वर्षो में राज्य महिला आयोग का गठन नहीं कर पाई हेमंत सरकार: लुईस मरांडी

रांची। पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने बीते चार वर्षों में काम तो कुछ नहीं किया है, बस काम गिनाने में लग जाती है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार समाज कल्याण विभाग में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका-सहायिका को किसी भी तरह का यूनिफार्म उपलब्ध नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार चार वर्षों में महिलाओं के लिए संवैधानिक सहारा बनने वाली संस्था महिला आयोग का गठन नहीं किया। डॉ मरांडी मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए कुपोषण को रघुवर सरकार में बहुत हद तक कंट्रोल किया गया था लेकिन आज कुपोषण दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। रघुवर दास की सरकार में पोषण सखी का नियुक्तियां हुई थी और वे सभी अपनी सेवाएं भी दे रही थी लेकिन जैसे ही हेमन्त सोरेन सरकार आयी उन्होंने पोषण सखी की नियुक्तियां को रद्द कर दिया। साथ ही जो काम कर रही थी उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। डॉ मरांडी ने कहा कि जिस तरह से हेमन्त सरकार महिलाओं के लिए बड़े वाद कर सत्ता में आई थी ठीक उसके उलट हेमंत सरकार काम कर रही है। रघुवर दास के समय मुख्यमंत्री सुकन्या योजना शुरू हुआ था उसे इस सरकार ने सिर्फ नाम बदलकर सावित्री बाई फुले योजना को शुरू कर वाहवाही लूटी रही है।

एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम और नियमावली कार्यान्वयन के लिए बैठक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम और नियमावली के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय निगरानी एवं अनुश्रवण समिति की बैठक, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए सामान्य निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ प्रभात कुमार, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रतिनिधि डॉ सोमा सिंह, लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा के नेहा तिर्की के प्रतिनिधि एवं संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

अधिनियम के अंतर्गत मुआवजा भुगतान करने की सहमति

बैठक में उपायुक्त ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम और नियमावली के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय निगरानी एवं अनुश्रवण समिति की बैठक करते हुए क्रमवार समीक्षा की गई। इसमें अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं निगरानी समिति के द्वारा कुल-75 प्रस्ताव पर निर्णय लेते हुए सभी मामलों पर एक-एक कर समीक्षा करते हुए अधिनियम के अंतर्गत मुआवजा भुगतान करने की सहमति प्रदान की गई। उपायुक्त ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति की क्रमवार बैठक करते हुए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (वित्तीय वर्ष-2023-24) में सिविल सर्जन, अनुशंसित लाभुकों की विवरणी के आधार जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसा किया गया, जिसमें अनुसूचित जनजाति कुल प्राप्त आवेदन- 69, अनुसूचित जाति कुल प्राप्त आवेदन-17, पिछडी जाति कुल प्राप्त आवेदन-108, टोटल-194 आवेदन है।

झारखंड में ट्रांसजेंडर्स के उत्थान के लिए किया जाएगा बोर्ड का गठन : कृपानंद झा

राज्य के 6850 केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में किया जायेगा विकसित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में ट्रांसजेंडर्स के उत्थान के लिये बोर्ड का गठन किया जायेगा। राज्य के प्रत्येक जिला में उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी का गठन होगा। वर्तमान में ट्रांसजेंडरों को ओबीसी-टू का दर्जा दिया गया है और विभाग उनके उत्थान के लिए एक समेकित योजना तैयार कर रहा है। यह जानकारी महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा ने सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय में पत्रकार वार्ता में दी। कृपानंद झा ने बताया कि विभागीय स्तर पर सामाजिक उत्थान की दिशा में मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर विभिन्न स्तर पर सामाजिक सुरक्षा के तहत कार्य किये जा रहे हैं।

देश की समृद्धि में किसान की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्यपाल

कृषि को बढ़ावा देने के लिए पीएम किसान सम्मान से मदद दी जा रही है

नवीन मेल संवाददाता। रांची



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि किसान समाज की रीढ़ हैं। किसान न सिर्फ अन्न उपलब्ध कराने में, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण ही हमें भोजन मिल पाता है। उनकी अमूल्य भूमिका के लिए हम सब उनके आभारी हैं। उनके सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। राज्यपाल मंगलवार को रांची के होटल रेडिसन ब्लू में एक दैनिक समाचार पत्र की ओर से आयोजित झारखंड किसान सम्मान 2024 कार्यक्रम में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु में आज किसान दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मैं किसानों के मध्य रहा करता था। संयोग से आज भी किसानों के मध्य रहने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसान अपने मेहनत एवं योगदान से देश की सेवा कर रहे हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने संस्कृति के बारे में पूछे जाने पर कहा था, मेरी संस्कृति कृषि है। कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री की ओर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सम्मान राशि दी जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को नए सिरे से परिभाषित किया है, जिसके कारण किसान लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर ही वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिलेट् ईयर घोषित किया गया है।

इससे किसानों को तो लाभ हो ही रहा है, लोगों का पोषण भी हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि समाचार पत्रों की यह अहम जिम्मेदारी है कि वे किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों, आधुनिक सिचाई प्रणाली एवं प्रौद्योगिकी इत्यादि की जानकारी प्रदान करें तथा सदैव उनके हित में खड़ा रहे। राज्यपाल ने 24 जिलों से आए 41 किसानों एवं बैंकर्स को सम्मानित किया।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

शहर थाना सन्हा सं0–25/2023 दिनांक 15.09.2023 के गुमशुदा 1. दुर्गावती देवी उम्र 20 वर्ष पिता स्व0 सरयु प्रजापति 2. दुर्गावती देवी का पुत्र मानवीक कुमार उम्र 02 वर्ष 3. दुर्गावती देवी की सहेली प्रिति कुमारी उम्र 21 वर्ष लापता/गुमशुदा हैं, इनके संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर :– 9431706240
थाना प्रभारी, शहर :– 9431333046

पुलिस अधीक्षक
पलामू

PR 316130 Police (23-24)_D

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

वीर बुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id-lohardagadaho@gmail.com

आम सूचना

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना (LHDCP) योजनान्तर्गत जिला में FMD बीमारी का रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु FMD Vaccination Program 2023-24 (Round 3) दिनांक 16.01.2024 से 31.03.2024 तक योग्य गोवंशीय पशुओं (गाय, बैल, बाछा, बाछी) एवं भैंसजाति के पशुओं (भैंस, पाडा, पाडी) में खुरहा–मुँहपका रोग से नियंत्रण हेतु निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जाना है।

खुरहा–मुँहपका (FMD) रोग मुख्यता गोवंशीय एवं भैंसजाति के पशुओं में होनेवाली एक गंभीर संक्रामक विषाणु जनित रोग है। इस रोग से आक्रांत पशुओं में तेज बुखार के साथ भूख न लगना, सुस्ती, मुँह से अत्याधिक लार का श्राव, मसूड़े एवं जीभ में छाले पड जाना, खुर में घाव होना, थन एवं बाट में फफोले, दुग्ध उत्पादन में अत्याधिक कमी गाभिन गायों/भैंसों में गर्भपात आदि बीमारी से बचाव हेतु पशुओं में टीकाकरण किया जाना है। टीकाकरण से पूर्व पशुओं को UID टैग से टैगिंग एवं Bharat Pashudhan App में निबंधन किया जाना है। टीकाकरण का कार्य निर्धारित समय–सीमा के अन्दर ही किया जाना है ।

अतः सभी पशुपालकों से आग्रह है कि प्राईवेट वेक्सीनेटरों द्वारा किये जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम में पशु स्वामी द्वारा अपना आधार नं0 एवं मोबाईल नं0 उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा ताकि टीकाकरण से पूर्व पशुओं को UID टैग से टैगिंग एवं Bharat Pashudhan App में निबंधन किया जाना है। टीकाकरण का कार्य निर्धारित समय–सीमा के अन्दर ही किया जाना है।

उक्त कार्य के लिए विभागीय कर्मी, पशुधन सहायक/प्रावैधिक सहायक/पारा भेट/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता/मैत्री/ पशु मित्र एवं अन्य इच्छुक युवक–युवक्तियों को प्रशिक्षण देकर कार्य में लगाया जाएगा। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा मानदेय निर्धारित की गई है।

जिला अन्तर्गत प्रखण्डों के विभिन्न ग्रामों में कार्य करने हेतु इच्छुक युवक–युवतियों अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से सर्म्पक करें। चयनित युवक–युवतियों को प्रशिक्षण देकर टीकाकरण एवं टैगिंग कार्य में लगाया जाएगा।

–: निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 316158 Lohardaga (23-24)_D

समाहरणालय, लातेहार (निर्वाचन शाखा)

लोकसभा/विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु निविदा आमंत्रण की "आम सूचना"

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित विडियोग्राफी/ फोटोग्राफी, CCTV/टेन्ट शामियाना लाईट एवं साउण्ड/मुद्रण सामग्री/कार्यालय उपयोगी सामग्री/ मतदान सामग्री/अल्पाहार भोजनादि/कम्प्यूटर, फोटोकॉपियर, प्रिंटर, डेस्कटॉप, कार्टिज इत्यादि के दर निर्धारण हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है। दिनांक 30.01.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक इच्छुक निविदादाता ई–निविदा समर्पित कर सकते हैं। प्राप्त ई–निविदा दिनांक 01.02.2024 को अपराह्न 12:30 बजे समाहरणालय सभागार, लातेहार में खोला जायेगा। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरणी एवं शर्तें http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लातेहार
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 316107 Election(23-24).D

न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

राजसात वाद संख्या–51/2023

नोटिस

बनाम्

श्रवण प्रसाद साहू, पे0–दशरथ साहू,
सा0–सेरक, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार
:– विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में हाईवा रजि0 नं0–JH01DK-1772 (वास्तविक रजि0 नं0–JH19C-6381) को राजसात से संबंधित वाद में दिनांक 09.01.2024 को सुनवाई के क्रम में आप अनुपस्थित पाये गए।

अतएवं सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.02.2024 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा अभिलेख में संलग्न दस्तावेज के आधार पर वाद में अंतिम निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 316114 District (23-24)_D

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के विजेताओं के नाम की हुई घोषणा

एजेंसी। नई दिल्ली

आस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस को हाल ही में दिसंबर महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के अवॉर्ड से नवाजा गया है। पैट कमिंस को पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके बाद उन्हें ये अवॉर्ड दिया गया है।

दिसंबर महीने में पाकिस्तान पर ऑस्ट्रेलिया की सफलता में पैट कमिंस का अहम हाथ रहा। पैट कमिंस के लिए साल 2023 काफी बेमिसाल रहा, जहां पहले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीती और टीम को विश्व कप का खिताब जिताया। पैट कमिंस ने ही नहीं, बल्कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने भी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीता है।

पैट कमिंस ने जीता दिसंबर महीने के लिए आईसीसी का खास अवॉर्ड : दरअसल, पैट कमिंस ने दिसंबर महीने के लिए आईसीसी का प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीता। पैट कमिंस ये अवॉर्ड जीतने वाले तीसरे कंगारू खिलाड़ी बने। नवंबर महीने में ट्रेविस हेड ने ये पुरस्कार जीता था। बता दें कि पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में खेली गई टेस्ट सीरीज में पैट कमिंस ने कुल 19 विकेट झटके थे। दूसरे टेस्ट में उन्होंने दोनों पारियों में फाइव विकेट हॉल लेकर पाकिस्तानी बल्लेबाजों की जमकर खबर ली। इस परफॉर्मेंस के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला था। वहीं, तीसरे टेस्ट में भी उन्होंने शानदार परफॉर्म किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीतने के बाद पैट कमिंस ने कहा कि यह सभी फॉर्मेट में ग्रुप के लिए एक शानदार साल रहा है और चुनौतीपूर्ण पाकिस्तान टीम के खिलाफ एक मजबूत प्रदर्शन के साथ सफलता के साथ 2023 को समाप्त करने का एक अच्छा तरीका था। कुल मिलाकर हम अब तक बहुत खुश हैं और वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड सीरीज की तरफ अब हमारा फोकस है।

दीप्ति शर्मा ने जीता आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड : भारतीय टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने दिसंबर महीने के लिए आईसीसी का प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीत लिया है। इस अवॉर्ड के लिए दीप्ति के अलावा उनकी साथी जेमिमा रोड्रिगस और जिम्बाब्वे के 41 साल की स्पिनर प्रशियस मारंगे को अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया था, लेकिन दीप्ति ने इन दोनों खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए आईसीसी का ये खास अवॉर्ड जीत लिया। बता दें कि दीप्ति ने घरेलू सीरीज में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट सीरीज खेली। इंग्लैंड के खिलाफ 347 रन की जीत में दीप्ति ने पहली पारी में 67 रन बनाए थे। इसके साथ ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर 5/7 का रहा। उनके शानदार परफॉर्मेंस के दम पर भारत को शानदार जीत दिलाई।

खबरें व्यापार जगत की

बिल्डर अग्रिम राशि 10 प्रतिशत से अधिक नहीं ले सकते : रेरा

एजेंसी। गुरुग्राम

रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने मंगलवार को कहा कि किसी भी प्रमोटर को अग्रिम भुगतान या आवेदन शुल्क के रूप में फ्लैट, प्लॉट या भवन की लागत का 10 प्रतिशत से ज्यादा स्वीकार नहीं करना चाहिए।

रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 13(1) और हरियाणा रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) नियम, 2017 के नियम 8(1) का पालन करते हुए प्राधिकरण द्वारा सभी संभावित और मौजूदा आवंटियों को रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए अग्रिम भुगतान या आवेदन शुल्क को नियंत्रित करने वाले नियमों के बारे में सूचित किया जाता है।

रेरा अधिनियम, 2016 के अनुसार, किसी भी प्रमोटर को किसी अपार्टमेंट, प्लॉट या भवन की बिक्री के लिए लिखित समझौते और उक्त समझौते के पंजीकरण के बिना उसकी लागत का 10 प्रतिशत से अधिक राशि स्वीकार नहीं करनी चाहिए।

बिक्री के समझौते में अधिनियम के तहत निर्धारित विभिन्न परियोजना विवरण, भुगतान विवरण, कब्जे की तारीखें और अन्य प्रासंगिक जानकारी निर्दिष्ट होनी चाहिए।

इसके अलावा, हरियाणा रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) नियम, 2017 के नियम 8(1) के अनुसार, बिक्री के लिए समझौता अनुबंध ₹एx के मुताबिक होगा, जिसे इस लिंक के माध्यम से देखा जा सकता है : हरियाणा रेरा नियम 2017।

इसमें कहा गया है कि सभी आवंटियों को आवासीय/वाणिज्यिक/औद्योगिक/आईटी/किसी अन्य उपयोग के लिए कोई इकाई/भूखंड/अपार्टमेंट खरीदते समय उपरोक्त नियमों का ध्यान रखने की सलाह दी जाती है।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार 43 हजार डॉलर के करीब पहुंचा बिटकॉइन

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से आज 5 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में और 4 गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। एक क्रिप्टो करेंसी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में पिछले एक सप्ताह से जारी गिरावट पर आज ब्रेक लगा है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा आज एक बार फिर 43 हजार डॉलर के करीब पहुंच गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 42,821.26 डॉलर यानी 35.59 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ उछल कर 2,529.22 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.36 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1.69 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 140.47 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 5,498 करोड़ डॉलर यानी 4.57 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 3.88 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.07 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 49.76 प्रतिशत हो गई है।

स्टार्टअप परिस्थितिकी तंत्र के मामले में गुजरात, केरल और कर्नाटक अव्वल



नई दिल्ली। देश में उभरते उद्यमियों के लिए स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के मामले में गुजरात, केरल तथा कर्नाटक सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य बनकर उभरे हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से जारी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में यह बात सामने आई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यहां राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022 जारी की। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि स्टार्टअप 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्टार्टअप और राज्य रैंकिंग पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए वाणिज्य मंत्री ने पिछले आठ वर्षों में स्टार्टअप क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि जो चीज कभी नवीनता थी, वह अब राष्ट्रीय मुख्यधारा का अभिन्न अंग बन गई है। डीपीआईआईटी की जारी इस रैंकिंग का मकसद राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने और एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं से सीखने में सहायता करना है। इसमें कुल 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। इन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले, नेतृत्व करने वाले, महत्वाकांक्षी नेतृत्व करने वाले और उभरते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने वालों की पांच श्रेणियों में बांटा गया है। इसके अलावा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनकी जनसंख्या के आकार के आधार पर मोटे तौर पर दो वर्गों में विभाजित किया गया है। इनमें एक करोड़ से अधिक आबादी वाले और एक करोड़ से कम जनसंख्या वाले राज्य शामिल हैं।

शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक

नई दिल्ली। लगातार 5 कारोबारी दिनों से जारी तेजी के सिलसिले पर मंगलवार को ब्रेक लग गया। आज शेयर बाजार सपाट स्तर पर खुला था। शुरूआती कारोबार में मामूली उतार-चढ़ाव के बाद खरीदारों ने कुछ देर तक लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, लेकिन दोपहर 12 बजे के कुछ देर पहले से बिकवाल के हावी होने पर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों पर लगातार दबाव बना रहा। इसी तरह हेल्थ केयर, रियल्टी और आईटी इंडेक्स में भी गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर मेटल, पीएसयू बैंक और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.43 प्रतिशत टूट कर आज के कारोबार का अंत किया।

पांच दिन बाद लाल निशान में बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

लियोनेल मेसी ने फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार बरकरार रखा

एजेंसी। लंदन

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने बैलन डी'ओर का ताज पहनने के दो महीने बाद सोमवार को यहां सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार बरकरार रखा है। 36 वर्षीय मेसी लंदन में आयोजित समारोह से अनुपस्थित थे जबकि पेप गार्डियोला, जिन्होंने बार्सिलोना में मेसी को प्रशिक्षित किया था, सर्वश्रेष्ठ कोच की ट्रॉफी लेने के लिए आए थे। स्पेन के गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सीजन में प्रीमियर लीग खिताब, एफए कप और पहली चैंपियंस लीग दिलाई।

इसके अलावा, इंग्लैंड की मैनेजर सरीना विगमैन को महिला सर्वश्रेष्ठ कोच का ताज पहनाया गया, जबकि स्पेन और बार्सिलोना की मिडफील्डर एताना बोनमती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बोनमती महिला बैलन डी'ओर का पुरस्कार भी जीत चुकी हैं।

मार्टा को उनके उत्कृष्ट करियर उपलब्धियों के लिए फीफा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 37 वर्षीय ब्राजीलियाई ने छह विश्व कप टूर्नामेंटों में 23 मैचों में 17 गोल किए हैं। उन्हें छह बार दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार भी मिल चुका है।

जर्मनी ने चेक गणराज्य को दी करारी शिकस्त, 10-0 से जीता मैच

एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मैच में मंगलवार का दिन काफी अहम रहा है। पहला मैच जर्मनी और चेक गणराज्य के बीच खेला गया। मैच में जर्मनी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जर्मनी ने एकतरफा मुकाबले में चेक रिपब्लिक को हरा दिया। जर्मनी के तरफ से 10 गोल दागे गए जबकि चेक गणराज्य की टीम एक गोल भी नहीं कर सकी। जर्मनी और चेक पब्लिक के बीच खेले गए मैच में जर्मनी लगातार चेक रिपब्लिक पर भारी रहा। जर्मनी ने पहला गोल मैच शुरू होते ही दाग दिया। पूरे मैच में जर्मनी चेक रिपब्लिक पर भारी रहा। पहले

गोल के तुरंत बाद तुरंत दूसरा गोल भी जर्मनी ने दाग दिया। हाफ टाइम से पहले ही जर्मनी 2-0 की बढ़त चेक रिपब्लिक से लिए हुए था। हाफ टाइम के बाद जब मैच शुरू हुआ उसके बाद जर्मनी को पेनाल्टी कार्नर भी मिल गया मिला, जिसके बाद जर्मनी ने तीसरा गोल दाग दिया। चेक गणराज्य से जर्मनी लगातार आगे रहा और जर्मनी ने अपना पांचवां गोल भी कर दिया। चेक गणराज्य को संभालने का भी मौका जर्मनी ने नहीं दिया, उसके बाद छठा गोल भी जर्मनी ने दाग दिया। इसी तरह एक के बाद एक कुल दस गोल जर्मनी ने किए और मैच को जीत लिया।

जापान ने चिली को 2-0 से हराया

रांची। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में मंगलवार को जापान ने चिली को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना लिया। पूल ए में जर्मनी के बाद जापान सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली दूसरी टीम बनी। जापान और चिली के खिलाफ मुकाबला खेला गया। जापान ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मुकाबले के एक मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर जीतकर चिली पर दबाव बना दिया। जापान की काना उराता ने पेनाल्टी को गोल में बदलकर जापान 1-0 से लीड दिला दी। जापान के लिए दूसरा गोल मियु हसेगवा ने किया।

ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर गोल्फ

अवनी प्रशांत 7वें स्थान पर संदीप यादव टॉप-10 में शामिल

मेलबर्न। अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए, प्रतिभाशाली भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अवनी प्रशांत ने प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर चैम्पियनशिप के पहले दौर के बाद एक अंडर 72 स्कोर के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं, जबकि लड़कों में, संदीप यादव एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं। यह इवेंट मेलबर्न के दो जगहों कीसबोरो गोल्फ क्लब और यारा यारा गोल्फ क्लब में खेला जा रहा है।

सीके नायडू क्रिकेट में झारखंड के 'क्रिस गेल' की आतिशी बल्लेबाजी

केवल चौके-छक्के से जुटाए

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आईपीएल के लिए गुजरात टाइटन्स टीम की ओर से हायर किये गये झारखंड के पहले आदिवासी क्रिकेटर रॉबिन मिंज ने सीके नायडू ट्रॉफी में अपनी आतिशी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया है। उन्होंने ओडिशा के संबलपुर स्थित वीर सुरेंद्र साई स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में मंगलवार को दोहरा शतक (201) ठोका।

सबसे खास बात यह है कि इस दोहरे शतक में 146 रन उन्होंने केवल चौके-छक्कों के जरिए जुटाए। रॉबिन मिंज ने 199 गेंद की अपनी पारी में 101.01 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 23 चौके और 9 छक्के लगाए।

ओडिशा के खिलाफ खेले जा रहे टूर्नामेंट के इस मैच में झारखंड ने अपनी पकड़ मजबूत

बना ली है। झारखंड ने 3 विकेट पर 287 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी। ओडिशा की टीम पहली पारी में 168 रन पर ही आउट हो गई थी। बता दें कि रॉबिन मिंज झारखंड के नक्सलवाद प्रभावित गुमला जिले के एक छोटे से गांव के एक आदिवासी परिवार से आते हैं। वह झारखंड के पहले आदिवासी प्लेयर हैं, जिसे इंटरनेशनल लेवल क्रिकेट लीग खेलने का मौका मिला है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

सुमित नागल ने वर्ल्ड नंबर 27 अलेक्जेंडर बलबिक को हराया

मेलबर्न। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में पहले दौर में अलेक्जेंडर बलबिक पर शानदार जीत हासिल करके अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। 26 वर्षीय भारतीय टेनिस खिलाड़ी, जिन्हें तीन साल पहले मेलबर्न पार्क में निराशा का सामना करना पड़ा था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। अलेक्जेंडर बलबिक का सामना करते हुए, दुनिया के 137वें नंबर के खिलाड़ी ने सटीकता और कौशल के साथ चुनौती का सामना किया और बलबिक को 6-4, 6-2, 7-6 (6-1) से शिकस्त दी। इस जीत ने न केवल नागल को अगले दौर में पहुंचा दिया, बल्कि ग्रैंड स्लैम में दूसरी बार, दूसरे दौर में प्रवेश किया।

पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में ग्रीन की वापसी

वेस्टइंडीज टीम में तीन नए खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी। एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज ने एडिलेड में होने वाले टेस्ट सीरीज के शुरूआती मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि कैमरून ग्रीन वापसी करेंगे और स्टीव स्मिथ अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करते हुए बल्लेबाजी की शुरूआत करेंगे। स्मिथ की भूमिका में बदलाव तब आया जब उन्होंने ओपनिंग करने की इच्छा जाहिर की। जिससे वापसी करने वाले कैमरून ग्रीन नंबर 4 पर आ गए, जो पहले नंबर 6 स्थान पर थे। ग्रीन ने स्वीकार किया कि नंबर 6 पर थोड़ी सी जल्दबाजी महसूस हो रही है और अब वह नंबर 4 की स्थिति को पुनः प्राप्त करने के लिए तैयार हैं।

दोनों टीमों की प्लेइंग XI इस प्रकार हैं

ऑस्ट्रेलिया : उस्मान ख्वाजा, स्टीवन स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस (कप्तान), नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

वेस्टइंडीज : क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), तेगनारायन चंद्रपॉल, किर्क मैकेंजी, एलिक अथानाजे, केवम हॉज, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ दा सिल्वा (विकेटकीपर), अल्जारी जोसेफ, केमर रोच, गुडाकेश मोटी, शमर जोसेफ।

राष्ट्रीय खेल आज से मंत्री हफीजुल हसन करेंगे उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2023-24 का उद्घाटन 17 जनवरी को राज्य सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन करेंगे। उद्घाटन समारोह में खेल निदेशक सुशांत गौरव, खेल सचिव मनोज कुमार, शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी भी शामिल होंगी।

इस बाबत रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मुख्य प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा, राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवेंदु दुबे, एसजीएफआई की क्षेत्र समन्वयक कनक चक्रधर, झारखंड फुटबॉल संघ के तकनीकी निदेशक नवीन सुंडी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर होगा उदघाटन समारोह : राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर होगा। समारोह में झारखंड के छऊ नृत्य और संथाली नृत्य की प्रस्तुति होगी। साथ ही ढोल वादन होगा। स्कूली बच्चे मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देंगे। योगासन के माध्यम से भारत की योग शक्ति का प्रदर्शन होगा। टीमों का स्वागत राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के पदाधिकारियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया जा रहा है। राज्य शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने बताया कि खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के लिए विभाग कृतसंकल्पित है।

कब कौन सी प्रतियोगिता होगी

खेल प्रतियोगिता 2023-24 के तहत 17 जनवरी से 21 जनवरी तक अंदर 14 बालक-बालिका वर्ग फुटबॉल, 8 से 12 फरवरी तक अंदर 14, 17, 19 बालक-बालिका वर्ग साइकिलिंग, 31 जनवरी से 4 फरवरी तक अंदर 14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो, 15 से 19 फरवरी तक अंदर 11, 14, 17, 19 बालक-बालिका वर्ग स्केटिंग, 24 से 28 जनवरी तक अंदर 17, 19 बालक बालिका वर्ग वुशु और अंदर 14 बालक वर्ग कबड्डी होगी।

प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम घोषित

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड के टीमों की घोषणा कर दी गई है। बालक टीम में बादल उरांव, सुजीत मुर्मू, सुरेश उरांव, शीतल विक्टर कंडुलना, मोहित हेंब्रम, अजय उरांव, निखिल कुमार महतो, आशीष कुजूर, शुभम कुमार, सेंगल शुकुल मुंडा, सत्यम महतो, विकास मुर्मू, रिदम राज, विजय मुर्मू , अनिकेश उरांव, ऋषि कुमार, रणधीर कुमार सोरेन, प्रवीण उरांव एवं दीपक कुमार यादव शामिल हैं।

बालिका टीम में माउटुशी मंडल, दीपिका कुमारी, बीना कुमारी, गौरी सिंह, सुनीता टुडू, सोनल मुंडा, उषा उरांव, रंजीता हेमब्रेम, मेरी हंसदा, आयुषी कुमारी, सूचिता ओरांव, प्रीती कुमारी, रीमा कुमारी, सिमरन कुमारी, अनुष्का कुमारी एवं राजनंदनी कुमारी शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

इगा स्विएटेक ने जीत के साथ की शुरूआत

मेलबर्न। विश्व की नंबर 1 महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने मंगलवार को रॉड लेवर एरेना में ऑस्ट्रेलियन ओपन के शुरूआती दौर में पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन को 7-6(2) 6-2 से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की।

प्रणय दूसरे दौर में, चोउ चेन को दी शिकस्त

इंडिया ओपन

एजेंसी। नई दिल्ली

दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मंगलवार को यहां केडी जाधव इंडोर हॉल में असाधारण बैडमिंटन कौशल का प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन पर सीधे गेम में शानदार जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। प्रणय ने 13वें स्थान पर मौजूद चेन को 42 मिनट तक चले मुकाबले में 21-6, 21-19 के स्कोर से हराया।

प्रणय ने मैच के बाद कहा पहले गेम में योजना बिल्कुल सही थी। मैं कोर्ट के पीछे से अच्छे शॉट लगा रहा था।

जीएमआर समूह ने योद्धाज जिम के साथ फिटनेस की दुनिया में रखा कदम

एजेंसी। हैदराबाद

जीएमआर ग्रुप के स्पोर्ट्स वर्टिकल जीएमआर स्पोर्ट्स ने मंगलवार को हैदराबाद में एक अद्वितीय अत्याधुनिक जिम, योद्धाज जिम के लॉन्च की घोषणा की। जीएमआर समूह, जो क्रिकेट, कबड्डी और खो-खो में अपनी विभिन्न टीमों के साथ-साथ अकादमियों के माध्यम से भारत में एक खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में अग्रणी है, ने अब योद्धाज जिम के साथ फिटनेस की दुनिया में कदम रखा है।

योद्धाज जिम के पीछे की प्रेरक शक्ति विश्व स्तरीय एथलीटों के प्रशिक्षण अनुभव को लोकतांत्रिक बनाने की आकांक्षा है, जिससे फिटनेस के प्रति उत्साही

और इच्छुक एथलीटों को उन समान स्तर की सुविधाओं और विशेषज्ञता तक पहुंचने का मौका मिले जिसने जीएमआर की खेल फ्रेंचाइजी को सबसे बड़े प्लेटफार्मों पर सफलता दिलायी है। योद्धाज जिम के लॉन्च पर जीएमआर लीग गेम्स के सीईओ पीकेएसवी सागर ने कहा हमें योद्धाज जिम की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जो सभी खेल और फिटनेस प्रेमियों को 360 डिग्री खेल पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हैदराबाद में खुलने वाला पहला योद्धाज जिम आने वाले महीनों में शहर और देश भर में कई और जिमों की शुरूआत है, और हमें उम्मीद है कि हम बिना किसी पूर्वाग्रह के सभी एथलीट और फिटनेस उत्साही लोगों को एक समग्र अनुभव प्रदान करेंगे।